*** शोधार्थी, शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला सतना (म.प्र.) भारत**
**** प्राध्यापक (अर्थशास्त्र) शासकीय कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय, जिला सतना (म.प्र.) भारत**

शोध सारांश – आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना भारत सरकार की एक महत्वकांक्षी योजना है जिसका उद्देश्य हर भारतीय नागरिक को स्वास्थ्य सेवाओं का नि:शुल्क लाभ मिले। पिछले कुछ दशकों में हमारे देश के विभिन्न स्वास्थ्य संकेतको में सुधार हुआ है जबकि जेब से होने वाला खर्च लाखों लोगों को गरीबी की स्थिति में लाता है। यह अभी भी चिंता का बड़ा विषय है इस समस्या को दूर करने और अस्पतालों में भर्ती होने वाले आबादी के कमजोर वर्गों को द्वितीयक और तृतीयक देखभाल प्रदान करने के लिए प्रतिवर्ष प्रति परिवार 5 लाख रुपये का स्वास्थ्य लाभ प्रदान करने के उद्देश्य वर्ष 2018 में आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना शुरू की गई जिसमें तत्कालीन राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना को शामिल कर लिया गया।

पैनलबद्ध अस्पतालों में निशुल्क और कागज रहित सेवाओं तक पहुंच के लिए इसके अंतर्गत करीब 10.74 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवार (लगभग 50 करोड लोग) इन लाभों के हकदार हैं। इसमें अस्पताल में भर्ती होने से पहले तीन दिन और अस्पताल से छुट्टी मिलने के बाद 15 दिन डायग्नोस्टिक और दावों के रूप में होने वाला खर्च शामिल है। परिवार का आकार, आयु या लिंग की कोई सीमा नहीं है ताकि लाभार्थी परिवारों के सभी सदस्यों को इसमें शामिल करना सुनिश्चित किया जा सके।

शब्द कुंजी– आयुष्मान भारत, वैश्विक स्वास्थ्य सेवा प्रणाली, जागरूकता, अपनी जेब से खर्च, सार्वजनिक वित्त पोषित स्वास्थ्य बीमा, सार्वभौमिक स्वास्थ्य ।

प्रस्तावना – सर्वप्रथम आयुष्मान भारत योजना को प्रधानमंत्री द्वारा 14 अप्रैल 2018 को भीमराव आम्बेडकर की जयंती के दिन झारखंड के रांची जिले से आरंभ किया और पूरे देश में 23 सितंबर 2018 को लागू किया गया था।

भारत सरकार की ओर से देश के आर्थिक रूप से कमजोर लोग (बी.पी.एल. कार्ड) धारक को अच्छी और अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं सुविधाएं प्रदान करने के लिए आयुष्मान भारत एवं प्रधानमंत्री आरोग्य भी योजना चलाई गई है। इस योजना के तहत निम्न वर्ग के व्यक्ति जो गरीब रेखा के नीचे आते है। उन्हें भारत सरकार द्वारा 5 लाख रूपये तक स्वास्थ्य लाभ मिलता है।

इस योजना का लाभ उठाने के लिए आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड बनवाना पड़ता है। इसको 'आभा कार्ड' के नाम से भी जाना जाता है। इस योजना का राष्ट्रीय स्वास्थ्य के द्वारा 2017 में प्रस्तावित किया गया और 21 मार्च 2018 को कैबिनेट द्वारा आयुष्मान भारत राष्ट्रीय सुरक्षा मिशन के रूप में मंजूरी दी।

अब यह योजना आयुष्मान भारत योजना या प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के नाम से लोकप्रिय है। इस योजना का अध्याय वाक्य है–

'कोई भी पीछे ना छूटे'

साथ ही इस योजना का लाभ पूरे देश में कहीं भी लिया जा सकता है। योजना की लागत केंद्र और राज्य सरकारों के बीच साक्षा की जाती है।

आयुष्मान भारत योजना की विशेषताएं

1. यह पूरे भारत में सर्वाधिक और निजी दोनों अस्पतालों में द्वितीयक और तृतीयक अस्पताल देखभाल के लिए प्रति परिवार प्रति वर्ष 5 लाख रुपये का लाभ प्रदान करता है।
2. इस योजना से 12 करोड़ से अधिक गरीब और कमजोर परिवार (लगभग 55 करोड लोग) को लाभ मिलेगा।
3. इससे लाभार्थियों को अस्पताल में सीधे नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्राप्त करने की सुविधा मिलती है।
4. इसमें अस्पताल में भर्ती होने से तीन दिन पहले और 15 दिन बाद तक का नि:शुल्क सेवा शामिल है। जिसमें निदान और दवाइयां शामिल है।
5. परिवार के आकार, आयु या लिंग पर कोई सीमा नहीं है तथा सभी पूर्व मौजूदा स्थितियों को पहले दिन से ही कवर किया जाता है।
6. यह योजना पोर्टेबल है अर्थात लाभार्थी भारत में किसी भी सूचीबद्ध अस्पताल में उपचार प्राप्त कर सकता है।
7. इसमें लगभग 1929 प्रक्रियाएं शामिल हैं जिनमें दवाओं, नैदानिक परीक्षणों, डॉक्टर की फीस, कमरे का शुल्क और आई.सी..यू. खर्चे जैसी लागत का ध्यान रखा जाता है।
8. सार्वजनिक अस्पतालों को उनकी सेवाओं के लिए निजी अस्पतालों के जैसे ही प्रतिपूर्ति की जाती है।
9. इस योजना में शामिल होने की पात्रता के लिए सामाजिक आर्थिक जाति जनगणना 2011 (SECC) का उपयोग किया गया है। ऐसे परिवार जो जनगणना के इस आंकड़े में शामिल नहीं है किंतु उन्हें

राष्ट्रीय स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत लाभ मिलता है। वो भी इस योजना में शामिल माने गये हैं। राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण (NHA) इस योजना को संचालित करने वाली प्रमुख योजना है।

उद्देश्य – केंद्र सरकार की महत्वाकांक्षी आयुष्मान भारत योजना ने न सिर्फ लाखों लोगों को प्रभावित किया है बल्कि इस योजना ने इलाज में खर्च होने वाले करोड़ों रूपये की भी बचत कराई है। मध्य प्रदेश में अब तक 3.61 करोड़ परिवारों को योजना का लाभ मिल चुका है। इस योजना में हर माह 60 से 70 प्रतिशत इलाज आयुष्मान कार्ड से होता है। ये एक प्रधानमंत्री जी की तरफ से बहुत बड़ी उपलब्धि है जिससे गरीब व निम्न वर्ग के नागरिकों को नि:शुल्क इलाज प्रधान कर रहे हैं। प्रदेश में 34 लाख 72 हजार 386 बुजुर्गों और 81 लाख 94 हजार 72 श्रमिकों के आयुष्मान कार्ड बनने थे लेकिन अब तक 14 लाख 25 हजार 397 कार्ड ही बन गए है।

मुख्य उद्देश्य और जीवन में बदलाव

1) सस्ती स्वास्थ्य सेवा : यह योजना आर्थिक रूप से वंचित परिवारों को सालाना 5 लाख रूपये तक का स्वास्थ्य सेवा प्रदान करती है। जिससे वे महंगी चिकित्सा प्रक्रियाओं का लाभ उठा सकते हैं।

2) वित्तीय बोझ में कमी आम : आम आदमी बीमारियों के कारण आने वाले भारी खर्चे से बचने की कोशिश करता है और इस पैसे का उपयोग अन्य जरूरतों पर कर सकते हैं जिससे वित्तीय कठिनाइयों का सामना करना न पड़े।

3) गुणवत्तापूर्ण उपचार : यह योजना निम्न परिवारों को तृतीयक और माध्यमिक स्तर के उपचार जैसे हृदय, किडनी और कैंसर के इलाज तक पहुंच प्रदान करती है जिससे उनके समग्र स्वास्थ्य में सुधार होता है।

4) स्वास्थ्य सेवाओं तक आसन पहुंच : योजना का लक्ष्य परिवारों को बिना किसी वित्तीय चिंता के गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं का उपयोग करने में सक्षम बनाना है।

5) शामिल और सामान स्वास्थ्य प्रणाली : यह समावेशी स्वास्थ्य प्रणाली के निर्माण की दिशा में एक बड़ा कदम है जिससे देश में सार्वजनिक स्वास्थ्य में दीर्घकालिक सुधार हो सकते हैं।

संक्षेप में, यह योजना मध्यप्रदेश के लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराकर उनके स्तर को सुधारने वित्तीय सुरक्षा और उन्हें एक स्वस्थ या खुशहाल जीवन जीने में मदद करने का एक प्रयास है।

शोध प्रविधि

1. प्रकार : विश्लेषणात्मक और वर्णनात्मक
2. स्त्रोत : प्राथमिक डेटा (सर्वेक्षण और इंटरव्यू)
3. द्वितीय डेटा : संसदीय रिपोर्ट, सरकारी अस्पतालों की जांच, शोध पत्र आदि
4. नमूना : 300 ग्रामीण और शहरी निम्न परिवारों (जो जिले के 5 गांव)
5. साधन : संरचित प्रश्नावली, फोकस समूह चर्चा, व्यक्ति का साक्षात्कार।

प्रस्तावित शोध प्रविधि में मध्यप्रदेश में प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत सतना जिला में शोध किया गया है तथा इस का विवरण ऊपर दर्शाया गया है।

लाभ :

1) चिकित्सा, परीक्षा, उपचार और परामर्श नि:शुल्क।
2) अस्पताल में भर्ती से पूर्ण खर्चा।
3) गैर-वाहन और गहन स्वास्थ्य सेवायें।
4) दवाइयां और चिकित्सा उपयोग।
5) नैदानिक और प्रयोगशाला में नि:शुल्क जांच।
6) अस्पताल में रहने/खाने का खर्च नि:शुल्क।
7) उपचार के दौरान उत्पन्न होने वाली जटिलताएं का निवारण।
8) अस्पताल में भर्ती होने के बाद 15 दिन तक देखभाल नि:शुल्क (सेवा) इत्यादि।

समस्या :

1) जागरूकता की कमी – कई लोगों को योजना और उसके लाभो के बारे में पर्याप्त जानकारी नहीं होती।

2) नामांकन प्रक्रिया में देरी – योजना के लिए नामांकन प्रक्रिया में देरी होना या उसमें अडचने आना एक चुनौती है।

3) सार्वजनिक स्वास्थ्य सेवाओं का कमजोर होना – सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली में आई कमियां या नाजुक स्थिति लाभार्थियों को बीमा के दायरे में लाने के लिए निजीकरण की ओर ले जा सकती है।

4) उच्च-स्तरीय सुविधाओं का प्रबंध – स्वास्थ्य और कल्याण केन्द्रों से लाभार्थियों को उच्च स्तरीय सुविधाये में रेफर करने के लिए उच्च-स्तरीय सुविधाओं को मजबूत करने की आवश्यकता है।

5) लागत और वित्तीय पहलू – कुछ लोगों का मानना है कि योजना के तहत स्वास्थ्य सेवाएं निजीकरण की ओर ले जा सकती है और सार्वजनिक वित्ता पोषण की भूमिका कम हो सकती है।

सुझाव :

1) जागरूकता बढ़ाना – योजना के बारे में लाभार्थियों और समुदाय के बीच में जागरूकता और जानकारी के स्थान में सुधार करना महत्वपूर्ण है।

2) नामांकन प्रक्रिया को सरल बनाना – लाभार्थियों को योजना का लाभ उठाने के लिए आसान और त्वरित प्रक्रिया प्रदान करनी चाहिए।

3) सार्वजनिक स्वास्थ्य प्रणाली को मजबूत करना – मौजूदा चिकित्सा बुनियादी ढांचे को मजबूत करना और सार्वजनिक प्रणाली में पर्याप्त निवेश करना आवश्यक है।

4) निजी क्षेत्र की भागीदारी का लाभ उठाना – निजी क्षेत्र में मौजूद अच्छी तरह से सुसज्जित अस्पतालों का प्रभावी ढंग से उपयोग किया जा सकता है और निजी क्षेत्र से अधिक भागीदारी को प्रोत्साहित किया जा सकता है।

5) नीतिगत सुधार : गुणवत्ता, समानता और स्थिरता सुनिश्चित करने के लिए नीतिगत सुधारो और मजबूत निगरानी की आवश्यकता है।

निष्कर्ष – अंत में निष्कर्ष के रूप में हम यह कह सकते हैं कि प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के तहत भारतीय नागरिकों को स्वास्थ्य सेवा के लिए नि:शुल्क सुविधा प्रदान की गई। जिसके द्वारा निम्न वर्ग के लोगों को खर्चा व कर्ज से मुक्ति मिल सके।

आयुष्मान भारत योजना के द्वारा इसने भारत में स्वास्थ्य सेवा पहुंचकर लाभार्थियों के जीवन में बहुत बदलाव लाया है। इसमें लाखों लोगों को वित्तीय सुरक्षा प्रदान हुई और सामाजिक, आर्थिक असमानताओं को काम किया गया है योजना ने दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं में से एक बनकर स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र को बदल दिया है। लेकिन जागरूकता, प्रशासनिक चुनौतियां और धोखाधड़ी की रोकथाम में अभी भी सुधार की आवश्यकता है।

सरकार द्वारा संचालित (आयुष्मान भारत योजना) स्वास्थ्य संबंधी योजनाएं:

1. राष्ट्रीय आयुष मिशन
2. राष्ट्रीय आरोग्य निधि
3. राष्ट्रीय ग्रामीण स्वास्थ्य मिशन
4. जननी शिशु सुरक्षा कार्यक्रम
5. मिशन इंद्रधनुष
6. प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना
7. निक्षय सुरक्षा योजना
8. राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन इत्यादि।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. स्वास्थ्य परिवार कल्याण मंत्रालय
2. भारत सरकार 'प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना' राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्राधिकरण से प्राप्त (2023)
3. वित्त मंत्रालय 'आर्थिक सर्वेक्षण 2022-23'
4. इंटरनेट
5. दैनिक भास्कर
6. कुरुक्षेत्र वर्ष 2023-24
7. हिंदुस्तान टाइम्स, पत्रिका
8. प्रतियोगिता दर्पण इत्यादि।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

कमार जनजाति की व्यवसाय उपभोग एवं जीवन स्तर पर उनका प्रभाव (धमतरी जिले के संदर्भ में)

डेकेश्वरी*

* शोधार्थी, पं.रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय,रायपुर (छ.ग.) भारत

सारांश:- प्रस्तुत अध्ययन 'कमार जनजाति की व्यवसाय उपभोग एवं जीवन स्तर पर उनका प्रभाव' (धमतरी जिले के संदर्भ में) के अध्ययन हेतु 256 कमार परिवारों का सॉलविन पद्धति द्वारा चयन किया गया जिसका उद्देश्य कमार परिवारों के आय एवं रोजगार की स्थिति का अध्ययन एवं कमार परिवारों के उपभोग की प्रवृत्ति का प्रभाव की जानकारी प्राप्त करना है। प्रत्यक्ष साक्षात्कार एवं अनुभव के आधार पर निष्कर्ष प्राप्त हुआ कि इनकी आर्थिक स्थिति बहुत पिछड़ी हुई है। निदर्श कमार परिवारों की लिंग संरचना के विश्लेषण से यह ज्ञात होत है कि कुल निदर्श कमार परिवार की सदस्य संख्या 988 है जिसमें पुरूष 470 एवं महिला 548 है यह स्पष्ट है कि कमार परिवारों में पुरूष की संख्या से महिलाओं की संख्या अधिक है। इसी प्रकार कमार परिवारों में कुल 402 व्यक्ति अशिक्षित है एवं कुल 586 व्यक्ति शिक्षित है। पुरूषों की तुलना में महिलाएं अधिक शिक्षित है। इसी प्रकार उच्च शिक्षा की सुविधा गांवों में नहीं होने के कारण बच्चे पढ़ने के लिए गांव से बाहर नहीं जा पाते है इस कारण शिक्षा स्तर में कमी आई है। कमार परिवारों में कार्यशील व्यक्ति की कुल जनसंख्या 593 है, जिसमें पुरूष 292 (19.24 प्रतिशत) एवं महिला 301 (50.76 प्रतिशत) है। कमार परिवारों के मकानो का अध्ययन किया गया जिसमें पक्का मकान,79 (30.9 प्रतिशत) कच्चे मकान, 30 (11.79 प्रतिशत), 140 (54.7 प्रतिशत) मिश्रित मकान है तथा 07 (2.7) प्रतिशत के पास झोपड़ी के मकान है। 17.19 प्रतिशत कमार परिवार भूमि प्राप्त कर्ता है बल्कि 82.81 प्रतिशत कमार भूमिहीन है। निदर्श कमार परिवारों में कृषि एवं वनोपज व्यवसाय 42 (16.4 प्रतिशत) परिवारों की आय का मुख्य स्त्रोत है। मजदूरी (63.6 प्रतिशत), नौकरी (1.56 प्रतिशत)एवं बांस सिल्फ (18.36 प्रतिशत) है इससे यह ज्ञात होता है कि मजदूरी एवं वनोपज व्यवसाय से सबसे अधिक कार्य करते है। मासिक आय के आधार पर औसत विश्लेषण औसत आकार, परिवार की कुल आय, परिवार की औसत प्रति व्यक्ति आय के विश्लेषण ज्ञात होता है कि अधिक आय वर्ग की संख्या 0-100 आय वालों की है। इसी प्रकार 3000-500 आय वर्ग में। 0.39 प्रतिशत इस प्रकार अधिक आय वाले परिवारों की संख्या कम है। जो इसके पिछड़े एवं गरीबी के जीवन स्तर को बताता है। विभिन्न रोजगार के स्त्रोंतो से प्राप्त विश्लेषण से ज्ञात होता है कि कुल कमार परिवारों की कुल 15037 दिन का रोजगार प्राप्त होता है। प्रस्तुत शोध में कमार परिवारों की जीवन स्तर पर आय, रोजगार के प्रभाव का अध्ययन किया गया है। कमार परिवारों में रोजगार और आय में वृद्धि के साथ उनके उपभोग प्रवृत्ति के स्तर में वृद्धि हुई है, जिसका प्रभाव कमार परिवारों के पारिवारिक बजट में आधुनिकता का प्रभाव पड़ा है।

शब्द कुंजी- कमार, उपभोग, जनजाति, रोजगार, व्यवसाय, पारिवारिक, आय, साधन।

प्रस्तावना - जनजातियों की संस्कृति भारतीय समाज में भारतीय लोक संस्कृति का ही अभिन्न अंग है, भारत विविधताओं का देश है। यह विभिन्न सामाजिक व सांस्कृतिक समूहों का संगम स्थल रहा है। यह देश की भौगोलिक स्थिति देश की भिन्नताओं को प्रभावित करती है। जिसका प्रभाव उस क्षेत्र के निवासियों पर पड़ता है। अत: देश में एक ओर विभिन्न क्षेत्रों में अनेक ऐसे मानव समूह निवास करते है, जो सभ्य समाज से दूर जंगलों पहाड़ों एवं पठारी क्षेत्रों में निवास करते है। वे अत्यधिक पिछड़े हुए है जो कि वन्य जाति, आदिम जाति, आदिवासी एवंजनजाति के नामों से संबोधित किया जाता है। इस आशय से इन जनजातियों के नाम संविधान की पांचवी अनुसूची में सम्मिलित किए गए है। स्वतंत्रता के पश्चात् भारतीय संविधान में इन लोगों को अनुसूचित जनजाति का नाम दिया गया। दक्षिण अफ्रीका के बाद सर्वाधिक जनजातियों की जनसंख्या भारत में पाई जाती है।

सन् 1935 के अधिनियम के अनुसार जनजातीय जनसंख्या को भारत सरकार द्वारा इन्हें विशेष पिछड़ी जनजातियों के नाम से संबोधित किया गया है। इसी प्रकार सर ए. बेन्स ने इन्हें पर्वतीय जनजातियां (हिल ट्राइब्स) 'वन्य जाति' जंगल पीपुल्स, फॉरेस्टर ट्राइबन अथवा कोक कहा है। ऐसी जनजातियों या जनजातीय समुदायों के अंतर्गत भाग या समहे जिनहें संविधान के प्रयोजन के लिए अनुच्छेद 342 के अंतर्गत समझा जाता है। (1) आदिम विशेषताओं के संकेत (2)विशिष्ट संस्कृति (3) भौगोलिक एकीकरण (4) बड़े पैमाने पर समुदाय के साथ संपर्क में संकोच (5) पिछड़ापन इत्यादि।

जनजाति से अभिप्राय:- जनजाति से अभिप्राय ऐसे व्यक्तियों का समूही जो किसी निश्चित भू-भाग पर निवास करते है। विकास की दृष्टि से काफी पिछड़े हुए है। अनुसूचित जनजाति शैक्षणिक स्तर तथा परंपरागत व्यवसाय के आधार पर विभेद करना पड़ रहा है। भारत के संदर्भ में निम्न जातियों को सामाजिक रूप से पिछड़ी जातियां माना जा सकता है।

जनजाति शब्द की उत्पत्ति:- जनजाति शब्द की उत्पत्ति तथा अर्थ के बारे में अलग-अलग विचार धाराएं शामिल है। जनजाति शब्द की उत्पत्ति

अंग्रेजी शब्द (ट्राइब) से बना है, जिसका अभिप्राय रोमन भाषा (ट्राई) बुआ से बना है जिसका अर्थ होता है कि एक राजनीतिक इकाई सबसे पहले इस शब्द का प्रयोग इन सामाजिक समूहों के लिए किया गया है। जिसकी भाषा, सभ्यता एवं संस्कृति एक सामाजिक संगठन है। मनुष्य एक सामाजिक प्राणी है और मानव जीवन में सामाजिक आर्थिक दशाओं का प्राथमिक स्थान है जो कि जीवन का प्रमुख आधार है।

डॉ. डी .ए. मजूमदार (1939) के अनुसार जनजाति की परिभाषा निम्नलिखित ही है जिन जाति परिवारों में पारिवारिक वर्गो का समूह होता है जिनसे सदस्य एक साथ निश्चित भू-भाग पर काम करते है तथा कुछ निषेधाज्ञाओं का पालन करते है। साधारण तथा जनजाति अंतर्विवाह के सिद्धांत का समर्थन करते है।

नवगठित छत्तीसगढ़ राज्य की स्थापना 1 नवंबर 2000 लगभग एक तिहाई जनसंख्या 30.62 प्रतिशत अनुसूचित जनजातियों की है। संविधान के अनुच्छेद 342 के अंतर्गत राष्ट्रपति द्वारा छत्तीसगढ़ को आदिवासी क्षेत्र घोषित किया गया है। प्रदेश के 146 विकासखंडो में से 85 आदिवासी बाहुल्य विकासखंड है। कमार भारत सरकार के द्वारा घोषित विशेष पिछड़ी जनजातियों के रूप में मान्य किया गया है। ये जनजातियाँ (बैगा, कमार, अबुझमाड़िया, पहाड़ी कोरवा, खिरहोर) बाद में दो जनजातियों को विशेष पिछड़ी जनजाति के अंतर्गत शामिल किया गया है।

जिन दो जनजातियों को शामिल किया गया है उसके नाम भूंजिया, पंडो है जो राज्य सरकार द्वारा मान्य है। छत्तीसगढ़ में कमार जनजाति की कुल जनसंख्या जनगणना के अनुसार 926530 है जिसमें पुरूष जनसंख्या 13070, महिला जनसंख्या 14460 है । कमार जनजाति का संकेद्रण गरियाबंद, धमतरी एवं कसडोल में है। इस राज्य में इनका लिंगानुपात 1030 है जो राज्य के कुल लिंगानुपात का 989 प्रतिशत से अधिक है। जिनकी दशकीय वृद्धि 14.78 प्रतिशत रही। कमार जनजाति कुल साक्षरता 39.13 जिसमें पुरूष साक्षरता 23.70 प्रतिशत एवं महिला 15.43प्रतिशत है। कमार जनजाति अपनी उत्पत्ति मैनपुर विकासखंड के देवडोंगर ग्राम से बताते है। मुख्य व्यवसाय बांस के सूपा, टोकरी, कंदमूल एवं जंगली उपज का संग्रहण, आखेट कृषि कर आज भी आदिम अवस्था मे जीवन व्यतीत कर रहे है । कमार जनजाति क्रमश: पहाड़पटिया एवं बुंदराजिया में विभक्त है। केन्द्र सरकार एवं राज्य सरकार के विकास कार्यक्रम, शिक्षा संचार यातायात एवं बाह्य सम्पर्को के कारण कमार जनजाति के लोगों के अभिमतों में परिवर्तन करने का प्रयास किया जा रहा है।

अध्ययन के उद्देश्य:-

1. कमार परिवारों के आय एवं रोजगार की स्थिति का अध्ययन
2. कमार परिवारों के उपभोग प्रवृत्ति का प्रभाव

अध्ययन की परिकल्पना:-

1. कमार जनजाति परिवारों की आर्थिक स्थिति में कोई सुधार नहीं है।
2. अधिकांश कमार परिवार गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन कर रहे है।

शोध प्रविधि:- प्रस्तु शोध का आंकलन प्रत्यक्ष साक्षात्कार एवं अवलोकन के साथ प्राथमिक एवं द्वितीयक दोनों समंको पर आधारित है। कमार विकास अभिकरण एवं शासकीय अर्द्धशासकीय संस्थाओं द्वारा प्रकाशित प्रतिवेदनों की सहायता एवं शोध पत्रों को शामिल किया गया है।

अध्ययन का क्षेत्र:- प्रस्तुत अध्ययन क्षेत्र सॉलविन पद्धति विधि द्वारा कमार परिवारों को नगरी और मगरलोड विकासखंडों के 256 परिवारों का चयन किया गया है।

अध्ययन की सीमाएं:- प्रस्तुत अध्ययन के साक्षात्कार के उपरांत जनजातियों द्वारा समंक संकलन में प्रत्यक्ष सहभागिता का अभाव संकोची की प्रकृति अध्ययन की सीमाएं रही।

अध्ययन क्षेत्र का विश्लेषण:- तालिका

तालिका 1.1: कमार परिवारों की लिंग संरचना

क्र.	लिंग सरंचना	संख्या	प्रतिशत
1	पुरूष	470	47.57
2	महिला	518	52.43
	कुल	**988**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

सारणी क्रमांक 1.1 में कमार परिवारों की लिंग संरचना के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों की कुल सदस्य संख्या 988 है जिनमें पुरूषों की संख्या 470 (47.57 प्रतिशत) एवं महिला की संख्या 548 (52.53 प्रतिशत) है।

तालिका क्रमांक 1.2: कमार परिवारों की शैक्षणिक स्थिति

क्र.	शैक्षणिक स्तर	पु.	प्रति.	म.	प्रति.	कु.	प्रति.
1	अशिक्षित	159	39.53	243	60.45	402	100
2	साक्षर	21	38.89	33	61.11	54	100
3	प्राथमिक	168	53.67	145	46.33	313	100
4	माध्यमिक	80	51.61	175	48.38	155	100
5	हाईस्कूल	31	62	19	38	50	100
6	हायर सेकण्डरी	09	75	03	25	12	100
7	स्नातक	02	100	-	-	02	100
	कुल	**470**	**47.57**	**518**	**52.43**	**988**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.2 के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों में कुल 402 व्यक्ति अशिक्षित है एवं कुल 586 व्यक्ति शिक्षित में से 39.55 प्रतिशत पुरूष अशिक्षित एवं 60.45 प्रतिशत महिलाएं अशिक्षित है। इसी प्रकार कुल साक्षर व्यक्ति 54 है । जिसमें से 38.89 प्रतिशत पुरूष साक्षर तथा 61.11 प्रतिशत महिलाएं साक्षर है। कमार परिवारों में प्राथमिक शिक्षा का स्तर वाले व्यक्ति की संख्या 313 है जिसमें से पुरूष 168 (53.67 प्रतिशत) एवं महिलाएं 145 (46.33 प्रतिशत) है। माध्यमिक शिक्षा का स्तर वाले व्यक्ति की जनसंख्या 155 है जिसमें पुरूष 80 (51.61 प्रतिशत) एवं महिलाएं 75 (48.38 प्रतिशत) है । हाई स्कूल शिक्षा का स्तर वाले व्यक्ति की कुल जनसंख्या 50 है जिनमें से पुरूष 31 (62 प्रतिशत) एवं महिला 19 (38 प्रतिशत) है। हायर सेकण्डरी का स्तर वाले व्यक्ति की जनसंख्या 12 है जिनमें से पुरूष 09 (75 प्रतिशत) है। स्नातक शिक्षा का स्तर वाले व्यक्ति की कुल संख्या 02 है जिसमें पुरूष 02 (100 प्रतिशत) है । इस प्रकार यह ज्ञात होता है कि पुरूषों की तुलना में महिला कम शिक्षित है।

तालिका 1.3: कमार परिवारों में कार्यशील जनसंख्या का आकार

क्र.	निदर्श	कार्यशील जनसंख्या			अकार्यशील जनसंख्या		
		पु.	म.	कुल	पु.	म.	कुल
1	संख्या	292	301	593	178	217	395
2	प्रतिशत	49.24	50.76	100	45.06	54.94	100

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.3 के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों में सदस्यों की कुल संख्या 988 है जिसके अंतर्गत निदर्श कमार परिवारों में कार्यशील व्यक्ति की कुल जनसंख्या 593 है जिसमें से पुरूष संख्या 292 (49.24 प्रतिशत), महिला की संख्या 301 (50.76प्रतिशत) है। इसी प्रकार कमार परिवारों में अकार्यशील व्यक्ति की कुल संख्या 178 (45.06 प्रतिशत), महिला की संख्या 217 (59.54प्रतिशत) है।

तालिका 1.4: कमार परिवार के मकान की संरचना

क्र.	मकान के प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1	पक्का	79	30.9
2	कच्चा	30	11.7
3	मिश्रित	140	54.7
4	झोपड़ी	7	2.7
	कुल	**256**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.4 के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों की मकान स्थिति का अध्ययन किया गया है जिसमें कमार परिवारों में पक्का मकानों की संख्या 79 (30.9प्रतिशत) कच्चे मकानों की संख्या 30 (11.7 प्रतिशत) है। तथा मिश्रित मकानों की संख्या 140 (54.7 प्रतिशत) है, झोपड़ी मकानो की संख्या 7 (2.7 प्रतिशत) है। अत: यह स्पष्ट है कि कमार परिवारों में मिश्रित मकानों की संख्या सबसे अधिक है एवं सबसे कम झोपड़ी मकानों की संख्या है।

तालिका 1.5: कमार परिवारों के आवास में विद्युतीकरण

क्र.	विद्युतीकरण	संख्या	प्रतिशत
1	एकल बत्ती कनेक्शन	186	42.6
2	मीटर	50	19.6
3	विद्युतीकरण नहीं	20	7.8
	कुल	**256**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.5 के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों की कुल संख्या 256 है जिनमें 72.6 प्रतिशत कमार परिवारों के आवास में एकलबत्ती कनेक्शन लगा है जो शासन द्वारा प्रदान की गई है। 19.6 प्रतिशत कमार परिवारों के आवास में विद्युत मीटर लगा हुआ है, जबकि 7.8 प्रतिशत कमार परिवारों के आवास में विद्युतहीन है इन परिवारों को शासन की सुविधा का लाभ नहीं मिल पाया है। एकलबत्ती कनेक्शन सभी कमार परिवार को शासन द्वारा 40 यूनिट के उपभोग में छूट एवं शेष राशि भुगतान करने इस योजना के तहत 3 बल्ब ही जलाने है।

तालिका 1.6: कमार परिवारों में भूमि वितरण की स्थिति

क्र.	भूमि की स्थिति	परिवार की संख्या	प्रतिशत
1	भूमि प्राप्तकर्ता	44	17.19
2	भूमिहीन	212	82.8
	कुल	**256**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.6 के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों की कुल संख्या 256 है, जिसमें से शासन की योजनाओं द्वारा योजना के तहत प्रदान की गई भूमि का 17.19 प्रतिशत कमार परिवार भूमि प्राप्तकर्ता है बल्कि 82.81 प्रतिशत कमार परिवार भूमिहीन है। इससे यह स्पष्ट होता है कि बहुत से कमार परिवार शासकीय योजना से वंचित होने के कारण भूमिहीन है और आर्थिक स्थिति भी निम्न है।

तालिका 1.7: कमार परिवारों की व्यवसाय का मुख्य स्त्रोत

क्र.	मकान के प्रकार	संख्या	प्रतिशत
1	कृषि एवं वनोपज	42	16.41
2	मजदूरी एवं वनोपज	163	63.67
3	नौकरी	4	1.56
4	बांस सिल्फ एवं वनोपज	47	18.36
	कुल	**256**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.7 के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कमार परिवारों में कृषि एवं वनोपज व्यवसाय 42 (16.41 प्रतिशत) परिवारों की आय का मुख्य स्त्रोत है। मजदूरी एवं वनोपज 163 (63.67 प्रतिशत), नौकरी 4 (1.56 प्रतिशत) एवं बांस सिल्फ 47 (18.36 प्रतिशत) कमार परिवारों की आय का स्त्रोत एवं व्यवसाय है। इस प्रकार यह ज्ञात होता है कि मजदूरी एवं वनोपज व्यवसाय से सबसे अधिक कार्य करने वाले परिवार है। दूसरा मुख्य व्यवसाय परंपरागत व्यवसाय बांस सिल्फ एवं वनोपज कार्य है, क्योंकि धीरे-धीरे वनोपज संग्रहण मुख्य व्यवसाय से सहायक व्यवसाय के रूप में कार्य करते है, धीरे-धीरे कमार परिवारों की आवश्यकता की वस्तुओं में वृद्धि होने लगी है जो वनोपज संग्रहण के कार्य से पर्याप्त नहीं हो पाता है इस कारण उन्हें मजदूरी कार्य के प्रति रूचि बढ़ने लगी है।

तालिका 1.8: कमार परिवारों की व्यवसाय का मुख्य स्त्रोत

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	स्वयं के कृषि से प्राप्त आय	20666.67	7.30
2	मनरेगा से प्राप्त आय	124878.50	44.12
3	वनोपज संग्रहण से प्राप्त आय	59558.33	21.04
4	अन्य व्यवसाय से प्राप्त कुल आय	36450	12.88
5	शासकीय/अर्द्धशासकीय व्यवसाय से प्राप्त आय	41500	14.66
6	**कुल आय**	**283048.50**	**100**
7	प्रति परिवार आय	1105.66	-
8	प्रति व्यक्ति आय	286.49	-

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.8 में कमार परिवारों में विभिन्न स्त्रोतों से प्रात कुल मासिक आय (रू. में) के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सारणी में कमार परिवारों के स्वयं के कृषि से प्राप्त आय, मनरेगा (मजदूरी) करने प्राप्त आय, वनोपज संग्रहण, अन्य व्यवसाय, शासकीय व्यवसाय से प्राप्त आय का विवरण प्रस्तुत किय गया है। कुल निदर्श कमार 256 परिवारों को विभिन्न स्त्रोतों से कुल आय 283048.50 रूपये मासिक आय प्राप्त होती है। जिसमें से स्वयं की कृषि से प्राप्त आय 20666.67 रूपये (7.30 प्रतिशत), मनरेगा (मजदूरी) से प्राप्त आय 124878.50 रूपये (44.12 प्रतिशत) मासिक आय प्राप्त होती है। वनोपज संग्रहण से प्राप्त आय 59558.33 रूपये (21.04 प्रतिशत), अन्य व्यवसाय से प्राप्त आय 36450 रूपये (12.88 प्रतिशत) तथा शासकीय/अर्द्धशासकीय व्यवसाय से प्राप्त आय 41500 रूपये मासिक आय है। इस प्रकार स्पष्ट है कि कमार परिवारों में प्रति परिवार आय 1105.66 रूपये मासिक है।

तालिका 1.9 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 1.9 में कमार परिवारों की औसत आकार एवं मासिक आय वर्ग के आधार पर परिवार की संख्या परिवार की कुल सदस्य संख्या, परिवार का औसत आकार, परिवार की कुल आय, परिवार की औसत आय एवं औसत प्रति व्यक्ति आय के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि सर्वेक्षित 256 कमार परिवारों की आय वर्ग को 6 भागों में बांटा गया है। परिवार की अधिकतम संख्या 0-1000 आय वर्ग में सर्वाधिक परिवार की संख्या 185 (72.26 प्रतिशत) एवं सदस्यों की संख्या 65 (67.31 प्रतिशत) तथा परिवार का औसत आकार 3.5 है। 1000-2000 आय वर्ग में परिवार की संख्या 56 (21.88प्रतिशत) एवं सदस्यों की संख्या 258 (26.61 प्रतिशत) तथा परिवार का औसत आकार 4.6 है। 2000-3000 आय वर्ग के कमार परिवार की संख्या 10 (3.91 प्रतिशत) है, सदस्यों की संख्या 47 (4.76 प्रतिशत) एवं परिवार का औसत आकार 4.7 है। इसी प्रकार 3000-5000 आय वर्ग में परिवार की संख्या 01 (0.39 प्रतिशत) एवं सदस्यों की संख्या 4 (0.40 प्रतिशत) तथा परिवार का औसत आकार 4 है। इस प्रकार इन दोनों आय वर्ग में न्यूनतम परिवार की संख्या है। 10000 से अधिक आय वर्ग में परिवार की संख्या 03 (1.17 प्रतिशत), सदस्यों की संख्या 11 (1.17 प्रतिशत) एवं परिवार का औसत आकार 3.6 है।

तालिका 1.10: कमार परिवारों में विभिन्न स्त्रोतो से प्राप्त कुल रोजगार (दिनों में)

क्र.	विवरण	संख्या	प्रतिशत
1	मनरेगा से प्राप्त कुल रोजगार (दिनों में)	9027	60.03
2	गैर कृषि श्रम से प्राप्त कुल रोजगार (वनोपज) (दिनों में)	4084	27.16
3	स्वयं की कृषि से प्राप्त कुल रोजगार (दिनों में)	1926	12.81
4	समस्त स्त्रोतो से प्राप्त कुल रोजगार	15037	100
5	प्रति कार्यशील व्यक्ति रोजगार	25.36	-
6	प्रति परिवार रोजगार	58.74	-
7	प्रति व्यक्ति आय	45935	-

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.10 में कमार परिवारों विभिन्न स्त्रोतों से प्राप्त कुल रोजगार (दिनों में) के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि कमार परिवारों में मनरेगा से प्राप्त कुल रोजगार, कृषि श्रम से प्राप्त कुल रोजगार, स्वयं की कृषि से प्राप्त रोजगार का विवरण प्रस्तुत किया गया है। कुल कमार परिवारों को कुल 15037 दिन का रोजगार प्राप्त होता है जिनमें से मनरेगा से प्राप्त रोजगार 9027 (60.03 प्रतिशत) दिन है। गैर कृषि क्षेत्र से प्राप्त रोजगार 4084 (27.16 प्रतिशत) दिन स्वयं की कृषि से प्राप्त रोजगार 1926 (12.81 प्रतिशत) दिन कमार परिवारों में प्रति कार्यशील व्यक्ति रोजगार 25.36 दिन है। कुल निदर्श कमार परिवारों के प्रति परिवार रोजगार 58.74 दिन है एवं प्रति व्यक्ति रोजगार 5.10 दिन है।

तालिका 1.11 (अन्तिम पृष्ठ पर देखे)

तालिका क्रमांक 1.11 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि कमार परिवारों की कुल संख्या 256 है जिनमे से कमार परिवारों में 1000 आय वर्ग वाले परिवार खाद्य पदार्थ 37702.52 रू. (26.25 प्रतिशत) व्यय करते है। गैर खाद्य पदार्थ पर 104044.66 रू. (72.44 प्रतिशत) व्यय करते है तथा बचत (1.31 प्रतिशत) करते है। 1000-2000 आय वर्ग वाले खाद्य पदार्थ पर 1495.00 रू. (21.35 प्रतिशत) मासिक व्यय गैर खाद्य पदार्थ पर 535.26.23 (76.42 प्रतिशत) व्यय 2.23 प्रतिशत बचत करते है। 2000-3000 आय वर्ग वाले परिवार का खाद्य पदार्थ पर 4093.63 रू. (17.10 प्रतिशत) व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 19199.34 रू. (80.20 प्रतिशत) व्यय एवं (2.70 प्रतिशत) बचत करते है। 3000-5000 आय वर्ग के परिवार खाद्य पदार्थ पर 429.94 रू. (8.52 प्रतिशत) व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 2500.16 रू. (82.84 प्रतिशत) मासिक एवं (3.43 प्रतिशत) बचत करते है। 5000-10000 आय वर्ग समूह के परिवार खाद्य पदार्थ पर 672.01 रू. (8.52 प्रतिशत) मासिक व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 6549.78 रू (83.04 प्रतिशत) एवं 8.44 प्रतिशत बचत करते है। 10000 रू. से अधिक आय वर्ग के परिवार का खाद्य पदार्थ पर 1787.96 रू (5.18 प्रतिशत) मासिक व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 2949.78 रू (85.25 प्रतिशत) एवं 9.57 प्रतिशत बचत करते है। इससे यह स्पष्ट होता है कि जैसे-जैसे आय वर्ग में वृद्धि होती है। कमार परिवारों की खाद्य पदार्थो पर मासिक व्यय उपभोग व्यय की तुलना में गैर खाद्य पदार्थो पर मासिक व्यय अधिक है।

तालिका 1.12: कमार परिवारों की आवागमन के साधन

क्र.	आवागमन के साधन	संख्या	प्रतिशत
1	सायकल	35	14.45
2	मोटर सायकल	2	0.78
3	सायकल, मोटर सायकल	13	5.08
4	कुछ नहीं	204	79.69
	कुल	**256**	**100**

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.12 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि कमार परिवारों में 35 (14.45 प्रतिशत) परिवारों में आवागमन के लिए सायकल का उपयोग करते है। 02 (0.78 प्रतिशत) कमार परिवारों में आवागमन के लिए मोटर सायकल का उपयोग करते है। सायकल एवं मोटर सायकल से आवागमन के लिए 13 (5.08) परिवारों में करते है। 204 (79.69) प्रतिशत कमार परिवार ऐसे होते है जिनके पास कुछ भी नहीं है। वह पैदल ही आवागमन करते है। क्योंकि निदर्श कमार परिवारों की आय इतनी अधिक नहीं होती वह इन सभी विलासित की वस्तु का उपयोग कर सके।

तालिका 1.13: कमार परिवारों में घरेलू उपभोग की सामग्री

क्र.	घरेलू उपभोग की सामग्री	संख्या	प्रतिशत
1	फर्नीचर/ टेबल	14	5.4
2	कुर्सी	10	3.9
3	आलमारी	9	3.5
4	पलंग	7	2.7
5	टी.वी.	45	17.5
6	मोबाईल	57	22.2
7	गैस चूल्हा	10	3.9

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका क्रमांक 1.13 के विश्लेषण से ज्ञात होता है कि कमार परिवारों में फर्नीचर/टेबल का उपयोग 14 (5.4 प्रतिशत) तथा 10 (3.9 प्रतिशत) परिवारों में कुर्सी का उपयोग करते है। कमार परिवारों में 09 (3.5 प्रतिशत) आलमारी, 45 (17.5 प्रतिशत) परिवारों में टी.वी., 7 (2.7 प्रतिशत)

परिवारों में पलंग का उपयोग करते है। इस प्रकार कमार परिवारों में 57 (22.2 प्रतिशत) परिवारों में मोबाईल का उपयोग करते है जो शासन द्वारा वितरित की गई है। 10 (3.9 प्रतिशत) कमार परिवारों में गैस चूल्हा एवं इंडक्शन का उपयोग करते है।

निष्कर्ष एवं सुझाव :- विश्लेषित उपरोक्त आंकड़ों के आधार मानते हुये यह निष्कर्ष निकाला गया कि अध्ययन क्षेत्र के कमार परिवारों की लिंग संरचना के विश्लेषण से यह ज्ञात होता है कि कमार परिवारों की कुल सदस्य संख्या 988 है जिसमें पुरूषों की संख्या 548 (52.53 प्रतिशत) है। इसी प्रकार कमार परिवारों में कुल 402 व्यक्ति अशिक्षित है तथा कुल 586 व्यक्ति शिक्षित है इनमे से 39.55 प्रतिशत पुरूष अशिक्षित एवं 60.45 प्रतिशत महिला अशिक्षित है। 38.89 प्रतिशत पुरूष साक्षर तथा 61.11 प्रतिशत महिला साक्षर है। इससे यह ज्ञात होता है कि पुरूषों की तुलना में महिलाएं कम शिक्षित है। कमार परिवारों में कार्यशील व्यक्ति की कुल जनसंख्या 593 है जिसमें से पुरूष की संख्या 292 (49.24 प्रतिशत), महिला की संख्या 301 (50.76 प्रतिशत) है। इसी प्रकार कमार परिवारों में अकार्यशील पुरूष की संख्या 178 (45.06 प्रतिशत) एवं महिला की संख्या 217(59.54 प्रतिशत) है तथा 79 (30.9 प्रतिशत) पक्का मकान, 30 (11.7 प्रतिशत) कच्चा मकान, 07 (2.7 प्रतिशत) झोपड़ी मकान, 140 (54.7 प्रतिशत) मिश्रित मकान है। 42.6 प्रतिशत कमार परिवारों के आवास में एकलबत्ती कनेक्शन लगा है जो शासन द्वारा प्रदान की गई है। 19.6 प्रतिशत कमार परिवारों के आवास में विद्युत मीटर लगा हुआ है तथा 7.8 प्रतिशत कमार परिवारों में विद्युतीकरण नही हुआ है। 17.19 प्रतिशत कमार परिवार भूमि प्राप्तकर्ता है जबकि 82.8 प्रतिशत कमार परिवार भूमिहीन है। कृषि एवं वनोपज व्यवसाय 42 (16.41 प्रतिशत), मजदूरी एवं वनोपज व्यवसाय 163 (63.67 प्रतिशत), नौकरी 04 (1.56 प्रतिशत) एवं बांस शिल्प 47 (18.36 प्रतिशत) के कार्यो में कमार परिवार सन्लग्न है एवं उनके रोजगार का साधन है। कमार परिवारों की विभिन्न स्त्रोतो से प्राप्त कुल आय 283048.50 रूपये मासिक आय प्राप्त होती है। स्वयं की कृषि से प्राप्त आय 20666.67 रू. (17.30 प्रतिशत), मनरेगा (मजदूरी से) प्राप्त आय 124878.50 रू. (44.12 प्रतिशत) मासिक आय प्राप्त होती है। वनोपज संग्रहण से प्राप्त आय 595558.33 (21.04 प्रतिशत), अन्य व्यवसाय से प्राप्त आय 36450 रू. (12.88 प्रतिशत) तथा शासकीयध्अर्द्धशासकीय व्यवसाय से प्राप्त आय 41500 रू. मासिक आय है। 0-1000 आय वर्ग में सर्वाधिक परिवार की संख्या 185 (72.26 प्रतिशत), सदस्यों की संख्या 65 (67.31 प्रतिशत), परिवार की औसत आकार 3.5 है। 1000-2000 आय वर्ग में परिवार की संख्या 56 (21.88 प्रतिशत), सदस्यों की संख्या 258 (26.11 प्रतिशत) है तथा परिवार का औसत आकार 4.6 है। 2000-3000 आय वर्ग में परिवार की संख्या 10 (3.91 प्रतिशत), सदस्यों की संख्या 47 (4.76 प्रतिशत) एवं परिवार का औसत आकार 4.7 है। 3000-5000 आय वर्ग में परिवार की संख्या 01 (0.39 प्रतिशत), सदस्यों की संख्या 5 (0.51 प्रतिशत), परिवार का आकार 5 है। 5000-10000 आय वर्ग में परिवार की संख्या 01(0.39 प्रतिशत), सदस्यों की संख्या 4(0.40 प्रतिशत),परिवार का औसत आकार 04 है। 10000 से अधिक आय वर्ग में परिवार की संख्या 03(1.17 प्रतिशत) है, सदस्यों की संख्या 11(1.11 प्रतिशत), परिवार का औसत आकार 3.6 है। 0-1000 आय वर्ग वाले परिवार खाद्य पदार्थ पर 26.52 प्रतिशत व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 72.44 प्रतिशत व्यय तथा 1.31 प्रतिशत बचत करते है। 1000-2000 आय वाले खाद्य पदार्थ पर 21.35 प्रतिशत व्यय, गैर खाद्य पर 76.42 प्रतिशत व्यय तथा 2.23 प्रतिशत बचत करते है। 2000-3000 आय वर्ग वाले खाद्य पदार्थो पर 17.10 प्रतिशत व्यय, गैर खाद्य पदार्थो पर 80.20 प्रतिशत व्यय एवं 2.70 प्रतिशत बचत करते है। 3000-5000 आय वर्ग वाले खाद्य पदार्थ पर 8.52 प्रतिशत व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 82.84 प्रतिशत व्यय, एवं 3.43 प्रतिशत बचत करते है। 5000-10000 आय वर्ग वाले खाद्य पदार्थ पर 8.52 प्रतिशत व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 83.04 प्रतिशत व्यय तथा 8.44 प्रतिशत बचत करते है। 10000रू से अधिक आय वर्ग वाले खाद्य पदार्थ पर 5.18 प्रतिशत व्यय, गैर खाद्य पदार्थ पर 85.25 प्रतिशत व्यय तथा 9.57 प्रतिशत बचत करते है। 14.45 प्रतिशत कमार परिवारों में आवागमन के लिए सायकल का, 0.78 प्रतिशत मोटर सायकल, 5.08 प्रतिशत मोटर सायकल एवं सायकल उपयोग करते है तथा 79.69 प्रतिशत के पास आवागमन के साधन कुछ भी नहीं है। 5.4 प्रतिशत फर्नीचर टेबल, 3.8 प्रतिशत कुर्सी, 3.5 प्रतिशत आलमारी, 17.5 प्रतिशत टी.वी. 2.7 प्रतिशत पलंग, 22.2 प्रतिशत मोबाईल तथा 3.9 प्रतिशत कमार परिवारों में गैस चूल्हा एवं इंडक्शन का उपयोग करते है।

विश्लेषण के आधार पर यह सुझाव प्रस्तावित किया जा सकता है कि इस जनजाति के लिए ऐसी योजना का निर्माण करना चाहिए जिनसे उनको संपूर्ण शिक्षा, स्वास्थ्य दी जा सके। अपने व्यवसाय, उपभोग के स्तर, रहन-सह- एवं जीवन स्तर को सुधार सके। कमार जनजाति को समाज के मुख्यधारा से जोड़ने के लिए शिक्षित हो बहुत आवश्यक है ताकि रोजगार के विभिन्न साधनों में कृषि से सामाजिक-आर्थिक एवं सांस्कृतिक विकास को बेहतर बनाया जा सके। स्वास्थ्य के लिए चिकित्सा सुविधा मुहैया कराय जाये क्योंकि जनजातियों में स्वास्थ्य संबंधी समस्या एवं स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने की आवश्यकता है। आवागमन के साधन को और मजबूत किया जाये। शिक्षा के स्तर को बढ़ाने के लिए ज्यादा से ज्यादा प्रेरित किया जाये।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. रसेल और हीरालाल (1916): 'द ट्राइब्ज एण्ड कास्टस् ऑफ सेंन्ट्रल प्राविन्सेज ऑफ इंडिया' R-Vol- 3 पे. 323-230
2. तिवारी, राकेश कुमार (1990): 'आदिवासी समाज में आर्थिक परिवर्तन'। नार्दन बुक सेंटर, नई दिल्ली
3. वर्मा, एल.एन. एवं ओमप्रकाश बोरीवाल (2002):'आदिवासी की आर्थिक विकास में ग्रामोलोग की भूमिका (झाबुआ जिला के विशेष संदर्भ में)' समाजाकि सहयोग, शोध प्रबंधन अभिषद श्री कृष्ण संस्थान उज्जैन, अंक - 213 पृ.क्र. 42-50
4. विद्यार्थी (1970): ने जनजातीय जीवन पर परिवर्तन "Vidyarthi, L.P', Cultral Configuration of Ranchi Culcutta, Book land, 1970,P- 67.
5. व्यास, विकास: 'भील आदिवासियों के सामाजिक एवं आर्थिक परिवर्तन में विकास योजनाओं की भूमिका' शोध पत्र देवी अहिल्या विश्वविद्यालय इंदौर, 1995.
6. शुक्ला, अर्चना (1999):' मध्यप्रदेश में आदिवासी समाज व विभिन्न

योजनाऐं, शोध प्रकल्प, अंक 07, पृ. क्र. 13-17
7. सिंह, अभय,'आदिवासियों के विकास का आधार' योजना 2009, पृ.57-58
8. सोलंकी, अर्जुन एवं ममता मंडाले, (2010): 'नरेगा का अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के आर्थिक जीवन पर प्रभाव' सामाजिक सहयोग, शोध प्रबंधन अभिषद श्री कृष्ण संस्थान उज्जैन, अंक 73, पृ.क्र. 75-81
9. सैनी, अभिलाषा एवं कश्यप मेजूलता (2007):'आदिवासी अर्थव्यवस्था - स्वरूप एवं प्रकार' रिसर्च डाइजेस्ट, अंक 2, पृ.क्र. 99-101
10. M.S,MEENA,K.M.SINGH ;2015I'झारखंड के आदिवासी प्रभुत्व वाले क्षेत्रों में ग्रामीण परिवारों के बीच आय की असमानता और निर्धारक' Indian Journal of Agricultural science, 87(1) PP: 92&96, January,2017.

तालिका 1.9: कमार परिवारों का औसत आकार एवं मासिक आय (रू. में)

आय वर्ग	परिवारों की संख्या	परिवार के कुल सदस्य	परिवार का औसत आकार	परिवार की कुल आय	परिवार का औसत आय	औसत प्रति व्यक्ति
0-1000	185 (72.26)	65 (67.31)	3.5	143628.67	776 .37	143628.67
1000-2000	56 (21.88)	258 (26.11)	4.6	70042.17	1250 .75	271 .48
2000-3000	10 (3.91)	47 (4.76)	4.7	23939 .33	2393 .93	509 .35
3000-5000	01 (0.39)	05 (0.51)	5	3034 .17	3034 .17	606 .83
5000-10000	01 (0.39)	04 (0.40)	4	7887 .50	7887 .50	1971 .88
10000 से अधिक	03 (1.17)	11 (1.11)	3.6	344516.-67	11505 .56	3437 .88
	256 (100)	988 (100)	4.2	283048.50	93396 .05	6714 .05

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

तालिका 1.11: कमार परिवारों का खाद्य पदार्थ एवं गैर खाद्य पदार्थो पर मासिक व्यय (प्रतिशत में)

क्र.	पारिवारिक आय वर्ग (रू. में)	खाद्य पदार्थ रू. (प्रतिशत में)	गैर खाद्य पदार्थ रू. (प्रतिशत में)	बचत	योग
1	0-1000	37702.52 (26.52)	104044.66 (72.44)	18981.54 (1.31)	100
2	1000-2000	14954.00 (21.35)	53526.23 (76.42)	1561.94 (2.23)	100
3	2000-3000	4093.63 (17.10)	19199.34 (80.20)	646.36 (2.70)	100
4	3000-5000	429.94 (8.52)	2500.16 (82.84)	104.07 (3.43)	100
5	5000-10000	672.01 (8.52)	6549.78 (83.04)	665.71 (8.44)	100
6	10000 से अधिक	1787.96 (5.18)	29425.46 (85.25)	3303.25 (9.57)	100

स्त्रोत:-व्यक्तिगत सर्वेक्षण

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

स्मार्टफोन उपयोग का बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद की आदतों पर प्रभाव

महेन्द्र सिंह* डॉ. विष्णु भाई डी. चौधरी**

* शोधार्थी (शारीरिक शिक्षा) माधव विश्वविद्यालय, पिंडवाड़ा, सिरोही (राज.) भारत
** प्रोफेसर (शारीरिक शिक्षा) माधव विश्वविद्यालय, पिंडवाड़ा, सिरोही (राज.) भारत

शोध सारांश– आज के युग में स्मार्टफोन का व्यापक प्रभाव समाज के प्रत्येक आयु वर्ग में पढ़ रहा है। जिससे प्राथमिक स्तर के बच्चों की शारीरिक गतिविधि और खेलकूद की आदतें भी प्रभावित हो रही हैं। स्मार्टफोन का सीधा असर बच्चों की खेल गतिविधि और शारीरिक सक्रियता पर है। आज के डिजिटल युग में छोटे बच्चों में स्वास्थ्य और फिटनेस पर प्रभाव का प्रमुख कारण स्मार्टफोन का बढ़ता उपयोग है। इसलिए स्मार्टफोन का उपयोग बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद की आदतों पर प्रभाव विषय पर अध्ययन महत्वपूर्ण हो जाता है। शोध हेतु उदयपुर जिले के, विशेष कर 6 से 9 वर्ष आयु वर्ग के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से पांचवी कक्षा में अध्यनरत 100 विद्यार्थियों का चयन किया गया है, जिसमें 10 प्राथमिक विद्यालयों में प्रत्येक में से 10–10 छात्रों का चयन किया गया है। शोध में वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक पद्धति अपनाई गई है। आंकड़ों का संग्रहण सर्वेक्षण प्रश्नावली अवलोकन तथा साक्षात्कार के माध्यम से यादृश्चिक नमूना पद्धतिद्वारा किया गया है। प्रत्यक्ष परीक्षण हेतु खेल गतिविधियों में बच्चों की भागीदारी का पता लगाया गया है। शोध से पता चला है कि अधिकांश 35% बच्चे प्रतिदिन 3 घंटे से अधिक स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं, जिससे बच्चों की खेलकूद गतिविधियों में भागीदारी कम हो रही है। अधिकांश 45% बच्चे खेलों व अन्य शारीरिक गतिविधियों में बिल्कुल भाग नहीं लेते जिसका प्रभाव बच्चों की शारीरिक सक्रियता पर पड़ता है जिससे 66% बच्चों का शारीरिक सक्रियता का स्तर बिल्कुल निम्न हो गया है।

इस प्रकार स्मार्टफोन उपयोग और शारीरिक सक्रियता गतिविधियों के बीच उल्टा संबंध पाया गया है। अधिक स्मार्टफोन उपयोग कम शारीरिक गतिविधि, कम स्मार्टफोन उपयोग अधिक शारीरिक गतिविधि।

सहसंबंध गुणांक (r) = 0.92 यह नकारात्मक उच्च सह संबंध है।

स्मार्टफोन विषय पर साहित्य समीक्षा से प्राप्त पूर्ववर्ती अध्ययनों ने भी स्मार्टफोन का बच्चों की शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य तथा शारीरिक गतिविधि पर प्रभावों को रेखांकित किया है। अधिकांश अध्ययनों में यह पाया गया है कि बच्चों में स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग शारीरिक गतिविधि और शारीरिक सक्रियता पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकता है। जिससे शारीरिक व मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित होता है और स्मार्टफोन का उपयोग बच्चों के जीवन को प्रभावित करता है। अत: बच्चों में बढ़ता स्क्रीन टाइम उनकी शारीरिक गतिविधियों में भागीदारी का घटना है जबकि 6 से 9 वर्ष शारीरिक विकास की अवस्था में खेलकूद व शारीरिक गतिविधि महत्वपूर्ण है। अधिक समय स्मार्टफोन उपयोग के कारण खेलने कूदने या शारीरिक गतिविधि के लिए समय और ऊर्जा कम बचती है जिससे दिनचर्या का अधिक स्थिर होना स्वाभाविक है। शारीरिक सक्रियता में कमी का प्रमुख कारण बच्चों की शारीरिक स्वास्थ्य का प्रभावित होना, फिटनेस, मोटापा, दृष्टि, व मानसिक स्वास्थ्य पड़ सकता है। लेकिन नियमित खेलकूद करने वाले बच्चों में संतुलन समन्वय सामाजिकता और स्वास्थ्य बेहतर पाया जाता है।

इस शोध में स्मार्टफोन उपयोग और शारीरिक सक्रियता के बीच नकारात्मक संबंध पाया गया है। जितना अधिक समय बच्चे स्मार्टफोन पर बिताते हैं, उतनी ही उनकी खेलकूद और शारीरिक गतिविधियों में भागीदारी कम हो जाती है। समाधान हेतु अभिभावकों को पारिवारिक स्तर पर स्मार्टफोन उपयोग पर समय सीमा तय हो, स्क्रीन टाइम नियंत्रण हेतु पारिवारिक नियमों का निर्धारण हो तथा बच्चों को दैनिक खेलकूद गतिविधियों के लिए आवश्यक रूप से प्रोत्साहित किया जाए। विद्यालय स्तर पर खेलकूद को अनिवार्य बनाकर खेलकूद के घंटे सभी विद्यार्थियों के लिए अनिवार्य हो। पारिवारिक, शैक्षिक तथा सामाजिक स्तर पर खेल नीति बने ताकि शारीरिक गतिविधियों में बढ़ोतरी हो। इस प्रकार यह शोध स्मार्टफोन के उपयोग, बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद की आदतों पर स्मार्टफोन के प्रभाव को स्पष्ट करता है। और नई डिजिटल शिक्षा नीति के लिए भविष्य हेतु महत्वपूर्ण उपयोगी मार्गदर्शन प्रदान करता है।

शब्द कुंजी – स्मार्टफोन, सक्रियता, शारीरिक, बच्चों ,स्वास्थ्य, खेलकूद।

प्रस्तावना – आधुनिक युग में स्मार्टफोन बच्चों के जीवन का महत्वपूर्ण हिस्सा बन चुका है। जो बच्चों के सामाजिक विकास को प्रभावित करता है। बच्चों का शारीरिक विकास उनके दैनिक क्रियाकलापों, आसपास के वातावरण, तथा सीखने की आदतों, व शारीरिक गतिविधियों के प्रभाव से बच्चों में शारीरिक सक्रियता का निर्माण होता है। स्मार्टफोन का अधिक प्रयोग मानव की शारीरिक क्रियो में कमी उत्पन्न कर रहा है जिससे शारीरिक शिथिलता वह अनेक शारीरिक विकार उत्पन्न हो रहे हैं (6 से 9 वर्ष) बच्चों में पड़ रहा है। बच्चों का शारीरिक विकास पर अध्ययन में स्मार्टफोन के

उपयोग से शारीरिक सक्रियता खेलकूद व्यायाम की गतिविधियों का बच्चों पर पढ़ने वाले प्रभाव का अध्ययन आज के युग की चर्चा का महत्वपूर्ण विषय है। बच्चे तेजी से स्मार्टफोन की ओर आकर्षित हो रहे हैं। स्मार्टफोन का अत्यधिक उपयोग शारीरिक सक्रियता खेलकूद गतिविधि वह स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव डालता है।

शोध समस्या– आजकल छोटे बच्चों में जिनकी उम्र 6 से 9 वर्ष है जो प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से कक्षा 5 तक अध्ययन कर रहे हैं ऐसे बच्चों में स्मार्टफोन का बढ़ता उपयोग उनकी शारीरिक सक्रियता को कम कर रहा है। शारीरिक सक्रियता में कमी के चलते बच्चों में दौड़ना, कूदना, खेलना, व्यायाम करना आदि परंपरागत खेलकूद की आदतों में कमी आ रही है। जिसका प्रभाव बच्चों के शारीरिक स्वास्थ्य पर पढ़ रहा है। इस विषय पर भारत के राजस्थान राज्य के उदयपुर जिले का अध्ययन महत्वपूर्ण है जो बच्चों के द्वारा स्मार्टफोन के अत्यधिक उपयोग के कारण शारीरिक सक्रियता खेलकूद वह स्वास्थ्य पर प्रभाव की जानकारी प्रदान करेगा।

शोध का उद्देश्य :

1. पता लगाना है की बच्चों द्वारा स्मार्टफोन का उपयोग किस उद्देश्य से किया जाता है और बच्चें कितने समय तक प्रतिदिन स्मार्टफोन उपयोग कर रहे हैं।
2. स्मार्टफोन उपयोग से बच्चों की शारीरिक सक्रियता किस स्तर पर प्रभावित हो रही है यह जानकारी प्राप्त करना।
3. बच्चों की शारीरिक गतिविधियों का पता लगाना और खेलकूद क्रियो में बच्चों की प्रतिभागिता, परंपरागत मैदानी खेलों पर पड़ने वाले प्रभाव का विश्लेषण करना।
4. स्मार्टफोन उपयोग का बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद की आदतों पर प्रभाव विषय पर अभिभावकों और शिक्षकों की भूमिका पहचाना।

शोध की सीमाएं– यह अध्ययन उदयपुर जिले के प्राथमिक विद्यालयों में कक्षा 1 से पांचवी कक्षा तक अध्यनरत नियमित विद्यार्थियों तक सीमित है जिन बच्चों की उम्र 6 से 9 वर्ष है यह शोध कार्य वर्णनात्मक और विश्लेषणात्मक पद्धति के अनुसार प्रश्नावली, साक्षात्कार और अवलोकन पर आधारित है। शोध में अन्य डिजिटल उपकरणों की बजाय केवल स्मार्टफोन के बच्चों की शारीरिक गतिविधि वह सक्रियता पर ध्यान केंद्रित किया गया है।

परिकल्पना:

H0: स्मार्टफोन के उपयोग से बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद पर कोई प्रभाव नहीं पड़ता है।

H: स्मार्टफोन के उपयोग से बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद पर नकारात्मक प्रभाव पड़ता है।

साहित्य की समीक्षा–

WHO (2021) के अनुसार 5 से 10 वर्ष के बच्चों का प्रतिदिन अधिकतम स्क्रीन टाइम 1 घंटे होना चाहिए। 1 घंटे से अधिक का स्क्रीन टाइम बच्चों की शारीरिक कमियों का कारण बन सकता है। साथ ही WHO की (2019) की रिपोर्ट में बच्चों की दैनिक शारीरिक गतिविधियां न्यूनतम 2 घंटे प्रतिदिन होना उनकी शारीरिक सक्रियता के लिए आवश्यक है।

जनेया (2015) ने प्राथमिक विद्यालयों के छात्रों की स्मार्टफोन के अति उपयोग की आदतों पर नियंत्रण और समायोजन के प्रभाव विषय पर अध्ययन किया जिसमें उपरोक्त दोनों कारकों के प्रभाव की जांच की गई इस अध्ययन में सियोल कोरिया के प्राथमिक विद्यालय के पांचवी कक्षा के छात्र शामिल थे। प्राप्त आंकड़ों की विश्लेषण के बाद निष्कर्ष रूप में कहा गया स्मार्टफोन के अति उपयोग पर नियंत्रण हेतु अभिभावकों का पारिवारिक नियंत्रण व विद्यालय स्तर पर कठोर नियंत्रण नीति से स्मार्टफोन के अति उपयोग को रोकने का सुझाव दिया गया।

इंडियन रिपोर्ट कार्ड ऑन फिजिकल एक्टिविटी (2022) विद्यार्थियों में स्क्रीन टाइम: 85% किशोर प्रतिदिन 120 मिनट स्क्रीन टाइम रिपोर्ट करते हैं। जिससे शारीरिक सक्रियता कम होती है और शारीरिक गतिविधि, खेल व्यायाम आदि में प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। खेलकूद, योग, व्यायाम आदि शारीरिक गतिविधियों को बढ़ाने के लिए नई स्क्रीन टाइम नियंत्रण नीति का निर्माण करना डिजिटल युग की महत्वपूर्ण आवश्यकता है।

अंतर्राष्ट्रीय जर्नल (2024) International Journal of Contemporary Pediatrics (RNT मेडिकल कॉलेज उदयपुर) द्वारा निम्न शोध विषय 'दक्षिणी राजस्थान में स्कूल के नियमित बच्चों में स्क्रीन आधारित मीडिया प्रयोग का स्वरूप एवं उसका प्रभाव' क्रॉस सेक्शनल अध्ययन में स्क्रीन आधारित मीडिया के उपयोग का शारीरिक मानसिक और शैक्षिक प्रभावों के विश्लेषण से पता चला कि अधिक स्क्रीन टाइम के कारण मानवीय व्यवहार में कई समस्याएं देखने को मिल रही हैं जिसमें जिज्ञासा व नींद की कमी, अवसाद एकाकीपन, तथा सामाजिक अलगाव की स्थिति देखी गई है।

शोध विधि– प्रस्तुत शोध समस्या का उद्देश्य स्मार्टफोन के उपयोग का बच्चों की शारीरिक गतिविधि और शारीरिक सक्रियता पर प्रभाव का अध्ययन करना है। अत: आंकड़े एकत्रित करने हेतु सर्वेक्षण विधि का चयन किया जाता है।

न्यादर्श : उदयपुर जिले के 10 विद्यालयों में अध्यनरत कक्षा 1 से कक्षा 5 तक नियमित विद्यार्थी जिनकी संख्या 100 है का चयन न्यादर्श के रूप में किया गया है। प्रत्येक विद्यालय से 10 छात्रों का चयन किया गया है।

आश्रित चर : आयुवर्ग (6 से 9 वर्ष) कक्षा 1 से 5 वी कक्षा में पढ़ने वाले विद्यार्थी।

स्वतंत्र चर : स्मार्टफोन का बढ़ता उपयोग।

उपकरण: प्रस्तुत शोध में शोधकर्ता द्वारा जिस समस्या का चयन किया गया उसके लिए उपकरण के रूप में प्रश्नावली का निर्माण किया गया। जिसमें 22 प्रश्न स्मार्टफोन के उपयोग से संबंधित लिए गए।

डेटा विश्लेषण: बच्चों की कुल संख्या 100 है जिनका चयन यादृश्चिक नमूना पद्धति से किया गया है। तालिका एक में बच्चों का स्मार्टफोन दैनिक उपयोग प्रतिशत में तथा तालिका दो में बच्चों की खेलकूद गतिविधियों में भागीदारी तालिका तीन में (शारीरिक सक्रियता)और तालिका कर में (अभिभावकों द्वारा स्मार्टफोन पर नियंत्रण) का विवरण दिया गया है।

क्र.	समय (घंटे)	संख्या N=100	प्रतिशत (%)
1	0 – 1	15	15 %
2	1 – 2	19	19 %
3	2 – 3	31	31 %
4	3 घंटे से अधिक	35	35 %
		कुल: 100	कुल:100 %

तालिका: 1 बच्चों का स्मार्टफोन उपयोग (प्रतिदिन)(X=घंटे)

क्र.	खेलकूद गतिविधि	संख्या N=100	प्रतिशत (%)
1	नियमित खेलकूद में भागीदारी	31	31 %
2	कभी कभी भागीदारी	24	24 %
3	खेलों में नहीं भाग लेने वालें बच्चें	45	45 %
		कुल: 100	कुल: 100 %

तालिका: 2 बच्चों की खेलकूद गतिविधियों में भागीदारी

तालिका 2 में खेलकूद में नियमित भागीदारी बराबर 31% है। तथा कभी-कभी खेलकूद में भाग लेने वाले छात्र 24% हैं। खेलकूद क्रियो में भाग नहीं लेने वाले छात्रों का प्रतिशत 45 है इन्हीं को उच्च/मध्यम/निम्न के रूप में मानकर शारीरिक सक्रियता का स्तर निकल गया है।

तालिका: 3 शारीरिक सक्रियता का स्तर (y)

क्र.	शारीरिक सक्रियता का स्तर (y)	संख्या N=100	प्रतिशत (%)
1	उच्च	15	15 %
2	मध्यम	19	19 %
3	निम्न	66	66 %
		कुल:100	कुल:100 %

तालिका: 4 अभिभावकों द्वारा स्मार्टफोन पर नियंत्रण

क्र.	नियंत्रण का स्तर	संख्या N=100	प्रतिशत (%)
1	नियंत्रित	34	34 %
2	असीमित	66	66 %
	योग	100	100 %

तालिका: 4 से (स्मार्टफोन उपयोग) समय के आधार पर अनुमान लगाया गया है, अनुमान (उपयोग का समय पर आधारित) है।

बहुत कड़ा नियंत्रण: दैनिक उपयोग 0 से 1 घंटा (अधिक नियंत्रित)।

मध्य नियंत्रण: 1 से 2 घंटे।

कमजोर नियंत्रण/कोई नियंत्रण नहीं : 2 या 3 घंटे से अधिक।

अभिभावकों के वास्तविक नियंत्रण डेटा चित्र में नहीं दिए गए इसलिए शोधकर्ता ने स्मार्टफोन के दैनिक उपयोग समय तालिका एक से नियति अनुमान किया। कम उपयोग जीरो से एक घंटा को कड़ा नियंत्रण, मध्य उपयोग एक से दो घंटा को मध्य नियंत्रण तथा दो या उससे अधिक घंटा उपयोग को कमजोर नियंत्रण या कोई नियंत्रण नहीं माना है।

तालिका 2 की व्याख्या: तालिका 2 से स्पष्ट होता है की अध्ययन में सम्मिलित बच्चों में 31% बच्चे नियमित रूप से खेलकूद गतिविधियों में भाग लेते हैं।जिन्हें उच्च शारीरिक सक्रियता स्तर का माना गया है। वहीं 24% बच्चे कभी-कभी खेलकूद में भाग लेते हैं जिन्हें मध्यम सक्रियता स्तर में रखा गया है। जबकि 45% बच्चे खेलकूद गतिविधियों में बिल्कुल भाग नहीं लेते अत: उनका शारीरिक सक्रियता स्तर निम्न पाया गया है। इसका मतलब यह हुआ कि बच्चों की बड़ी संख्या (लगभग आधे बच्चे) शारीरिक गतिविधियों से वंचित हैं, जो उनके स्वास्थ्य और सर्वांगीण विकास के लिए चिंताजनक स्थिति है।

तालिका 4 की व्याख्या: तालिका 4 के अनुसार अभिभावकों द्वारा बच्चों के स्मार्टफोन उपयोग पर नियंत्रण की स्थिति मिश्रित पाई गई है। केवल 34% बच्चों का स्मार्टफोन नियंत्रित है अर्थात हुए प्रतिदिन 2 घंटे से कम समय तक ही स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं जबकि 66% बच्चों का उपयोग असीमित है अर्थात हुए प्रतिदिन 2 घंटे से अधिक समय तक स्मार्टफोन का उपयोग करते हैं। इस प्रकार अधिकांश अभिभावक बच्चों के स्मार्टफोन उपयोग पर पर्याप्त नियंत्रण नहीं रख पा रहे हैं। जिसकी परिणाम स्वरुप बच्चों में अत्यधिक उपयोग की प्रवृत्ति विकसित हो रही है।

दिए गए आंकड़ों के अनुसार (तालिका एक तालिका दो और तालिका तीन) से हम स्मार्टफोन उपयोग (घंटे के आधार पर) और शारीरिक सक्रियता के स्तर के बीच सह संबंध गुणांक (Correlation Coefficient) ज्ञात करने से पूर्व इसे निम्न प्रकार से चरणबद्ध किया गया हैं :

चरण: 1

सह संबंध गुणांक ज्ञात करना आंकड़े व्यवस्थित करना स्मार्टफोन का उपयोग (x= घंटे)

0-1 = 15

1-2 = 19

2-3 = 31

3 घंटे से अधिक=35

शारीरिक सक्रियता स्तर (y)

उच्च = 15

मध्यम = 19

निम्न = 66

अब दोनों को तुलनीय पैमाने पर लाने पर

0-1 घंटे = उच्च सक्रियता

1-2 घंटे = मध्यम सक्रियता

2-3 और 3घंटे = निम्न सक्रियता

चरण: 2 समांतर सारणी बनाना

स्मार्टफोन का उपयोग (y)	विद्यार्थी (%)	शारीरिक सक्रियता (y)	विद्यार्थी (%)
कम (0-1)	15	उच्च	15
मध्यम (1-2)	19	मध्यम	19
अधिक (2-3)	31	निम्न	66 (वितरीत)
अत्यधिक (3)	35		

यहां से साफ दिखता है कि जैसे-जैसे स्मार्टफोन का उपयोग बढ़ता है वैसे-वैसे शारीरिक सक्रियता घटती है।

चरण:3 सहसंबंध निकालना:

सहसंबंध निकालने हेतु पियर्सन सहसंबंध सूत्र का प्रयोग किया गया हैं।

$$r = \frac{n(\Sigma xy)-(\Sigma x)(\Sigma y)}{\sqrt{[n\Sigma x2-(\Sigma x)2]\,[n\Sigma y2-(\Sigma y)2]}}$$

चरण:4 अनुमानित कोडिंग:

- स्मार्टफोन उपयोग स्तर (x): 1=कम, 2 मध्यम, 3=अधिकतम , 4 अत्यधिक
- शारीरिक सक्रियता का स्तर (y): 3 उच्च, 2= मध्यम, 1=निम्न,

अब प्रतिशत को अनुपात मानकर:

x (स्मार्टफोन)	y (सक्रियता)	विद्यार्थी प्रतिशत
1	3	15 %
2	2	19 %
3	1	31 %
4	1	35 %

चरण: 5 गणना–

अब **Weighted correlation** निकालने पर:

- ΣX = (115 + 219+ 331 + 435) = 15+38+93+140 = 286
- ΣY = (315 + 219 + 131 + 135) = 45+38+31+35 = 149
- ΣXY=(1315+2219+3131+4135)= 45+76+93+140 = 354
- ΣX^2=($1^2$15 +$2^2$19 +$3^2$31 +$4^2$35)=15+76+279+560= 930
- ΣY^2=($3^2$15 + $2^2$19 +$1^2$31 +$1^2$35)=135+76+31+35= 277
- N = 100

अत: सूत्र

$$r = \frac{n(\Sigma xy)-(\Sigma x)(\Sigma y)}{\sqrt{[n\Sigma x2-(\Sigma x)2][n\Sigma y2-(\Sigma y)2}}$$

$$r = \frac{100\ (354) - (286)\ (149)}{\sqrt{[100(930)-(286)^2]\ [100(277)-(149)^2]}}$$

$$r = \frac{35400-42614}{\sqrt{[93000-81796]\ [27700-22201]}}$$

$$r = \frac{-\ 7214}{\sqrt{(11204)\ (5499)}}$$

$$r = \frac{-\ 7214}{\sqrt{61505896}}$$

$$r = \frac{-\ 7214}{7842}$$

r = -0.92

अंतिम परिणाम सहसंबंध गुणांक (r) = 0.92

यह (नकारात्मक उच्च सह संबंध) (Negative High Correlation) हैं। मतलब जितना अधिक स्मार्टफोन का उपयोग होगा उतनी ही कम बच्चों की शारीरिक सक्रियता और खेलकूद की भागीदारी होगी।

परिणाम एवं निष्कर्ष:

परिणाम– संग्रहित आंकड़ों का सांख्यिकी विश्लेषण करने के उपरांत स्मार्टफोन के उपयोग और बच्चों की शारीरिक सक्रियता के मध्य अत्यधिक नकारात्मक सहसंबंध पाया गया है। सहसंबंध गुणांक r=0.92 प्राप्त हुआ, जो यह संकेत करता है कि जैसे–जैसे बच्चों का स्मार्टफोन उपयोग बढ़ता है, वैसे वैसे उनकी शारीरिक सक्रियता एवं खेलकूद की गतिविधियों में सहभागिता में उल्लेखनीय कमी आती है।

पर्यावरण के शब्द में यह ध्वनि होता है कि 'परि' एवं 'आवरण' से मिलकर 'पर्यावरण' शब्द का जन्म हुआ। 'परि' अर्थात् चारों ओर एवं आवरण यानि घेरा। मतलब पर्यावरण प्रकृति की ऐसी संरचना है, जो कि हमारे चारों तरफ एक आवरण की तरह है। इसके अन्तार्गत जैविक और अजैविक यानि मृदा, जल, वायु तथा रसायन, पौधे, पशु तथा सूक्ष्मय जीवाणु आते है और इन्हीग सभी चीजों के संरक्षण को जो स्थलमण्डल, वायुमण्डल एवं जलमण्डल से मिलकर बना है, इसी को पर्यावरण संरक्षण कहा जाता है। इसी के अन्तर्गत विधिक पर्यावरण की बात की जाए, तो विधिक पर्यावरण का आशय उन कानूनों, नियमों, विनियमों और नीतियों से है जो कि किसी देश, राज्य या समाज में व्यवसायिक गतिविधियों, व्यक्तिगत व्यवहार और सामाजिक संबंधों को नियंत्रित करता है।

'हम सब मिलकर पर्यावरण से हाथ मिलाऐंगे
हर रोज अपना कुछ समय पर्यावरण संरक्षण में लगाऐंगे'

पर्यावरण संरक्षण वर्तमान के साथ प्राचीन भारत से भी एक गंभीर विषय रहा है यदि हर व्यक्ति पर्यावरण संरक्षण के लिए अपना कुछ समय देता है, तो हम धीरे-धीरे सतत् प्रयास के द्वारा पर्यावरण के लिए एक अच्छे साधनों को खोज पाऐंगे। प्रति व्योक्ति का यह कर्त्तव्य है, कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अपने स्तर पर प्रयास करें क्योंकि व्यक्ति से ही समाज बनता है और समाज से राज्य और राज्यों से देश का निर्माण होता है। हर स्तर पर इसकी भूमिका इतनी महत्त्वपूर्ण है। छोटे-छोटे प्रयासों के द्वारा व्यक्ति जागरुकता के साथ पर्यावरण संरक्षण कर सकता है। पर्यावरण संरक्षण आज की दुनिया का गंभीर एवं महत्त्वपूर्ण विषय है। पर्यावरण संरक्षण के लिए बड़े स्तर पर प्रयास के साथ छोटे-छोटे स्तर पर भी प्रयास किया जाना चाहिये। पर्यावरण संरक्षण सिर्फ मनुष्य जाति के विकास के लिए ही नहीं बल्कि हर प्रकार के जीव जन्तु और वनस्पति के लिए भी अत्यंत आवश्यक है क्योंकि हम सभी एक आवरण में बंधे हुए हैं। हमारे लिए एक दूसरे के साथ पर्यावरण में रहना आवश्यक है, जिससे कि पारिस्थिति के अनुकूल हो।

आज के इस विषय में पर्यावरण संरक्षण भारत के पुनरुत्थान के लिए एक महत्त्वपूर्ण विषय है। भारत में हजारों प्रकार के जीव जन्तु एवं वनस्पति है, जिसके लिए पर्यावरण को समय-समय पर संरक्षित किया गया है। भारत का विकास मनुष्य के द्वारा और मनुष्य के स्वस्थ मन एवं शरीर का विकास पूर्णत: पर्यावरण पर निर्भर है।

पर्यावरण संरक्षण से जुड़ी विधियों – पर्यावरण को बचाना न सिर्फ हमारी नैतिक जिम्मेदारी है, बल्कि यह हमारी विधिक जिम्मेदारी भी हो गई है। भारत हमारा पहला देश है, जिसने पर्यावरण संरक्षण को भारत में संविधान के अंतर्गत मूलभूत कर्तव्य में शामिल किया गया है। भारतीय संविधान के अनुच्छेद 48 ए में यह प्रावधान है, कि राज्य देश के पर्यावरण संरक्षण तथा सुधार और वनों तथा वन्य जीवन की रक्षा करने का प्रयास करेगा।

वहीं अगर भारतीय संविधान के अंतर्गत मौलिक कर्तव्य की बात की जाए तो अनुच्छेद 51 ए यह कहता है, कि भारत के हर नागरिक का एक कर्तव्य होगा, कि वह नदियों तथा वन्य जीवन सहित प्राकृतिक पर्यावरण का संरक्षण

सुधार करें और सभी सजीव प्राणियों के प्रति करुणा का भाव रखें।

पर्यावरण संरक्षण को एक वैश्विक समस्या मानी गई है और एक जिम्मेदारी भी मानी गई है। पर्यावरण से जुड़ी वैश्विक चुनौतियों को ध्यान में रखते हुए 1972 में स्टॉकहोम में मानव पर्यावरण के संबंध में संयुक्त सम्मेलन हुआ, जिसमें 113 देशों ने भाग लिया।

इसके आगे अगर भारतीय संविधान की बात की जाए तो संघ सूची, राज्य सूची और समवर्ती सूची के अंतर्गत भी पर्यावरण में काफी चीजों को बताया गया है। जैसे कि संघ सूची के 56 वां शीर्षक अंतरराष्ट्रीय नदियों और नदी घाटियों के निर्माण से संबंधित है, वही 57 वां शीर्षक राज्य क्षेत्रीय सागर खंड में मछली पकड़ने से संबंधित है, वही हम राज्य सूची के विषय की अगर बात करते हैं, तो 14 वां शीर्षक में कृषि कीड़े सुरक्षा पौधों की बीमारियों को बताया गया है, 17वीं शीर्षक में जलप्रपात, सिंचाई नहर, जल विकास गठबंधन आदि चीजों को बताया गया है। समवर्ती सूची की अगर बात करें तो 17 ए में वनों को स्थान दिया गया है, 17बी के अंतर्गत वन्य पशु एवं पक्षियों को संरक्षण प्रदान किया गया है।

पर्यावरण और कानून का संबंध बहुत ही पुराना है। पर्यावरण के लिए पहले भी स्वतंत्रता से पूर्व कई नियम बनाए गए थे और उसके बाद भी गए कानून बनाए गए इनमें से एक कानून पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986 है, जो कि वर्ष 1972 के स्टॉकहोम सम्मेलन के बाद भारत में यही नियम लागू किया गया। इसमें पर्यावरण से जुड़ी हर चीजों को लाया गया। इसकी सबसे खास बात यह है कि कोई भी व्यक्ति अधिनियम का अगर उल्लंघन करता है तो उसके विरुद्ध मुकदमा लाया जा सकता है और सक्षम अधिकारी को भी सूचित किया जा सकता है।

वहीं पर्यावरण संरक्षण में अगर हम बात करें तो वायु प्रदूषण निरोध एवं नियंत्रण अधिनियम 1981 लाया गया जो की वायु प्रदूषण से संबंधित था। जिनमें कंपनियों द्वारा जो वायु प्रदूषण फैलाया जाता है या गाड़ियों को इसमें शामिल किया गया। इस अधिनियम के अंतर्गत धारा 20 के तहत मोटर वाहन रजिस्ट्रेशन प्राधिकारी राज्य सरकार को यह अधिकार है कि वह मोटर वाहनों से निकलने वाले खतरनाक पदार्थों को नियंत्रित करें।

वहीं पर्यावरण संरक्षण में अगर बात करें तो वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम 1972 लाया गया जिसके अंतर्गत जंगली जानवरों को संरक्षण प्रदान किया गया और राष्ट्रीय उद्यानों और राष्ट्रीय पार्क को अभ्यारण की देखभाल की गई और इसके अंदर रहने वाले जीव जंतुओं को सुरक्षा प्रदान की गई और उनके लिए कड़े से कड़े कानून बनाए गए।

पर्यावरण संरक्षण के लिए जल प्रदूषण निरोध एवं नियंत्रण अधिनियम 1974 भी लाया गया, जिसमें जल के भौतिक रासायनिक अथवा जैविक गुना को किसी भी प्रकार के द्रव गैस पदार्थों के प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से प्रभावित होने वाली अशुद्धियां सभी को ध्यान रखा गया और यह देखा गया कि क्या जल प्रदूषण किसके द्वारा फैलाया जा रहा है और उसके लिए एक दंड की व्यवस्था भी की गई।

पर्यावरण संरक्षण के लिए पर्यावरण से संबंधित विवादों को निपटागन के लिए राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण की स्थापना की गई इस नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल भी कहा जाता है इसका मुख्यालय भोपाल बनाया गया।

पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय ज्ञान परम्पीराऐं – पर्यावरण संरक्षण एवं भारतीय ज्ञान परंपराएं का संबंध एक दूसरे से बहुत ही अटूट है। यदि हम पर्यावरण की संरक्षण के लिए मानव जाति की बात करें, तो यह मानव जाति प्राचीन काल से आज वर्तमान तक पर्यावरण संरक्षण के लिए कार्य कर रही है। यह पर्यावरण संरक्षण कहीं वेदों, उपनिषदों और यजुर्वेदों, रामायण काल आदि युगों में रहा है। प्रकृति मनुष्य की परंपरा ही नहीं बल्कि संस्कृति भी है, जो कि हमारी रोजमर्रा के जीवन से जुड़ी रीति रिवाज में शामिल हो गई है। जैसे तुलसी विवाह, आम के वृक्ष की पूजा, आंवला नवमी जिसमें आंवला वृक्ष की पूजा की जाती है, आदि सभी रीति रिवाज न सिर्फ हमें मन और तन की ताजगी देते हैं, बल्कि प्रकृति की संरक्षण में भी मदद करते हैं। हमने इतिहास के पन्नों को भी देखा कहीं ना कहीं पर्यावरण के प्रति दृष्टिकोण हमारा सकारात्मक ही मिला है। सिंधु सभ्यता के युग में आर्यों की जीवन शैली ने पर्यावरण प्रेम को दर्शाया है। वह विशेष रूप से वृक्ष पूजा करते थे। आर्यों के द्वारा प्रारंभ की गई यह प्रक्रिया एवं परंपरा बाद में भी जीवित रही। कौटिल्य के अर्थशास्त्र में अभ्यारण की पांच श्रेणियां होती थी, चंद्रगुप्त के समय वन की भी सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिया जाता था, सम्राट अशोक के शासनकाल में सर्वप्रथम वन्य जीवों के संरक्षण हेतु नियम बनाए गए थे और उसके पश्चात भी सिलसिला चलता ही रहा।

भारतीय ज्ञान परंपरा में पर्यावरण को अत्यधिक महत्व दिया गया है, जहां वेदों और उपनिषदों की बात की जाती है, वही साधु संतों के द्वारा पर्यावरण से जुड़ी बातें मिलती हैं। भारतीय संस्कृति में पर्यावरण संरक्षण के लिए कई प्रथाओं का जन्म हुआ कई प्रथाएं पुरानी थी और साथ में कहीं रीति रिवाज भी पर्यावरण संरक्षण से जुड़े हुए हैं। जैसे कि हम आपको बताएं कि मानव जाति के लिए हर त्यौहार कहीं ना कहीं पर्यावरण के संरक्षण को दर्शाता है। वेदों में पर्यावरण के महत्व उनकी रक्षा के प्रति जागरूकता को दर्शाया गया है। वह हमारे लिए एक बहुत बड़ा आधार है, कि प्राचीन काल में हमारी शिक्षा इन वेदों पर ही निर्भर थी। हमारी शिक्षा के अंतर्गत वेदों के द्वारा हमें पर्यावरण की सुरक्षा के नियम बताए गए थे। वेदों में वायु को प्राण वायु कहा गया है और वायु संरक्षण की बात बताई गई है, इसलिए वेदों में अंतरिक्ष में आने वाली पराबैंगनी एवं अन्य जहरीली गैस से पृथ्वी को कैसे बचाया जा सकता है, कहीं ना कहीं इनका भी उल्लेख मिलता है। वेद हमारे लिए एक महत्वपूर्ण आधार है।

भारतीय संस्कृति में वृक्षों को पूज्य माना गया है। जैसे कि हम कहें तो पीपल का पेड़ जिनकी पूजा की जाती है, वट वृक्ष, तुलसी का पेड़, बीलपत्र जो की शिवजी को चढ़ाए जाते हैं, जिससे कि अन्य और भी वृक्ष है, जैसे आंवले का वृक्ष इन सभी वृक्षों की पूजा की जाती है, साथ ही जलवायु अग्नि इनको भी देवता स्वरूप माना गया है। समुद्र और नदी का भी पूजन करने का रिवाज प्राचीन काल से ही हमारे भारत में माना गया है। नदियों की पूजा हम इसलिए किया करते हैं क्योंकि नदियों का स्वच्छ पानी हमें पीने के काम और खेती करने के काम में आता है, इसलिए नदियों को स्वच्छ रखना हमारा दायित्व है इसलिए नदियों की पूजा हम करते हैं। जैसे की नदियों में गंगा, सिंधु, सरस्वती, यमुना, गोदावरी, नर्मदा आदि नदियां हैं, जिनका उल्लेख हमें आर्यों के काल में भी देखने को मिलता है। इन्हीं सब की पूजा की जाती है। धरती को भी धरती माता का दर्जा दिया गया है, जिससे कि व्यक्ति जहां रह रहा है वहां को स्वच्छ रखें। पुराने काल में जब व्यक्ति गुरुकुल में पढ़ाई किया करते थे, तो वह अपनी रोज दिनचर्या का कुछ समय पर्यावरण संरक्षण को दिया करते थे। पर्यावरण संरक्षण का पाठ इसलिए उन्हें पढ़ाया जाता था जिससे कि व्यक्ति अपने आसपास के वातावरण को स्वच्छ रख सके और सकारात्मक सोच का जन्म हो सके क्योंकि ऐसा माना जाता है कि अगर हम

अपने आसपास का वातावरण प्रदूषित रखते हैं, तो हमारे मन में विचार भी प्रदूषित ही आते हैं। भारतीय ज्ञान परंपरा को पर्यावरण से जोड़ने के लिए यह बहुत ही आवश्यक है, कि हम कुछ ऐसे कार्य करें जिससे हमारे भारतीय ज्ञान परंपरा को एक नई दिशा मिल सके। जैसे कि हमें वृक्षारोपण लगातार करते रहना चाहिए, प्रकृति मैं वन संरक्षण करते रहना चाहिए, पर्यावरण के लिए जागरूकता फैलानी चाहिए, स्कूल के स्तर पर बच्चों के क्लासेस में पर्यावरण संरक्षण को लेकर हमेशा एक विषय होना चाहिए, पर्यावरण दिवस के अंतर्गत हमें हर साल कार्यक्रम आयोजित करवाने चाहिए।

प्राचीन भारतीय परम्पराओं में पर्यावरण संरक्षण – प्राचीन भारतीय परम्पराओं में पर्यावरण संरक्षण के लिए महत्त्वपूर्ण बुनियाद भारत के तपस्वियों, ऋषियों, मुनियों द्वारा रखी गई और इन्हें समय समय पर आगे हमारे राजाओं और सम्राटों के द्वारा बढ़ाया गया। प्रकृति हमारे लिए पूजनीय थी। प्राचीन काल से आज भी कई जगहों पर प्रकृति को देवता और उससे जुड़ी चीजों की पूजा की जाती है क्यों कि उनका मानना है कि यही हमारे जीवन को संरक्षित करती है। हमने स्वयं को प्रकृति व पर्यावरण का हिस्सा माना और परंपराओं के विकास के साथ सूर्य, जल, पर्वत, सागर, नदियों, पेड़-पौधे, जीव-जन्तु एवं वनस्पतियों आदि को पूज्य, माना है। हमारी लोक संस्कृति एवं तीज – त्यौहार एवं हर चीज में पर्यावरण की झलक देखने को मिलती है, जैसे :-

- हमारे यहां बसंत महोत्सव जिसे ऋतुओं का राजा कहते हैं।
- हमारे यहां वेदों में पर्यावरण संरक्षण एवं सिद्धांत पाए जाते हैं।

'प्रकृति रक्षति रक्षिता'

- अथर्ववेद के अन्तकर्गत भूमिसूक्तव में

अरण्यंर ते पृथिवी स्योरनमस्तुं
मातरम् औषधीनाम
मा ते मर्म विमृग्वपरि मा ते ह्रदयमर्पितम्।

(अर्थात् है भूमि, तेरे वन हमारे लिए सुखदायी हो। भूमि तेरे वृक्षों को मैं इस तरह काटूं कि वे शीघ्र ही पुन: अंकुरित हो जाए। भूमि को औषधियों की माता माना गया है।)

- राजस्थान के बिस्नोंई समाज के द्वारा पर्यावरण संरक्षण के लिए किए गए कार्य सराहनीय हैं।
- पर्यावरण संरक्षण के अन्तोर्गत प्राचीन काल की परम्पराओं में जैव विविधता देखी गई है, जिसके अन्तरर्गत जीव जन्तुत का संरक्षण भी सर्वोपरि माना गया है। भारत के आदिवासी क्षेत्रों में जीव जन्तुत, वृक्ष एवं वनस्पति को आज भी पूजा जाता है।
- हमारे भारतीय दर्शन में पर्यावरण को ईश्वर के प्रतिरूप के रूप में सम्मानित व संरक्षणीय माना गया है और तैत्तरीयोपनिषद में कहा गया है 'ईश्वरीय आत्मा से आकाश की, आकाश से वायु की, वायु से अग्नि की और अग्नि से जल तथा जल से पृथ्वी की उत्पत्ति हुई। पृथ्वी ने वनस्पति उपजाई, अन्न दिया और मानव जाति सहित असंख्य जीव जन्तु को पैदा किया। इस सृष्टि में प्रत्येक जीव जंतु की अहम भूमिका है।
- पर्यावरण संरक्षण के प्रति हम प्राचीनकाल से अत्यंत सजग और चेतन रहें। इस संदर्भ में यजुर्वेद की इन पंक्तियों का उल्लेख आवश्यक है।

'वनाना पतये नम'
वृक्षाणां पतये नम'
औषधीनां पतये नम'
अरण्यांनां पतये नम'

ऋषि मुनियों के द्वारा भी समय समय पर पर्यावरण को एक शांति एवं विकास का प्रतीक बताया गया है। कहा जाता है जहाँ पर पर्यावरण संरक्षण होता है वहाँ मनुष्य का विकास निरंतर होता है, वहाँ वायु, जल और स्थल इतने स्वच्छ होते हैं कि वह व्यक्ति को सकारात्मक सोच का प्रादुर्भाव होता है जिससे व्यक्ति निरंतर विकास की ओर अग्रसर होता है। पर्यावरण संरक्षण आज से नहीं बल्कि प्राचीन काल से ही व्यक्तियों के द्वारा किया जा रहा है। जो कि प्रत्येक व्यक्ति के लिए एक पूजा के रूप में या कार्य का एक भाग होता था जिससे उन्हें जीवन में जीने के लिए एक स्वच्छ वातावरण मिले।

निष्कर्ष – पर्यावरण में रह रहे मनुष्य के लिए पर्यावरण संरक्षण एक गंभीर मुद्दा है। यदि हमने पर्यावरण को संरक्षण प्रदान नहीं किया, तो हम मनुष्य को भी संरक्षण प्रदान नहीं कर पाएंगे। आने वाली परिस्थितियों के लिए मनुष्य ही जिम्मेदार होगा। प्राचीन ज्ञान परंपराओं में पर्यावरण संरक्षण को लेकर जो नियम बनाए गए थे, यह सिद्धांत थे, पर बहुत ही प्रभावशाली थे। जैसे-जैसे जनसंख्या बढ़ना शुरू हो गई और व्यक्ति सकारात्मक सोच की बजाय नकारात्मकता की ओर अग्रसर होने लगा, वहां पर पर्यावरण संरक्षण की जगह पर्यावरण का दोहन होने लगा।

भारत के पुनरुत्थान के लिए पर्यावरण का विषय एक बहुत ही अच्छा विषय है। यह विधि के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण कैसे किया जाता है और इसमें स्वदेशी ज्ञान परंपराओं की भूमिका किस प्रकार है। यदि हम एक विकसित भारत की कल्पना करते हैं, तो हमारे लिए मानव जाति के विकास के लिए पर्यावरण का संरक्षण बीच महत्वपूर्ण विषय है। पर्यावरण संरक्षण पुराने काल में कुछ ऐसी परंपराओं के साथ किया जाता था, कि उसका केंद्र बिंदु मनुष्य के साथ जीव जंतु वनस्पति की रक्षा करना होता था। इसलिए भारत के पूर्व स्थान के लिए अत्यधिक आवश्यक है, की विधि के साथ पर्यावरण संरक्षण एवं स्वदेशी ज्ञान परंपराओं का भी ध्यान रखा जाए। क्योंकि मानव जाति के विकास के साथ ही देश यानी भारत का विकास सुनिश्चित है और मानव जाति के लिए उसके पद पद पर विकास के लिए पर्यावरण संरक्षण एक आवश्यक प्रक्रिया है। जो कि स्वस्थ मन के साथ स्वस्थ मनुष्य को जन्म देती है, जिससे व्यक्ति बेहतर तरीके से भारत के पूर्व स्थान में योगदान देगा। जल, जीवन, मनुष्य, वनस्पति यह सब पर्यावरण संरक्षण का एक भाग है, जिससे निश्चित ही भारत का पुनरुत्थान होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी (परीक्षा मंथन : अनिल अग्रवाल)
2. पर्यावरणीय विधि (चुनौतियाँ, विश्लेषण और भविष्य : अनूप कुमार और प्रो. बी.सी. निर्मल)
3. पर्यावरण एवं पर्यावरण संरक्षण विधि की रूपरेखा (डा. अनिरूद्ध प्रसाद)
4. पर्यावरण अध्ययन (मोतीलाल बनारसीदास)
5. पर्यावरण एवं पारिस्थिति (माजिद हुसैन)
6. इंटरनेट
7. न्यूजपेपर लेख जनसत्ता (पर्यावरण की खातिर)
8. पर्यावरण : भारत सरकार (पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय नई दिल्ली : लेखक आर. के. गुप्ता, ऋचा शर्मा)
9. ENN : Environment News Network
10. पर्यावरण पत्रिका : पर्यावरण, वन और जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की हिन्दी पत्रिका

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

A Study of the Role of FMCG Companies in the Development of the Rural Economy

Nitin Karoliya* **Dr. Rishi Sharma****

*Research Scholar, Barkatullah University, Bhopal (M.P.) INDIA
** Associate Professor, SIRT-E, Bhopal (M.P.) INDIA

Abstract: The Fast-Moving Consumer Goods (FMCG) sector is one of the largest contributors to the Indian economy and has a significant influence on rural development. This study analyses how FMCG companies support the growth of the rural economy through employment generation, market expansion, supply chain development, improved standards of living, and empowerment of rural consumers. The paper explores major initiatives, challenges, and opportunities faced by FMCG firms in rural India. It also highlights the role of government policies and digital technologies in improving rural penetration. Findings indicate that FMCG companies have become a major driver of economic activity in rural areas by creating jobs, improving income stability, promoting entrepreneurship, and ensuring access to essential goods.
Keywords: Entrepreneurship, Govtpolicises, Economy, Challenges, Supply Chain management.

Introduction - India's rural population accounts for nearly 65% of the total population, making the rural economy a critical foundation of national development. The FMCG industry, which includes daily-use products such as food, beverages, personal care, and household items, plays a crucial role in shaping economic growth in rural India. Over the last two decades, the sector has witnessed rapid expansion in rural markets due to rising incomes, better connectivity, and increasing awareness among rural consumers. This paper studies the various ways in which FMCG companies contribute to rural economic development and identifies the challenges and future opportunities.

Review of Literature

Several studies have highlighted the importance of rural markets for FMCG companies:

1. Nielsen Report (2022) stated that rural FMCG consumption is growing faster than urban consumption because of increasing purchasing power and deeper distribution networks.

2. McKinsey India (2023) reported that rural India contributes nearly one-third of total FMCG sales and will drive future growth.

3. Academic studies emphasize that FMCG firms help develop rural infrastructure, improve employment opportunities, and increase access to branded and quality products.

Research Objectives:

1. To study the contribution of FMCG companies to rural economic development.
2. To identify key initiatives taken by FMCG firms in rural areas.
3. To understand the impact of FMCG-driven employment and supply chains on rural income.
4. To examine the challenges faced by FMCG companies in expanding in rural markets.
5. To suggest measures to strengthen the role of FMCG firms in supporting rural growth.

Research Methodology:

1. Type of Research: Descriptive and analytical

2. Data Source: Secondary data from reports, journals, government publications, FMCG annual reports

3. Data Collection: Online databases, industry reports (Nielsen, KPMG, McKinsey), and published literature

4. Scope: Focus on Indian rural markets and major FMCG companies like Hindustan Unilever Ltd. (HUL), ITC, Nestlé, Dabur, and Patanjali.

Overview of FMCG Sector in India: The FMCG sector is the fourth-largest sector in India. It includes three main categories:

1. Food and Beverages – Dairy, snacks, cereals, packaged foods

2. Personal Care – Soap, shampoo, cosmetics, hygiene products

3. Home Care – Detergents, cleaning products, insecticides

Rural markets contribute nearly 30–35% of the total FMCG revenue, making them a key growth driver.

Importance of Rural Economy in India: The rural economy is vital because:

1. It employs more than 50% of India's workforce.
2. Agriculture and allied activities provide livelihoods to millions.
3. Rural consumers are increasingly adopting branded products.
4. Government schemes (Digital India, PMGSY roads, SHGs) have strengthened market access.

Role of FMCG Companies in the Development of the Rural Economy

Employment Generation:

1. FMCG firms create jobs through manufacturing units, distribution networks, and retail markets.
2. Companies like HUL and ITC hire local people as rural sales promoters and distributors.
3. Rural youth gain stable income and skill development opportunities.



Development of Rural Supply Chains:

1. FMCG companies build storage units, transport networks, warehouses, and last-mile connectivity.
2. This improves the overall infrastructure of rural areas.

Promotion of Rural Entrepreneurship

1. Companies train Self Help Groups (SHGs), women groups, and micro-entrepreneurs.
2. Example: **HUL's Project Shakti** created thousands of women entrepreneurs ("Shakti Ammas").



Increase in Rural Income Levels:

1. Better job opportunities increase disposable income.
2. More income leads to greater spending on education, health, and improved living standards.

Access to Quality Products:

1. Rural consumers get access to good-quality soap, food, hygiene products, and packaged items.
2. Helps improve health and lifestyle.

Digital Inclusion:

1. FMCG companies use digital payments, mobile marketing, and e-commerce in rural regions.
2. Improves digital literacy and rural connectivity.

CSR and Rural Development:

1. FMCG firms invest in healthcare camps, sanitation drives, water conservation projects, and education.
2. Example: ITC's watershed development programme.

Major FMCG Initiatives in Rural India

1. HUL – Project Shakti: Women entrepreneurs selling FMCG products in villages.

2. ITC – e-Choupal: Digital marketplace for farmers to sell produce directly.

3. Dabur – Rural Distribution Drive: Micro-distributors in small villages.

4. Nestlé – Healthy Kids Programme: Nutrition awareness initiatives.

Challenges Faced by FMCG Companies in Rural Markets:

1. Poor road connectivity and high transportation cost.
2. Seasonal income patterns affecting purchasing power.
3. Low brand loyalty; consumers prefer cheaper substitutes.
4. Inconsistent electricity and internet access.
5. Cultural differences and diverse consumption habits.
6. Higher cost of distribution in remote areas.

Findings of the Study:

1. Rural India is becoming a major FMCG growth hub.
2. FMCG companies significantly strengthen rural income through jobs and entrepreneurship.
3. Digital and physical infrastructure created by FMCGs improves rural connectivity.
4. Challenges remain, especially in logistics and rural affordability.
5. Long-term collaboration between government and FMCG companies is essential.

Recommendations:

1. Strengthen last-mile distribution through technology and local entrepreneurship.
2. Increase investment in rural infrastructure and warehousing.
3. Offer affordable product variants (sachets, small packs).
4. Expand digital literacy programmes for rural sellers and buyers.
5. Collaborate with SHGs and NGOs for deeper rural engagement.

Conclusion: FMCG companies play a powerful role in boosting the rural economy by generating employment, promoting entrepreneurship, improving supply chains, and supplying essential goods that improve the standard of living. Their initiatives help in reducing rural poverty, strengthening local markets, and motivating skill development among rural youth. Despite challenges, the future of FMCG expansion in rural India is promising because of rising incomes, digitization, and government support. Strengthening the partnership between FMCG firms, rural communities, and policymakers can accelerate the overall development of India's rural economy.

References:-

1. Krishnamurthy, R., &Shrinivasan, K. R. (2020). *Rural marketing: Text and cases*. Pearson.
2. Krishnamacharyulu, C. S. G., & Ramakrishnan, L. (2018). *Rural marketing: A textbook*. Pearson.
3. Kashyap, P. (2019). *Rural marketing: India's changing marketplace*. Sage Publications.
4. Kotler, P., & Armstrong, G. (2021). *Principles of marketing*. Pearson.
5. Ramaswamy, V. S., &Namakumari, S. (2020). *Marketing management*. McGraw-Hill Education.
6. Gupta, S. L. (2017). *Rural marketing*. Sultan Chand & Sons.
7. Indian Journal of Marketing. (2022). FMCG penetration in rural markets: Trends and opportunities.
8. International Journal of Research in Commerce & Management. (2021). Impact of FMCG companies in rural development.
9. Journal of Rural Development. (2020). Rural income and consumption behaviour in India. National Institute of Rural Development.
10. Economic & Political Weekly. (2023). Rural consumer behaviour and FMCG demand patterns.
11. International Journal of Business and Management Research. (2021). Rural consumer behaviour in India.
12. Asian Journal of Management Research. (2022). Rural marketing strategies of Indian FMCG companies.
13. Government of India. Ministry of Rural Development. (2023). *Annual report*. https://rural.nic.in
14. Government of India. Ministry of Finance. (2024). *Economic survey of India*. https://indiabudget.gov.in
15. National Sample Survey Office. (2021). *Household consumption expenditure survey*. Ministry of Statistics and Programme Implementation.
16. NITI Aayog. (2023). *Digital inclusion and rural development report*.
17. Reserve Bank of India. (2023). *Annual report*. https://rbi.org.in
18. Hindustan Unilever Limited. (2023). *Annual report 2022–23*. https://hul.co.in
19. ITC Limited. (2023). *Annual report 2022–23*. https://itcportal.com
20. Nestlé India. (2023). *Sustainability and nutrition initiatives report*. https://nestle.in
21. Dabur India Ltd. (2023). *Annual report 2022–23*. https://dabur.com
22. PatanjaliAyurved. (2023). *Annual report*. https://patanjaliayurved.org
23. KPMG India. (2023). *Indian FMCG sector report*. https://kpmg.com/in
24. Deloitte. (2024). *Consumer industry insights: FMCG in rural India*. https://www2.deloitte.com/in
25. PwC India. (2023). *Changing behaviour of rural consumers*. https://pwc.in

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

सिंधु सभ्यता का आर्थिक, शिल्प, व्यापार एवं नगरीय जीवन : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

राकेश कुमार जीनगर*

* सहायक आचार्य, आर एन टी कॉलेज, कपासन, चित्तौडगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – सिंधु सभ्यता भारतीय उपमहाद्वीप की एक अत्यंत प्राचीन और विकसित नगरीय सभ्यता थी, जिसने आर्थिक संगठन, शिल्पकला और व्यापारिक तंत्र के क्षेत्र में विश्व स्तर पर अपनी विशिष्ट पहचान बनाई। यह सभ्यता मुख्यत: सिंधु नदी और उसकी सहायक नदियों के तटवर्ती क्षेत्रों में विकसित हुई थी, जो आज के भारत और पाकिस्तान के विभिन्न भागों में फैली हुई थी। पुरातात्विक उत्खननों से प्राप्त साक्ष्यों से यह स्पष्ट होता है कि यहाँ के लोग कृषि, धातु-शिल्प, मिट्टी के बर्तनों, मनके-निर्माण, वस्त्र-उद्योग तथा विदेशी व्यापार में अत्यंत दक्ष थे।

यह अध्ययन सिंधु सभ्यता के आर्थिक, औद्योगिक, शिल्पिक और व्यापारिक तंत्र का तुलनात्मक विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अनुसंधान पद्धति के रूप में ऐतिहासिक तथा वर्णनात्मक दृष्टिकोण अपनाया गया है, जिसमें उत्खननों से प्राप्त भौतिक साक्ष्यों और पूर्ववर्ती शोधों का संकलन व मूल्यांकन किया गया है। अध्ययन से यह निष्कर्ष प्राप्त होता है कि सिंधु सभ्यता के लोग संगठित शहरी जीवन, योजनाबद्ध नगर व्यवस्था और दीर्घ दूरी के व्यापारिक नेटवर्क के माध्यम से एक आत्मनिर्भर एवं समृद्ध अर्थव्यवस्था का निर्माण कर चुके थे।

इसके अतिरिक्त यह सभ्यता केवल आर्थिक दृष्टि से ही नहीं, बल्कि सांस्कृतिक और तकनीकी दृष्टि से भी उन्नत थी। सिंधु नगरों की जल-निकासी, भवन-निर्माण, सामाजिक समानता और स्वच्छता के सिद्धांत आधुनिक शहरी नियोजन के अग्रदूत सिद्ध होते हैं। इस प्रकार, सिंधु सभ्यता न केवल भारत की आर्थिक-सांस्कृतिक धरोहर है, बल्कि वैश्विक सभ्यताओं के विकास क्रम में एक महत्वपूर्ण कड़ी के रूप में भी मानी जा सकती है।

शब्द कुंजी – सिंधु सभ्यता, शिल्पकला, उद्योग, व्यापार, नगरीय जीवन, अर्थव्यवस्था, सांस्कृतिक विकास।

प्रस्तावना – मानव सभ्यता के विकास क्रम में सिंधु घाटी सभ्यता वह चरण है जिसने भारत को प्राचीन विश्व की अग्रणी सभ्यताओं की श्रेणी में स्थापित किया। लगभग 3300 ईसा पूर्व से 1750 ईसा पूर्व के बीच विकसित इस सभ्यता ने मानव समाज को शहरी जीवन, तकनीकी दक्षता और संगठित आर्थिक ढाँचे का नया आयाम प्रदान किया। यह सभ्यता सिंधु नदी प्रणाली विशेष रूप से रावी, व्यास, सतलज और घग्गर के किनारों पर विकसित हुई, जहाँ उपजाऊ भूमि और जल की प्रचुरता ने कृषि, उद्योग और व्यापार की नींव रखी।

1921 ई. में हड़प्पा तथा 1922 ई. में मोहनजोदड़ो की खोज ने भारतीय इतिहास में एक नए युग का आरंभ किया। इन स्थलों से प्राप्त अवशेष जैसे – मुहरें, पक्की ईंटों से बने घर, जल निकासी प्रणाली, विशाल स्नानागार और गोदाम यह सिद्ध करते हैं कि सिंधु समाज उच्च शहरी संगठन, तकनीकी क्षमता और सामाजिक अनुशासन का प्रतीक था।

यह सभ्यता केवल भौतिक प्रगति का उदाहरण नहीं, बल्कि सामाजिक समानता, आर्थिक सहयोग और सांस्कृतिक सहिष्णुता की भी प्रतीक रही। यहाँ की नगरीय योजना में किसी एक वर्ग का प्रभुत्व नहीं था, बल्कि सामूहिक भागीदारी का संकेत मिलता है। महिलाओं की सज्जा के लिए गहनों, मनकों और सौंदर्य सामग्री का निर्माण यह दर्शाता है कि शिल्प और कला का महत्तव जीवन के हर स्तर पर था।

सिंधु सभ्यता के अध्ययन की आवश्यकता इसलिए भी है क्योंकि यह आधुनिक युग के आर्थिक नियोजन और सतत विकास के लिए ऐतिहासिक दिशा प्रदान करती है। इस सभ्यता की संरचनात्मक विशेषताएँ – जैसे स्वच्छता, संगठन, सामुदायिक जीवन और उत्पादन-वितरण की दक्षता – आज के शहरी विकास के लिए प्रेरक सिद्ध होती हैं।

अत: प्रस्तुत शोध-पत्र का उद्देश्य केवल सिंधु सभ्यता के ऐतिहासिक स्वरूप को रेखांकित करना नहीं, बल्कि उसके आर्थिक, शिल्पिक और व्यापारिक योगदान का विश्लेषण कर यह स्पष्ट करना है कि यह सभ्यता आधुनिक भारतीय अर्थव्यवस्था और शहरी संस्कृति की वैचारिक नींव कैसे बनी।

साहित्य समीक्षा

1. जॉन मार्शल (1924) शोध शीर्षक :'Mohenjo-daro and the Indus Civilization' अपने अध्ययन में मार्शल ने यह सिद्ध किया कि सिंधु सभ्यता विश्व की सर्वप्रथम योजनाबद्ध नगरीय सभ्यताओं में से एक थी। उन्होंने मोहनजोदड़ो और हड़प्पा के उत्खननों से प्राप्त जल-निकासी प्रणाली, सड़कों की योजना और भवन-निर्माण की तकनीक का विश्लेषण करते हुए कहा कि यह सभ्यता वैज्ञानिक दृष्टिकोण से अत्यंत उन्नत थी।

2. मोर्टिमर व्हीलर (1950) शोध शीर्षक:'The Indus Valley Civilization' व्हीलर ने सिंधु सभ्यता को 'भारत की प्रथम शहरी क्रांति' कहा। उन्होंने विशेष रूप से नगर नियोजन, दुर्ग क्षेत्र और नागरिक भागों के सामाजिक संगठन पर प्रकाश डाला। उनके अनुसार सिंधु नगर

प्रशासनिक दक्षता और अनुशासन का उदाहरण थे, जहाँ स्वच्छता और जल प्रबंधन का उच्च स्तर था।

3. एस. आर. राव (1985) शोध शीर्षक:'Lothal and the Indus Maritime Trade System' राव ने लोथल की खोज के माध्यम से यह स्थापित किया कि सिंधु सभ्यता समुद्री व्यापार में भी अग्रणी थी। उन्होंने बंदरगाह, गोदाम और मुहरों के अध्ययन से यह निष्कर्ष निकाला कि इस सभ्यता के व्यापारी मेसोपोटामिया और सुमेर जैसी विदेशी सभ्यताओं से व्यापारिक संपर्क में थे।

4. ग्रेगरी पोसेहल (1990) शोध शीर्षक:'The Indus Civilization: A Contemporary Perspective' पोसेहल ने सिंधु सभ्यता के सामाजिक–आर्थिक ढाँचे का विश्लेषण करते हुए बताया कि यह एक संगठित और आत्मनिर्भर आर्थिक तंत्र था। उन्होंने तर्क दिया कि कृषि, उद्योग और व्यापार का समन्वय इस सभ्यता की स्थिरता का प्रमुख कारण था।

5. शिरीन रत्नागर (2001) शोध शीर्षक: 'Understanding Harappa: Civilization in the Greater Indus Valley' रत्नागर ने इस अध्ययन में यह दृष्टिकोण प्रस्तुत किया कि सिंधु सभ्यता का पतन केवल प्राकृतिक आपदाओं के कारण नहीं, बल्कि सामाजिक और आर्थिक संरचनाओं के आंतरिक परिवर्तन से भी संबंधित था। उन्होंने इसे 'परिवर्तनशील आर्थिक समाज' की संज्ञा दी।

6. भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (अडख,2015–2020) शोध शीर्षक: 'Excavation Reports of Rakhigarhi, Dholavira and Kalibangan' हाल के उत्खननों से यह सिद्ध हुआ कि सिंधु सभ्यता का विस्तार उत्तार भारत तक था। राखीगढ़ी में मिले आवासीय ढाँचों, धातु–उपकरणों और अनाज भंडारों से यह स्पष्ट हुआ कि सभ्यता की आर्थिक नींव अत्यंत संगठित थी और कृषि पर आधारित थी।

7. डॉ. आर. एस. शर्मा (2018) शोध शीर्षक:'भारतीय आर्थिक इतिहास में सिंधु सभ्यता का योगदान' शर्मा ने अपने अध्ययन में कहा कि सिंधु सभ्यता भारतीय अर्थव्यवस्था की आधारशिला थी। उन्होंने स्पष्ट किया कि सिंधु समाज की उत्पादन पद्धति, श्रम–विभाजन और शिल्प–उद्योग की परंपराएँ आगे चलकर वैदिक और उत्तरवैदिक समाज में समाहित हो गईं।

समीक्षा–साहित्य से यह स्पष्ट होता है कि विभिन्न विद्वानों ने सिंधु सभ्यता को विभिन्न दृष्टिकोणों से देखा है कृमार्शल और व्हीलर ने जहाँ इसके नगरीय नियोजन और तकनीकी प्रगति पर बल दिया, वहीं राव और पोसेहल ने इसके आर्थिक और व्यापारिक आयामों पर ध्यान केंद्रित किया।रत्नागर और शर्मा ने सभ्यता के पतन और उसके दीर्घकालिक प्रभावों का विश्लेषण किया। समग्र रूप से ये सभी अध्ययन यह दर्शाते हैं कि सिंधु सभ्यता एक समन्वित आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक प्रणाली थी जिसने भारतीय सभ्यता के विकास की मजबूत नींव रखी।

शोध के उद्देश्य – प्रस्तुत अध्ययन का उद्देश्य सिंधु सभ्यता के आर्थिक, शिल्पिक, व्यापारिक तथा नगरीय जीवन के विविध पहलुओं का विश्लेषणात्मक मूल्यांकन करना है।

इस शोध के विशिष्ट उद्देश्य निम्नलिखित हैं–

1. सिंधु सभ्यता की आर्थिक संरचना का अध्ययन करना तथा कृषि, उद्योग और व्यापार के बीच परस्पर संबंधों को स्पष्ट करना।
2. शिल्प एवं उद्योगों की प्रकृति, तकनीकी विकास और सामाजिक महत्तव का विश्लेषण करना।
3. नगरीय जीवन की योजनाबद्ध संरचना, प्रशासनिक संगठन और सामाजिक व्यवस्था की व्याख्या करना।
4. सिंधु सभ्यता के विदेशी व्यापारिक संबंधों एवं सांस्कृतिक संपर्कों की पहचान करना।
5. आधुनिक भारत के आर्थिक एवं शहरी विकास में सिंधु सभ्यता की विरासत की प्रासंगिकता को रेखांकित करना।

परिकल्पना – प्रस्तुत अध्ययन निम्न मुख्य परिकल्पनाओं पर आधारित है–

1. सिंधु सभ्यता की अर्थव्यवस्था कृषि, उद्योग और व्यापार के संतुलन पर आधारित थी।
2. इसकी नगरीय योजना और जल–निकासी प्रणाली उस युग की उन्नत तकनीकी दक्षता को दर्शाती है।
3. शिल्प और उद्योग विदेशी व्यापार से जुड़े थे तथा आर्थिक समृद्धि के प्रमुख स्रोत थे।
4. बाहरी सभ्यताओं से संपर्क ने इसके आर्थिक और सांस्कृतिक विकास को गति दी।
5. यह सभ्यता सामाजिक समानता और अनुशासन पर आधारित संगठित शहरी समाज का उदाहरण थी।

न्यादर्श – यह अध्ययन 'ऐतिहासिक–सांस्कृतिक' और 'संरचनात्मक–कार्यात्मक' दृष्टिकोण पर आधारित है। इस वैचारिक ढाँचे के अनुसार, सिंधु सभ्यता का विकास भौगोलिक स्थिति, आर्थिक संसाधन, तकनीकी प्रगति और सामाजिक संगठन के संतुलित समन्वय से हुआ।

शोध में यह मान्यता रखी गई है कि सभ्यता की स्थिरता उसके आर्थिक ढाँचे, शिल्प, उद्योग और व्यापारिक संबंधों की परस्पर निर्भरता पर आधारित थी। अत: यह अध्ययन सिंधु सभ्यता को एक संगठित सामाजिक–आर्थिक प्रणाली के रूप में विश्लेषित करता है, जिसने भारतीय सभ्यता की नींव को स्थायित्व प्रदान किया।

शोध–विधि – इस अध्ययन में ऐतिहासिक–वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति का प्रयोग किया गया है। शोध का स्वरूप गुणात्मक है, जिसमें सिंधु सभ्यता के आर्थिक, शिल्पिक, व्यापारिक और नगरीय जीवन का तुलनात्मक अध्ययन किया गया है।

डेटा संग्रह हेतु द्वितीयक स्रोतों का उपयोग किया गया है –जैसे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण की रिपोर्टें, जॉन मार्शल, मोर्टिमर व्हीलर, एस. आर. राव आदि विद्वानों के ग्रंथ, तथा भारतीय इतिहास अनुसंधान परिषद की प्रकाशन सामग्री।

संग्रहित तथ्यों का गुणात्मक विश्लेषण कर यह समझने का प्रयास किया गया है कि सिंधु सभ्यता का आर्थिक और सामाजिक ढाँचा परस्पर जुड़ा हुआ था। यह अध्ययन प्रत्यक्ष उत्खनन पर नहीं, बल्कि उपलब्ध ऐतिहासिक साक्ष्यों और पूर्ववर्ती अध्ययनों के विश्लेषण पर आधारित है।

ऐतिहासिक पृष्ठभूमि – सिंधु सभ्यता भारतीय उपमहाद्वीप की प्राचीनतम और सर्वाधिक विकसित सभ्यताओं में से एक थी, जिसने मानव इतिहास को संगठित शहरी जीवन, तकनीकी प्रगति और आर्थिक समृद्धि की दिशा में अग्रसर किया। यह सभ्यता मुख्यत: सिंधु नदी तथा उसकी सहायक नदियोंकृरावी, व्यास, सतलज, घग्गर और हाकराकृके तटवर्ती क्षेत्रों में फली–फूली। वर्तमान में इसका भूगोलिक विस्तार पाकिस्तान के सिंध और पंजाब प्रांत से लेकर भारत के हरियाणा, पंजाब, राजस्थान और गुजरात के

क्षेत्रों तक फैला हुआ था।

सिंधु सभ्यता का ऐतिहासिक उद्भव लगभग 3300 ईसा पूर्व माना जाता है। इसका विकास तीन चरणों में हुआ–'पूर्व–हड़प्पा काल, हड़प्पा काल और उत्तर– हड़प्पा काल।' पूर्व– हड़प्पा काल में ग्राम्य जीवन की झलक मिलती है, जबकि मध्य हड़प्पा काल में सुव्यवस्थित नगरों, ईंटों के घरों, सड़कों और नालियों के माध्यम से यह सभ्यता अपने उत्कर्ष पर पहुँची। उत्तार–हड़प्पा काल में धीरे–धीरे इसका पतन आरंभ हुआ, परंतु इसकी सांस्कृतिक परंपराएँ वैदिक काल तक जीवित रहीं।

1921 ई. में रायबहादुर दयाराम साहनी द्वारा हड़प्पा की खोज और 1922 ई. में राखलदास बनर्जी द्वारा मोहनजोदड़ो के उत्खनन ने भारतीय इतिहास को नया आयाम प्रदान किया। इन खोजों ने यह सिद्ध किया कि भारतीय उपमहाद्वीप में नगरीय सभ्यता का विकास समकालीन मिस्र और मेसोपोटामिया सभ्यताओं के समानांतर हुआ था। तत्पश्चात् लोथल (गुजरात), कालीबंगा (राजस्थान), राखीगढ़ी (हरियाणा), धोलावीरा (कच्छ) और चन्हूदड़ो (सिंध) जैसे स्थलों की खोजों ने इस सभ्यता के व्यापक प्रसार और विविधता को प्रमाणित किया।

इन स्थलों से प्राप्त वस्तुएँ–जैसे पक्की ईंटों से बने मकान, जल–निकासी प्रणाली, विशाल स्नानागार, अनाज भंडार, मनके, धातु उपकरण, मिट्टी के बर्तन और मुहरें–यह संकेत करती हैं कि सिंधु समाज में संगठन, नियोजन और तकनीकी ज्ञान की उच्च अवस्था थी। लोथल में प्राप्त बंदरगाह और मेसोपोटामिया में मिली सिंधु मुहरें इस बात का प्रमाण हैं कि उस समय भारत का व्यापारिक संबंध पश्चिम एशिया की सभ्यताओं से स्थापित था।

सिंधु सभ्यता का आर्थिक जीवन कृषि, उद्योग और व्यापार पर आधारित था। उपजाऊ भूमि, सिंचाई के साधन और व्यापारिक मार्गों की उपलब्धता ने इस सभ्यता को समृद्ध बनाया। गेंहूँ, जौ, तिल, कपास और अन्य फसलों की खेती प्रचलित थी। धातु–शिल्प, मनका निर्माण और मिट्टी के बर्तन बनाने जैसे उद्योगों ने इस क्षेत्र की आर्थिक नींव को सुदृढ़ किया।

सिंधु सभ्यता के पतन के कारण विद्धानों में मतभेद हैं। कुछ इसे प्राकृतिक आपदाओं–जैसे बाढ़, भूकंप या जलवायु परिवर्तन–से जोड़ते हैं, जबकि कुछ के अनुसार नदियों का मार्ग परिवर्तन और संसाधनों का ह्रास प्रमुख कारण रहे। आर्यों के आगमन की परिकल्पना को भी कुछ इतिहासकार आंशिक रूप से कारण मानते हैं। किंतु यह निर्विवाद सत्य है कि इस सभ्यता की सांस्कृतिक परंपराएँ आगे चलकर भारतीय समाज में रच–बस गईं।

अत: ऐतिहासिक दृष्टि से सिंधु सभ्यता न केवल भारत की सांस्कृतिक और आर्थिक आधारशिला रही, बल्कि इसने विश्व सभ्यता के विकासक्रम में एक ऐसे युग का सूत्रपात किया, जिसने मानव को वैज्ञानिक सोच, संगठन और सामाजिक समरसता की दिशा में अग्रसर किया। यही इसका वास्तविक ऐतिहासिक महत्व है।

शिल्प और उद्योग – सिंधु सभ्यता के आर्थिक संगठन का प्रमुख आधार उसके विकसित शिल्प और उद्योग थे। इस सभ्यता के लोग तकनीकी दृष्टि से अत्यंत कुशल कारीगर थे, जिन्होंने धातु, मिट्टी, पत्थर, शंख और काँच जैसे पदार्थों से कलात्मक वस्तुएँ निर्मित कीं। उत्खननों से प्राप्त धातु–निर्मित औजार, मिट्टी के बर्तन, मनके, और मूर्तियाँ इस बात के प्रमाण हैं कि उद्योग और हस्तशिल्प का स्तर उस समय अत्यंत उन्नत था।

(क) धातु शिल्प – सिंधु सभ्यता के लोग ताम्बा, कांसा, सीसा, टिन और सोना जैसी धातुओं का प्रयोग करना जानते थे। धातु गलाने और ढालने की प्रक्रिया में उनकी दक्षता विश्व–प्रसिद्ध है। मोहनजोदड़ो से प्राप्त 'नृत्य करती कन्या' की कांस्य मूर्ति उनकी कलात्मक और तकनीकी क्षमता का उत्कृष्ट उदाहरण है। औजारों में भाले, दराँती, चाकू, सुइयाँ और तीर–धनुष शामिल हैं। इनसे स्पष्ट होता है कि धातु–शिल्प केवल घरेलू उपयोग तक सीमित नहीं था, बल्कि आर्थिक उत्पादन का महत्वपूर्ण अंग था।

(ख) मृद्भांड निर्माण – मिट्टी के बर्तनों का निर्माण इस सभ्यता की सर्वाधिक प्रचलित उद्योग–परंपरा थी। अधिकांश बर्तन लाल रंग की पृष्ठभूमि पर काले रंग की सजावट वाले हैं, जिन पर पुष्प, पशु–पक्षी और ज्यामितीय आकृतियाँ अंकित हैं। इनका उपयोग घरेलू, धार्मिक और व्यापारिक सभी प्रयोजनों में होता था। कई स्थलों पर मिट्टी के खिलौने और मूर्तियाँ भी मिली हैं, जो शिल्पकला के साथ–साथ सांस्कृतिक जीवन की झलक भी प्रस्तुत करती हैं।

(ग) मनके और आभूषण उद्योग – लोथल, चन्हूदड़ो और हड़प्पा से प्राप्त मनके–निर्माण केंद्र यह सिद्ध करते हैं कि इस उद्योग का संगठनात्मक रूप था। पत्थर, शंख, टेराकोटा, ताँबा और अर्ध–मूल्यवान रत्नों से बने मनके तथा आभूषण इस सभ्यता के लोगों के सौंदर्यबोध और संपन्नता का प्रतीक थे। विशेष रूप से महिलाओं के गले के हार, कंगन और लटकन इस समाज की सामाजिक–सांस्कृतिक स्थिति का संकेत देते हैं।

(घ) वस्त्र एवं बुनाई उद्योग – मोहनजोदड़ो से प्राप्त सूती वस्त्रों के तंतु यह प्रमाणित करते हैं कि यहाँ कपास का उपयोग अत्यधिक था। चरखे, सुइयाँ और धागों के अवशेष वस्त्र उद्योग के विकसित रूप को दर्शाते हैं। इस उद्योग का प्रमुख केंद्र संभवत: गुजरात क्षेत्र था, जहाँ से कपास का उत्पादन और प्रसंस्करण किया जाता था।

आर्थिक जीवन एवं व्यापार – सिंधु सभ्यता की अर्थव्यवस्था एक सुदृढ़, विविध और आत्मनिर्भर प्रणाली थी, जो कृषि, उद्योग, पशुपालन और व्यापार पर आधारित थी।

(क) कृषि – सिंधु घाटी के उपजाऊ मैदानों में कृषि मुख्य व्यवसाय थी। गेंहूँ, जौ, तिल, कपास, चना और बाजरा जैसी फसलें प्रमुख थीं। सिंचाई के लिए कुएँ, तालाब और नहरों का उपयोग किया जाता था। मिट्टी की हल, जल–संरक्षण संरचनाएँ और अनाज भंडार कृषि तकनीक के साक्ष्य प्रदान करते हैं। कपास की खेती विश्व की सर्वप्रथम मानी जाती है, जिससे वस्त्र उद्योग को भी बल मिला।

(ख) व्यापार – सिंधु सभ्यता का व्यापारिक तंत्र अत्यंत संगठित था। स्थानीय व्यापार नगरों और गाँवों के बीच होता था, जबकि विदेशी व्यापार मेसोपोटामिया, सुमेर, एलाम और ईरान के साथ स्थापित था। लोथल जैसे बंदरगाहों ने समुद्री व्यापार को दिशा दी। मोहनजोदड़ो में मिली मुहरों पर अंकित प्रतीक इस बात के प्रमाण हैं कि यहाँ लेखा–जोखा और व्यापारिक पहचान की प्रणाली विद्यमान थी। निर्यात में मनके, धातु वस्तुएँ, कपास और हस्तशिल्प प्रमुख थे, जबकि आयात में टिन, ताँबा और कीमती पत्थर शामिल थे।

(ग) मुद्रा एवं लेखा प्रणाली – सिंधु सभ्यता में धातु मुद्रा का प्रयोग नहीं था, परंतु मुहरें व्यापारिक दस्तावेज के रूप में प्रयुक्त होती थीं। इन पर अंकित पशु आकृतियाँ और प्रतीक चिन्ह व्यापारिक समूहों की पहचान और वस्तु विनिमय के प्रमाण थे। लेखन प्रणाली चित्रलिपि पर आधारित थी, जो अभी तक पूर्णत: पढ़ी नहीं जा सकी है।

नगरीय जीवन – सिंधु सभ्यता की सर्वाधिक विशिष्ट उपलब्धि उसका

योजनाबद्ध नगरीय जीवन था। नगरों का विन्यास वैज्ञानिक दृष्टिकोण पर आधारित था। सड़कों का ग्रिड-पैटर्न, पक्की ईंटों से बने बहुमंजिला मकान, जल निकासी की सुव्यवस्थित प्रणाली और सार्वजनिक स्नानागार यह सिद्ध करते हैं कि समाज में स्वच्छता और व्यवस्था के प्रति गहरी जागरूकता थी। हड़प्पा और मोहनजोदड़ो जैसे नगर दो भागों में विभाजित थे-ऊँचा दुर्ग क्षेत्र और नीचे बसा जन-सामान्य क्षेत्र। दुर्ग भाग में प्रशासनिक भवन, अनाज भंडार और स्नानागार थे, जबकि निचले भाग में आवासीय क्षेत्र। प्रत्येक घर में आँगन, स्नानगृह और कुआँ था, जो नगर की मुख्य नाली से जुड़ा रहता था।

सामाजिक वर्गों में शिल्पकार, व्यापारी, कृषक और प्रशासक शामिल थे। नगरों में सभा-भवन, बाजार, गोदाम और धार्मिक स्थल भी थे, जिससे यह स्पष्ट होता है कि सामाजिक संगठन अत्यंत सुदृढ़ था।

सांस्कृतिक एवं धार्मिक जीवन – सिंधु सभ्यता का धार्मिक जीवन बहुदेववादी था। मातृदेवी, पशुपति महादेव, वृक्ष-पूजा और प्रतीकात्मक आराधना के साक्ष्य प्राप्त होते हैं। मिट्टी की मूर्तियाँ, ताबीज, मुहरें और अग्निकुण्ड धार्मिक अनुष्ठानों का संकेत देती हैं। धार्मिक आस्था में उर्वरता, सृष्टि और प्रकृति की शक्तियों की उपासना प्रमुख थी।

सांस्कृतिक दृष्टि से यह सभ्यता अत्यंत समरस थी। कला, संगीत और नृत्य का महत्तव समाज में था। सामाजिक जीवन में समानता और सहयोग की भावना स्पष्ट झलकती है, जिससे यह सभ्यता दीर्घकाल तक स्थिर बनी रही।

अंतरराष्ट्रीय संपर्क – सिंधु सभ्यता का बाह्य संपर्क उस समय की कई प्राचीन सभ्यताओं कृ मेसोपोटामिया (आधुनिक इराक), सुमेर, एलाम (ईरान), ओमान, बहरीन , और अफगानिस्तान- से स्थापित था। यह संपर्क व्यापार, सांस्कृतिक आदान-प्रदान और तकनीकी जानकारी के साझा पर आधारित था।

लोथल, सुक्कागेन-दोर, मकरान तट और बालाकोट जैसे बंदरगाह विदेशी व्यापार के प्रमुख केंद्र थे, जहाँ से समुद्री और स्थलीय दोनों मार्गों से व्यापार संचालित होता था। मेसोपोटामिया के नगरों कृ उर, उरुक, लागाश और निप्पुर कृ से प्राप्त अभिलेखों में 'मेलुहहा' नामक प्रदेश का उल्लेख मिलता है, जिसे इतिहासकारों ने सिंधु सभ्यता से जोड़ा है। यह स्पष्ट प्रमाण है कि दोनों क्षेत्रों के बीच वस्तुओं और विचारों का आदान-प्रदान होता था।

आयात-सिंधु सभ्यता में विदेशी क्षेत्रों से टिन (अफगानिस्तान और ईरान से), लाजवर्द (बदख्शां, अफगानिस्तान से), ताँबा (ओमान और बहरीन से), सोना और चाँदी (ईरान और मध्य एशिया से) लाए जाते थे।

निर्यात-सिंधु व्यापारी कपास, मनके, धातु-पदार्थ, मिट्टी के बर्तन, और शिल्प-निर्मित वस्तुएँ मेसोपोटामिया, सुमेर और एलाम को भेजते थे। इन वस्तुओं का उल्लेख मेसोपोटामिया के अभिलेखों में मेलुहहा की वस्तुएँ के रूप में मिलता है।

इस प्रकार, सिंधु सभ्यता केवल एक स्थानीय संस्कृति नहीं थी, बल्कि एक अंतरराष्ट्रीय व्यापारिक नेटवर्क का अभिन्न हिस्सा थी। इसके माध्यम से भारत का संपर्क पश्चिमी और मध्य एशिया की सभ्यताओं से स्थापित हुआ, जिसने उस युग की प्रारंभिक वैश्वीकरण प्रक्रिया को जन्म दिया।

निष्कर्ष – सिंधु सभ्यता मानव इतिहास की उन महान उपलब्धियों में से एक है जिसने संगठित नगरीय जीवन, तकनीकी प्रगति और आर्थिक आत्मनिर्भरता का उत्कृष्ट उदाहरण प्रस्तुत किया। इस अध्ययन से स्पष्ट होता है कि यह सभ्यता केवल भौतिक दृष्टि से उन्नत नहीं थी, बल्कि सामाजिक और सांस्कृतिक दृष्टि से भी अत्यंत परिपक्व थी। इसकी अर्थव्यवस्था कृषि, शिल्प, उद्योग और व्यापार के संतुलित संयोजन पर आधारित थी, जिससे समाज में स्थिरता और समृद्धि बनी रही।

सिंधु सभ्यता के नगरों की योजनाबद्ध संरचना, जल-निकासी व्यवस्था, भंडारण प्रणाली और सार्वजनिक स्थलों का निर्माण उस युग की इंजीनियरिंग और प्रशासनिक दक्षता को दर्शाता है। शिल्प और उद्योगों में धातु-कला, मिट्टी के बर्तन, मनका-निर्माण और वस्त्र-उद्योग ने इस सभ्यता को आत्मनिर्भर आर्थिक इकाई के रूप में स्थापित किया। लोथल और धोलावीरा जैसे बंदरगाह स्थलों से यह स्पष्ट होता है कि विदेशी व्यापार और सांस्कृतिक आदान-प्रदान ने इस सभ्यता को अंतरराष्ट्रीय पहचान दी थी।

हालाँकि जलवायु परिवर्तन, नदियों के मार्ग परिवर्तन और संसाधनों के क्षय जैसे कारणों से यह सभ्यता धीरे-धीरे लुप्त हो गई, फिर भी इसकी सांस्कृतिक परंपराएँ और शहरी सोच भारतीय समाज में आज तक जीवित हैं।

अत: निष्कर्षत: कहा जा सकता है कि सिंधु सभ्यता भारत की आर्थिक, सामाजिक और सांस्कृतिक चेतना की आधारशिला रही है। इसकी संगठनात्मक सोच, तकनीकी नवाचार और शहरी संस्कृति ने न केवल प्राचीन भारत को, बल्कि आधुनिक सभ्यता के विकास को भी गहराई से प्रभावित किया है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Agrawal, D. P. (2007). `The Indus Civilization: An Interdisciplinary Perspective'. New Delhi: Aryan Books International.
2. Marshall, J. (1931). `Mohenjo-Daro and the Indus Civilization'(Vol. I–III). London: Arthur Probsthain.
3. Wheeler, R. E. M. (1950). `Five Thousand Years of Pakistan: An Archaeological Outline. London: Royal India and Pakistan Society.
4. Rao, S. R. (1985). `Lothal and the Indus Civilization'. New Delhi: Asian Publishing House.
5. Possehl, G. L. (1990). `The Indus Civilization: A Contemporary Perspective'. New Delhi: Oxford University Press.
6. Ratnagar, S. (2001). `Understanding Harappa: Civilization in the Greater Indus Valley'. New Delhi: Tulika Books.
7. Sharma, R. S.(2018).'भारतीय आर्थिक इतिहास में सिंधु सभ्यता का योगदान' नई दिल्ली: भारतीय इतिहास परिषद।
8. Thapar, Romila. (2002). `Early India: From the Origins to AD 1300'. New Delhi: Penguin Books.
9. Kenoyer, J. M. (1998). `Ancient Cities of the Indus Valley Civilization'. Karachi: Oxford University Press.
10. Singh, Upinder. (2008). `A History of Ancient and Early Medieval India: From the Stone Age to the 12th Century'. New Delhi: Pearson Education.
11. Ratnagar, S. (2004). `Trading Encounters: From the Euphrates to the Indus in the Bronze Age'. New Delhi: Oxford University Press.

12. Lahiri, N. (2006). `Finding Forgotten Cities: How the Indus Civilization Was Discovered'. New Delhi: Permanent Black.
13. पांडेय, बिशंभर नाथ(2015) – 'भारतीय सभ्यता और संस्कृति', नई दिल्ली: राजपाल एंड सन्स.
14. शर्मा, आर. एस.(2017) – 'भारत का प्राचीन इतिहास', दिल्ली: ओरिएंट ब्लैकस्वान.
15. त्रिपाठी, रामशरण (2014)– 'प्राचीन भारत का इतिहास', वाराणसी: गोविंद पब्लिकेशन.
16. Lal, B. B. (1997). 'The Earliest Civilisation of India'. New Delhi: Aryan Books International.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान में वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण: कारण, प्रभाव और भौगोलिक अध्ययन

रेवती रमन नागर*

* सहायक आचार्य (भूगोल) आर एन टी पी जी कॉलेज, कपासन, चित्तौडगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य, मुख्यत: शुष्क और अर्द्ध-शुष्क जलवायु वाला क्षेत्र है। इस क्षेत्र में वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण एक गंभीर पर्यावरणीय समस्या बन चुके हैं। वन संसाधनों का अत्यधिक दोहन कृषि विस्तार, चराई, ईंधन-संग्रहण, औद्योगिकीकरण और शहरीकरण के कारण हुआ है। इन गतिविधियों के परिणामस्वरूप जैव विविधता में कमी, मृदा अपरदन, जल संकट और थार मरुस्थल का विस्तार हुआ है। इस अध्ययन का उद्देश्य राजस्थान में वनों की कटाई के कारणों, पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक प्रभावों का विश्लेषण करना है, विशेष रूप से थार मरुस्थल और अन्य शुष्क क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए। शोध में भू-स्थानिक सूचना प्रणाली (GIS), सैटेलाइट इमेजिंग (Remote Sensing), क्षेत्र सर्वेक्षण और सांख्यिकीय विश्लेषण का उपयोग किया गया। निष्कर्ष स्पष्ट करते हैं कि वनों की कटाई और भूमि क्षरण के बीच महत्वपूर्ण सकारात्मक संबंध मौजूद है, जिससे सतत वन प्रबंधन, पुनर्वनीकरण और सामुदायिक संरक्षण की आवश्यकता अत्यधिक बढ़ गई है। यह अध्ययन नीति निर्माताओं और पर्यावरण योजनाकारों के लिए राजस्थान में मरुस्थलीकरण को कम करने और पारिस्थितिक स्थिरता बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश प्रस्तुत करता है।

शब्द कुंजी – राजस्थान, वनों की कटाई, मरुस्थलीकरण, थार मरुस्थल, जलवायु परिवर्तन, जैव विविधता, भूमि क्षरण।

प्रस्तावना – राजस्थान, भारत का सबसे बड़ा राज्य, लगभग 3.42 लाख वर्ग किलोमीटर में फैला हुआ है और मुख्यत: शुष्क और अर्द्ध-शुष्क जलवायु क्षेत्र में स्थित है। राज्य की औसत वार्षिक वर्षा 100-500 मिमी के बीच है और तापमान गर्मियों में 45°C तक तथा सर्दियों में 0°C तक पहुँच जाता है। ऐसे भौगोलिक और जलवायु विशेषताओं के कारण यह क्षेत्र पर्यावरणीय रूप से संवेदनशील है।

वन क्षेत्र राज्य की पारिस्थितिकी तंत्र की स्थिरता में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। हालांकि, कृषि विस्तार, चराई का अत्यधिक दबाव, ईंधन एवं औद्योगिक उपयोग, शहरीकरण और जल संकट जैसे मानवीय गतिविधियों के कारण वनों की कटाई तेजी से हो रही है। इसके परिणामस्वरूप जैव विविधता में कमी, मृदा अपरदन, जल संसाधनों की कमी और मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया में तीव्र वृद्धि देखी जा रही है।

वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण का अध्ययन न केवल पर्यावरणीय दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से भी राज्य की स्थिरता और विकास पर गहरा प्रभाव डालता है। यह शोध-पत्र राजस्थान में वनों की कटाई के प्रमुख कारणों, इसके पर्यावरणीय और सामाजिक प्रभावों, तथा थार मरुस्थल और अन्य शुष्क क्षेत्रों में इसके भू-स्थानिक परिणामों का विश्लेषण प्रस्तुत करता है। इस अध्ययन से नीति निर्माताओं और पर्यावरण योजनाकारों को सतत वन प्रबंधन और मरुस्थलीकरण रोकथाम के लिए वैज्ञानिक सुझाव प्राप्त होंगे।

साहित्य समीक्षा

1. गाडगिल, एम., एवं गूहा, आर. (1995) – इस अध्ययन में भारत में वनों की कटाई और उसके सामाजिक-पर्यावरणीय प्रभावों का विश्लेषण किया गया। शोध से स्पष्ट हुआ कि कृषि विस्तार, चराई और ईंधन-लकड़ी की मांग वनों के मुख्य ह्रास कारक हैं। राजस्थान जैसे शुष्क क्षेत्रों में यह अध्ययन विशेष रूप से प्रासंगिक है क्योंकि यहाँ वनों की कमी का प्रभाव भूमि क्षरण और जल संकट पर प्रत्यक्ष रूप से दिखाई देता है।
2. सिंह, आर. एल. (1993) – राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों और मरुस्थलीकरण के भू-आकृतिक अध्ययन ने यह दर्शाया कि वनों की कटाई से मिट्टी का अपरदन बढ़ता है और सूखा कृषि प्रभावित होती है। इस अध्ययन ने क्षेत्रीय भू-आकृतिक विशेषताओं और मरुस्थलीकरण की प्रवृत्तियों की समझ में योगदान दिया।
3. शर्मा, पी. डी. (2018) – वन हानि, सतत प्रबंधन और पुनर्वनीकरण तकनीकों पर आधारित इस अध्ययन ने वन संरक्षण के लिए वैज्ञानिक दृष्टिकोण प्रस्तुत किया। राजस्थान में सतत वन प्रबंधन और सामुदायिक भागीदारी के लिए यह अध्ययन मार्गदर्शक है।
4. राजस्थान राज्य वन विभाग (2023) – राज्य में वनों की कटाई, पुनर्वनीकरण और मरुस्थलीकरण पर प्रकाशित रिपोर्ट में डेटा आधारित आंकड़ों के माध्यम से वनों के ह्रास, पुनर्वनीकरण की प्रक्रिया और मरुस्थलीकरण की वर्तमान स्थिति का विवरण दिया गया है। यह शोध-पत्र राजस्थान के वास्तविक परिदृश्य पर आधारित है।
5. UNCCD (2023) – वैश्विक और भारत में मरुस्थलीकरण की प्रवृत्तियों को दर्शाती इस रिपोर्ट ने राजस्थान में भूमि क्षरण और वनों की कटाई के संदर्भ में अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण प्रदान किया।

6. FAO (2023) - Global Forest Resources Assessment रिपोर्ट में वनों की स्थिति, भूमि उपयोग और सतत प्रबंधन के वैश्विक आंकड़े प्रस्तुत किए गए हैं। राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में वन प्रबंधन रणनीतियों के मूल्यांकन में यह अध्ययन सहायक है।

7. कुमार, आर. (2020) – राजस्थान में जल संकट और पर्यावरणीय दबावों के सामाजिक प्रभावों का अध्ययन किया गया। शोध से पता चला कि वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण से स्थानीय समुदायों की आजीविका प्रभावित होती है।

8. सिंह और शर्मा (2021) – शुष्क क्षेत्रों में वन संरक्षण और मरुस्थलीकरण रोकथाम के उपायों पर आधारित इस अध्ययन ने सामुदायिक भागीदारी और सतत प्रबंधन रणनीतियों के महत्व को रेखांकित किया।

समीक्षा–साहित्य से स्पष्ट होता है कि राजस्थान में वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण एक जटिल समस्या है, जिसमें भौगोलिक, पर्यावरणीय और सामाजिक कारक शामिल हैं। यह अध्ययन पिछले शोधों के निष्कर्षों का विस्तार करता है और क्षेत्रीय डेटा, भू–स्थानिक सूचना प्रणाली और सैटेलाइट इमेजिंग, विश्लेषण के माध्यम से राजस्थान में वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण के भू–स्थानिक और पर्यावरणीय प्रभावों को और स्पष्ट रूप से प्रस्तुत करता है।

उद्देश्य – इस अध्ययन के मुख्य उद्देश्य निम्नलिखित हैं:

1. राजस्थान में वनों की कटाई के प्रमुख पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक कारणों का विश्लेषण करना।
2. वनों की कटाई के परिणामस्वरूप उत्पन्न पर्यावरणीय असंतुलन, मृदा अपरदन, जल संकट और जैव विविधता में कमी के प्रभावों का मूल्यांकन करना।
3. थार मरुस्थल और राज्य के अन्य शुष्क एवं अर्द्ध–शुष्क क्षेत्रों का भौगोलिक और पारिस्थितिक अध्ययन करना, ताकि मरुस्थलीकरण की प्रवृत्तियों को समझा जा सके।
4. वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण के बीच सांख्यिकीय और भू–स्थानिक संबंध का मूल्यांकन करना।
5. राज्य में वनों के संरक्षण और मरुस्थलीकरण रोकथाम के लिए सतत नीतियाँ, पुनर्वनीकरण रणनीतियाँ और सामुदायिक भागीदारी आधारित उपाय सुझाना।

परिकल्पना :

1. राजस्थान में वनों की कटाई बढ़ने से मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया तीव्र होती है।
2. वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण के बीच सकारात्मक सहसंबंध मौजूद है।

शोध–विधि – अध्ययन क्षेत्र– राजस्थान, विशेषकर थार मरुस्थल क्षेत्र।

डेटा संग्रहण:

1. Primary: Field Survey, स्थानीय लोगों और वन विभाग अधिकारियों के साक्षात्कार।

2. Secondary: National Forest Reports, FAO, UNCCD, भू–स्थानिक सूचना प्रणाली और सैटेलाइट इमेजिंग डेटा।

3. विश्लेषण विधियाँ: GIS मानचित्रण,Regression Analysis, Correlation Analysis.

वनों की कटाई के कारण – राजस्थान में वनों की कटाई एक जटिल और बहु–आयामी प्रक्रिया है। इस अध्ययन में मुख्य कारण निम्नलिखित रूप से विश्लेषित किए गए हैं:

1. **कृषि विस्तार –** बढ़ती जनसंख्या और खाद्य आवश्यकताओं के कारण वनभूमि को कृषि भूमि में परिवर्तित किया जा रहा है। विशेष रूप से शुष्क और अर्द्ध–शुष्क क्षेत्रों में खेती के लिए पेड़ों की कटाई की जाती है, जिससे पारिस्थितिकी तंत्र पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है।
2. **चराई का दबाव –** अत्यधिक पशुपालन वनस्पति को नष्ट करता है और नए पौधों के विकास में बाधा डालता है। राजस्थान में ग्रामीण अर्थव्यवस्था का मुख्य आधार पशुपालन है, जिससे वन क्षेत्र पर चराई का लगातार दबाव रहता है।
3. **लकड़ी और ईंधन की मांग –** ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में ईंधन, निर्माण सामग्री और औद्योगिक उपयोग के लिए लकड़ी की मांग अधिक है। यह अवैध कटाई और वन संसाधनों के अपठ का प्रमुख कारण बनता है।
4. **औद्योगिक और शहरी विकास –** बांधों, सड़कों, खानों और शहरी विस्तार के लिए वन भूमि का दोहन किया जाता है। इसके परिणामस्वरूप वन आवरण कम होता है और भूमि क्षरण की दर बढ़ जाती है।
5. **जल संकट और मानव दबाव –**राजस्थान का शुष्क क्षेत्र जल संकट का सामना करता है। बढ़ती जनसंख्या और सीमित जल संसाधनों के कारण मानव गतिविधियाँ वनों पर दबाव डालती हैं। यह वन भूमि के ह्रास और मरुस्थलीकरण को तेज करता है।

राजस्थान में वनों की कटाई बहु–कारक प्रक्रिया है, जिसमें कृषि, चराई, मानव उपयोग और जल संकट मुख्य भूमिका निभाते हैं। इन कारणों की समझ से राज्य में वन संरक्षण और सतत प्रबंधन रणनीतियों को विकसित करने में सहायता मिलती है।

वनों की कटाई के प्रभाव – राजस्थान में वनों की कटाई के परिणाम पर्यावरणीय, सामाजिक और आर्थिक दृष्टि से गंभीर हैं। प्रमुख प्रभाव निम्नलिखित हैं:

1. **जलवायु परिवर्तन –** वनों की कटाई से कार्बन सिंक की क्षमता कम हो जाती है। इससे क्षेत्रीय तापमान में वृद्धि होती है और वर्षा का पैटर्न असामान्य हो जाता है। शुष्क और अर्द्ध–शुष्क क्षेत्रों में यह प्रभाव और तीव्र दिखाई देता है, जिससे सूखा और गर्मी की लहरें बढ़ती हैं।
2. **मृदा अपरदन और भूमि बंजरता–**पेड़ों की कमी से मृदा संरचना कमजोर हो जाती है। वर्षा और पवन के कारण मिट्टी का अपरदन तेज हो जाता है। राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में यह प्रक्रिया भूमि बंजरपन और कृषि उत्पादकता में गिरावट का प्रमुख कारण है।
3. **जैव विविधता की हानि –** वन क्षेत्र में वन्य जीव और वनस्पतियों की संख्या घटती है। विशेषकर थार मरुस्थल और अन्य शुष्क क्षेत्रों में यह हानि पारिस्थितिक संतुलन को प्रभावित करती है। अनेक स्थानीय प्रजातियाँ विलुप्त होने के जोखिम में आती हैं।
4. **जल स्रोतों पर प्रभाव –** वनों की कटाई से भूजल स्तर घटता है और नदियों व तालाबों का जलाशय कम हो जाता है। राजस्थान के शुष्क क्षेत्रों में जल संकट गहरा होता है और सिंचाई व पीने के पानी की उपलब्धता प्रभावित होती है।
5. **सामाजिक और आर्थिक प्रभाव –** वन–निर्भर समुदायों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है। लकड़ी, ईंधन, औषधीय पौधे और चराई के लिए वन संसाधनों की कमी ग्रामीण अर्थव्यवस्था को प्रभावित

करती है। इसके अलावा, मृदा अपरदन और जल संकट कृषि उत्पादन में कमी लाते हैं, जिससे सामाजिक और आर्थिक दबाव बढ़ता है।

राजस्थान में वनों की कटाई के प्रभाव बहुआयामी हैं और ये पर्यावरणीय, जैविक, सामाजिक और आर्थिक क्षेत्रों में गहरे नकारात्मक परिणाम उत्पन्न करते हैं। इस अध्ययन के निष्कर्ष नीति निर्माताओं को सतत वन प्रबंधन और मरुस्थलीकरण रोकथाम की दिशा में मार्गदर्शन प्रदान करते हैं।

थार मरुस्थल अध्ययन – भूगोल और स्थिति–थार मरुस्थल भारत के उत्तार–पश्चिमी राजस्थान में स्थित है और इसकी सीमा पाकिस्तान तक फैली हुई है। यह मरुस्थल लगभग 0.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला हुआ है और इसे भारत का प्रमुख शुष्क क्षेत्र माना जाता है।

जलवायु और पर्यावरण–थार मरुस्थल में वार्षिक वर्षा केवल 10–25 सेमी होती है। गर्मियों का तापमान 45°C तक और सर्दियों का तापमान 0°C तक पहुँच सकता है। अत्यधिक तापमान और कम वर्षा के कारण यह क्षेत्र जल और वन संसाधनों के लिए संवेदनशील है।

वनस्पति और भूमि आवरण–मरुस्थल की वनस्पति मुख्यत: खेजड़ी, बाबूल, कैक्टस और झाड़ियाँ हैं। इन वनस्पतियों का वितरण चराई, सूखा कृषि और सीमित वन क्षेत्रों के अनुरूप है। वनस्पति कम होने के कारण मिट्टी अपरदन और भूमि बंजरता की समस्या तीव्र है।

भूमि उपयोग और सामाजिक प्रभाव–थार मरुस्थल में भूमि का उपयोग मुख्यत: 'चराई और सूखा कृषि' के लिए होता है। सीमित जल और वन संसाधनों के कारण कृषि उत्पादन अस्थिर रहता है। स्थानीय ग्रामीण समुदायों की आजीविका मुख्यत: पशुपालन और सूखा कृषि पर निर्भर है, जिससे मानव और पर्यावरणीय दबाव बढ़ता है।

मुख्य पर्यावरणीय प्रभाव:

1. भूमि बंजरता और मृदा क्षरण।
2. धूल भरी आंधियाँ और वायु गुणवत्ता पर प्रभाव।
3. कृषि उत्पादन में कमी और खाद्य सुरक्षा पर दबाव।
4. जैव विविधता में कमी और पारिस्थितिक असंतुलन।

विशेषता	विवरण
स्थान	उत्तर–पश्चिम राजस्थान, पाकिस्तान सीमा तक
क्षेत्रफल	0.2 मिलियन वर्ग किलोमीटर
वर्षा	10–25 सेमी.वर्ष
तापमान	गर्मी 45°C , सर्दी 0°C
वनस्पति	खेजड़ी, बाबूल, कैक्टस, झाड़ियाँ
भूमि उपयोग	चराई, सूखा कृषि
प्रमुख प्रभाव	भूमि बंजरता, धूल भरी आंधियाँ, कृषि संकट, जैव विविधता में कमी

थार मरुस्थल राजस्थान का प्रमुख शुष्क क्षेत्र है, जहाँ वनों की कटाई और चराई के दबाव के कारण मरुस्थलीकरण प्रक्रिया तीव्र हुई है। भू–स्थानिक विश्लेषण और पर्यावरणीय डेटा के अनुसार इस क्षेत्र में भूमि प्रबंधन, सतत वन संरक्षण और जल प्रबंधन की अत्यधिक आवश्यकता है।

चर्चा – अध्ययन के निष्कर्षों से यह स्पष्ट हुआ कि राजस्थान में वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण के मध्य एक सकारात्मक सहसंबंध विद्यमान है। उपग्रह चित्रण एवं भौगोलिक सूचना प्रणाली विश्लेषण से यह ज्ञात हुआ कि जिन क्षेत्रों में वन आवरण घटा है, वहाँ मृदा अपरदन, जल संरक्षण में कमी तथा स्थानीय तापमान में वृद्धि देखी गई है।

सामाजिक दृष्टि से, वन संसाधनों पर निर्भर ग्रामीण और आदिवासी समुदायों की आजीविका पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है। आर्थिक रूप से कृषि उत्पादकता में कमी और चराई योग्य भूमि की कमी ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रभावित किया है। परिणामस्वरूप, मरुस्थलीकरण की गति न केवल भौगोलिक बल्कि सामाजिक–सांस्कृतिक स्तर पर भी गहन प्रभाव छोड़ रही है।

निष्कर्ष – राजस्थान में वनों की कटाई और मरुस्थलीकरण एक परस्पर संबंधित पर्यावरणीय संकट हैं। वनों की हानि से भूमि की उर्वरता में कमी, जलवायु असंतुलन और जैव विविधता का ह्रास तीव्र हुआ है।

इन समस्याओं के समाधान हेतु निम्न उपाय आवश्यक हैं –

1. सतत वन प्रबंधन एवं पुन:वनरोपण कार्यक्रमों का विस्तार।
2. स्थानीय समुदायों की सहभागिता द्वारा संरक्षण कार्यों को प्रोत्साहित करना।
3. जल संसाधन प्रबंधन, वर्षा जल संचयन और सूक्ष्म सिंचाई तकनीकों का उपयोग।
4. नीति स्तर पर पर्यावरणीय नियोजन, ताकि औद्योगिक एवं शहरी विस्तार नियंत्रित ढंग से हो।

अत:, मरुस्थलीकरण की गति को नियंत्रित करने के लिए वन संरक्षण को प्राथमिक विकास नीति का हिस्सा बनाना अत्यंत आवश्यक है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Gadgil M., & Guha R. (1995). `Ecology and Equity: The Use and Abuse of Nature in Contemporary India.' Oxford University Press.
2. Singh R. L. (1993). `India: A Regional Geography.' National Geographical Society of India.
3. Sharma P. D. (2018). `Ecology and Environment.' Rastogi Publications.
4. Government of Rajasthan, Forest Department. (2023). `State Forest Report, Rajasthan.' Jaipur: Forest Department, Government of Rajasthan.
5. UNCCD. (2023). `Global Land Outlook Report.' United Nations Convention to Combat Desertification, Bonn.
6. FAO. (2023). `Global Forest Resources Assessment.' Rome: Food and Agriculture Organization of the United Nations.
7. Kumar, R. (2020). `Water Scarcity and Environmental Pressure in Rajasthan.' Jaipur University Press.
8. Singh, A., & Sharma, P. (2021). `Desertification Control and Forest Conservation in Arid Regions.' `Indian Journal of Environmental Studies', 25(2), 87–96.
9. गाडगिल, एम., एवं गूहा, आर. (1995). 'पर्यावरण और समानता: आधुनिक भारत में प्रकृति का उपयोग और दुरुपयोग' ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।
10. सिंह, आर. एल. (1993).'भारत: एक क्षेत्रीय भूगोल' नेशनल ज्योग्राफिकल सोसाइटी ऑफ इंडिया, वाराणसी।
11. शर्मा, पी. डी. (2018). 'पर्यावरण और पारिस्थितिकी' रस्तोगी पब्लिकेशन, मेरठ।
12. राजस्थान राज्य वन विभाग. (2023). 'राज्य वन रिपोर्ट, राजस्थान'

वन विभाग, राजस्थान सरकार।

13. चौधरी, एल. के. (2019). 'राजस्थान का पर्यावरणीय भूगोल' आर. बी. एस. पब्लिकेशन, जयपुर।
14. मीणा, जी. एल. (2022). 'मरुस्थलीकरण और पर्यावरणीय संकट: राजस्थान के संदर्भ में अध्ययन' राजस्थानी अध्ययन केंद्र, जोधपुर विश्वविद्यालय।
15. मिश्रा, एस. के. (2021). 'भारत में वन संरक्षण नीतियाँ और पर्यावरण प्रबंधन'नई दिल्ली: शारदा बुक हाउस।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

राजस्थान के मरुस्थलीकरण की समस्या और समाधान के उपाय : एक विश्लेषणात्मक अध्ययन

अंकिता पूनिया*

* सहायक आचार्य (भुगोल) आर एन टी कॉलेज, कपासन, चित्तौडगढ़ (राज.) भारत

शोध सारांश – राजस्थान भारत का सबसे शुष्क एवं मरुस्थलीय राज्य है, जहाँ मरुस्थलीकरण एक गंभीर पर्यावरणीय एवं सामाजिक-आर्थिक समस्या के रूप में उभर रहा है। राज्य के लगभग 60% भू-भाग में मरुस्थलीय परिस्थितियाँ पाई जाती हैं, जब कि नवीनतम रिपोर्टों के अनुसार लगभग 1.28 लाख वर्ग किलोमीटर भूमि मरुस्थलीकरण से प्रभावित है। इस स्थिति के प्रमुख कारणों में अत्यधिक चराई, वनों की कटाई, भूमिगत जल का अत्यधिक दोहन, भूमि उपयोग में असंतुलन तथा जलवायु परिवर्तन से उत्पन्न तापमान वृद्धि शामिल हैं। यह अध्ययन राजस्थान में मरुस्थलीकरण की समस्या का भौगोलिक दृष्टिकोण से विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जिसमें इसके कारण, प्रभाव तथा समाधान के उपायों की वैज्ञानिक समीक्षा की गई है। अध्ययनका उद्देश्य राज्य में स्थायी भूमि प्रबंधन (Sustainable Land Management) तथा पर्यावरणीय पुनर्स्थापन (Ecological Restoration) की संभावनाओं को उजागर करना है। प्रस्तुत शोध राजस्थान के मरुस्थलीकरण की वर्तमान स्थिति पर आधारित नवीनतम सांख्यिकीय आँकड़ों का उपयोग करते हुए नीतिगत सुधार एवं व्यवहारिक समाधान की दिशा में उपयोगी निष्कर्ष प्रदान करता है।

शब्द कुंजी –मरुस्थलीकरण, राजस्थान, जलवायु परिवर्तन, भूमिक्षय, जलप्रबंधन, सतत् कृषि।

प्रस्तावना – राजस्थान का अधिकांश भाग थार मरुस्थल के अंतर्गत आता है, जो भारत का सबसे विस्तृत एवं जलवायु की दृष्टि से अत्यंत शुष्क क्षेत्र है। मरुस्थलीकरण केवल भूमि की सतह का परिवर्तन नहीं है, बल्कि यह एक जटिल पारिस्थितिक प्रक्रिया (Complex Ecological Process) है, जिसके परिणाम स्वरूप मिट्टी, जल, वनस्पति और जलवायु के बीच का संतुलन प्रभावित होता है। संयुक्त राष्ट्र मरुस्थलीकरण नियंत्रण सम्मेलन (UNCCD, 2023) की रिपोर्ट के अनुसार, विश्व की लगभग 25% भूमि किसी न किसी रूप में मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया से प्रभावित है। भारत के सन्दर्भ में, लगभग 32% भू-भाग भूमिक्षय (Land Degradation) की स्थिति में है, जिनमें राजस्थान का योगदान सर्वाधिक है। राज्य के पश्चिमी जिलों – जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर और जोधपुर कृ में मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया विशेष रूप से तीव्र है। वर्ष 2025 में राजस्थान सरकार ने 'अरावली ग्रीन डेवलपमेंट प्रोजेक्ट' (Aravali Green Development Project) के अंतर्गत 19 जिलों में लगभग 3,700 हेक्टेयर भूमि पर मृदा सुधार, जल संरक्षण एवं वृक्षारोपण कार्य प्रारंभ किए हैं, जिन पर रू250 करोड़ का बजट निर्धारित किया गया है। इसके अतिरिक्त, 'ग्रीन वॉल इंडिया परियोजना' (Green Wall India Project) के अंतर्गत अरावली श्रृंखला में लगभग 42,000 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण एवं भूमि पुनर्स्थापन (Land Restoration) के प्रयास किए जा रहे हैं। इन प्रयासों का मुख्य उद्देश्य राजस्थान में मरुस्थलीकरण की बढ़ती गति को नियंत्रित करना, पारिस्थितिक संतुलन स्थापित करना तथा भूमि संसाधनों के सतत प्रबंधन (Sustainable Management) की दिशा में ठोस कदम उठाना है।यह अध्ययन इन्हीं प्रक्रियाओं का भौगोलिक एवं पर्यावरणीय विश्लेषण प्रस्तुत करता है, जिससे मरुस्थलीकरण की वर्तमान स्थिति, उसके कारणों तथा संभावित निवारण उपायों का अकादमिक मूल्यांकन किया जा सके।

साहित्य-समीक्षा

मरुस्थलीकरण पर राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अनेक शोध किए गए हैं, जिन से इस समस्या की व्यापकता और इसके समाधान के उपायों की गहरी समझ विकसित हुई है। राजस्थान के संदर्भ में यह समस्या विशेष रूप से गंभीर है, इसलिए यहाँ के भौगोलिक, पर्यावरणीय एवं सामाजिक पहलुओं पर कई अध्ययनों ने ध्यान केंद्रित किया है।

1. सिंह, आर. एल. (2018) ने अपने शोध 'Environmental Geography of Rajasthan' में बताया कि मरुस्थलीकरण का प्रमुख कारण असंतुलित भूमि उपयोग, अत्यधिक सिंचाई और भूमिगत जल का दुरुपयोग है। उन्होंने स्थायी भूमि प्रबंधन की आवश्यकता पर बल दिया।
2. यादव, एम. पी. (2020) के अनुसार, राजस्थान के पश्चिमी जिलों में चराई का दबाव और वनों की कटाई मरुस्थलीकरण की तीव्रता को बढ़ाते हैं। उनके अध्ययन में यह पाया गया कि चरागाह भूमि की हानि से पशुपालन-आधारित अर्थ व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।
3. यूनाइटेड नेशन्स डेजर्टिफिकेशन रिपोर्ट (UNCCD 2023) के अनुसार, भारत की 96.4 मिलियन हेक्टेयर भूमि किसी न किसी रूप में क्षय ग्रस्त है, जिसमें राजस्थान का हिस्सा लगभग 22% है। रिपोर्ट ने जलवायु परिवर्तन और तापमान वृद्धि को प्रमुख कारणों में से एक माना है।
4. मीणा, आर. एस. एवं शर्मा, पी. के. (2022) ने अपने अध्ययन 'Climate Variability and Land Degradation in Western Rajasthan' में बताया कि पिछले दो दशकों में वर्षा की अस्थिरता और

सूखा आवृत्ति में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे मिट्टी की उत्पादकता घट रही है।

5. गुप्ता, एस. एवं चौधरी, एल. (2024) के अनुसार, 'ग्रीन वॉल इंडिया परियोजना' और 'अरावली पुनर्स्थापन कार्यक्रम' जैसे सरकारी प्रयास मरुस्थलीकरण नियंत्रण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल हैं। उनका सुझाव है कि सामुदायिक भागीदारी और लोकल वॉटर हार्वेस्टिंग तकनीकें इस दिशा में दीर्घकालीन समाधान दे सकती हैं।

साहित्य से स्पष्ट है कि मरुस्थलीकरण एक बहुआयामी समस्या है, जो केवल भौगोलिक नहीं बल्कि सामाजिक-आर्थिक आयामों से भी जुड़ी हुई है। पूर्ववर्ती शोधों ने यह भी दर्शाया है कि इस समस्या का समाधान स्थानीय स्तर पर सामुदायिक सहभागिता, पर्यावरणीय जागरूकता और तकनीकी हस्तक्षेप के समन्वय से ही संभव है।

अध्ययनके उद्देश्य :

1. राजस्थान में मरुस्थलीकरण के प्रमुख कारणों की पहचान करना।
2. मरुस्थलीकरण के पर्यावरणीय, आर्थिक और सामाजिक प्रभावों का विश्लेषण करना।
3. सरकारी योजनाओं और स्थानीय पहलों की प्रभावशीलता का मूल्यांकन करना।
4. टिकाऊ भूमि उपयोग एवं जलप्रबंधन के उपाय सुझाना।
5. मरुस्थलीकरण नियंत्रण में जनसहभागिता की भूमिका को समझना।

परिकल्पनाएँ :

1. मरुस्थलीकरण का प्रमुख कारण मानवीय गतिविधियाँ और जलवायु परिवर्तन हैं।
2. प्रभावीजल-संरक्षण उपायों से मरुस्थलीकरण की गति को धीमा किया जा सकता है।
3. सामुदायिक भागीदारी इस समस्या के स्थायी समाधान की कुंजी है।
4. वृक्षारोपण एवं टिकाऊ कृषि मरुस्थलीकरण नियंत्रण के मुख्य साधन हैं।
5. सरकारी योजनाएँ यदि स्थानीय परिस्थितियों के अनुसार लागू हों, तो सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

शोध विधि – यह अध्ययन वर्णनात्मक एवं विश्लेषणात्मक पद्धति पर आधारित है। प्राथमिक स्रोतों में क्षेत्र सर्वेक्षण, स्थानीय लोगों से साक्षात्कार, ग्राम पंचायत अभिलेख शामिल हैं। द्वितीयक स्रोतों में सरकारी रिपोर्टें (MoEFCC, FAO, UNCCD), जलवायु विभाग के आँकड़े और पूर्ववर्ती शोधकार्य शामिलहैं। GIS और Remote Sensing तकनीक द्वारा जिलावार प्रभावित क्षेत्रों की पहचान की गई।सांख्यिकीय विश्लेषण SPSS और ArcGIS सॉफ्टवेयर द्वारा किया गया।

न्यादर्श – इस अध्ययन में उद्देश्य पूर्ण नमूना चयन पद्धति (Purposive Sampling Method) का उपयोग किया गया। राजस्थान के वे जिले चयनित किए गए जो मरुस्थलीकरण से सर्वाधिक प्रभावितहैं - जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, नागौर, जोधपुर, और सिरोही। कुल 12 विकास खंडोंसे 600 प्रतिभागियों का नमूना तैयार किया गया, जिसमें किसान, ग्राम प्रतिनिधि और स्थानीय पर्यावरणकार्यकर्ता शामिल थे।

मरुस्थलीकरण के प्रमुख कारण– राजस्थान में मरुस्थलीकरण की प्रक्रिया भौतिक, जैविक एवं मानव निर्मित कारकों के सम्मिलित प्रभाव से उत्पन्न होती है। राज्य का लगभग 60% भू-भाग शुष्क या अर्ध-शुष्क क्षेत्र में आता है। नीचे प्रमुख कारण दिए गए हैं -

1. **वनों की कटाई –** राज्य में ईंधन और चारे की बढ़ती मांग के कारण वन क्षेत्रों में निरंतर कमी हो रही है। Forest Survey of India(2023) के अनुसार, राजस्थान में वन क्षेत्रकुल भौगोलिक क्षेत्र फल का केवल 4.9% है, जो राष्ट्रीय औसत 21.7% से काफी कम है।
2. **अत्यधिक चराई –**राजस्थान में लगभग 580 लाख पशुधन (2024) हैं, जो भूमि की प्राकृतिक वह नक्षमता से अधिक है। यह अत्यधिक चराई मिट्टी के अपरदन और वनस्पति के ह्रास का प्रमुख कारण है।
3. **अविवेकपूर्ण कृषि पद्धतियाँ –**अत्यधिक सिंचाई, रासायनिक उर्वरकों का अंधाधुंध प्रयोग और दोहरी फसल प्रणाली ने मिट्टी की उर्वरता को घटाया है। ICAR (2023) की रिपोर्ट के अनुसार, पश्चिमी राजस्थान के 38% खेतों की मिट्टी में जैविक कार्बन की मात्रा अत्यंत कम पाई गई है।
4. **जलवायु परिवर्तन –**वर्षा की असमानता और औसत तापमान में वृद्धि ने मरुस्थलीकरण को तीव्र किया है। IMD (2024) के अनुसार, पिछले 30 वर्षों में राजस्थान का औसत तापमान 1.2°C बढ़ा है और वर्षा में 8-10% की कमी दर्ज की गई है।
5. **भूजल दोहन –**राजस्थान के कई जिलों-जैसे नागौर, बीकानेर, और जोधपुर-में भूजलस्तर प्रतिवर्ष 0.5-1 मीटर तक नीचे जा रहा है (CGWB Report, 2024)।इससे मिट्टी में लवणता बढ़ती है और भूमि बंजर होती जा रही है।
6. **जनसंख्या दबाव –** राज्य की जनसंख्या (2021 Census) लगभग 7.9 करोड़ है, जो भूमि और जल संसाधनों पर भारी दबाव डालती है।नगरीकरण और कृषि भूमि पर अतिक्रमण से मरुस्थलीकरण का दायरा बढ़ रहा है।

राजस्थान में मरुस्थलीकरण के प्रभाव – मरुस्थलीकरण केवल भूमि क्षरण की समस्या नहीं है, बल्कि यह राज्य की अर्थव्यवस्था, समाज और पर्यावरण पर व्यापक प्रभाव डालती है। नीचे प्रमुख प्रभावों का वर्गीकरण किया गया है :

1. **पर्यावरणीय प्रभाव –** मिट्टी की उर्वरता में कमी पश्चिमी राजस्थान में 2024 तक लगभग 48 लाख हेक्टेयर भूमि की उत्पादकता 40% तक घट चुकी है। वनस्पति आवरण में ह्रास वनस्पति का अभाव वायु अपरदन को बढ़ाता है, जिससे धूलभरी आँधियाँ सामान्य हो गई हैं। जैव विविधता में गिरावट थार क्षेत्र की अनेक प्रजातियाँ जैसे ग्रेट इंडियन बस्टर्ड विलुप्ति के कगार पर हैं।
2. **आर्थिक प्रभाव –** कृषि उत्पादकता में कमी मरुस्थलीय जिलों (जैसेबाड़मेर, जैसलमेर, बीकानेर) में प्रति हेक्टेयर अनाज उत्पादन राज्य औसत से 30-40% कम है। पशुधन उत्पादन पर असर चरागाहों की कमी से पशुधन का स्वास्थ्य एवं दुग्ध उत्पादन घटा है। रोजगार के अवसरों में कमी भूमि की उत्पादकता घट ने से ग्रामीण बेरोजगारी बढ़ रही है, जिससे प्रवास दर में निरंतर वृद्धि हो रही है।
3. **सामाजिक प्रभाव–** प्रवास और विस्थापन 2023-24 में लगभग 1.7 लाख लोग मरुस्थलीय जिलों से शहरी क्षेत्रों कीओर पलायन कर चुके हैं। जलसंकट राज्य के 23 जिलों में भूजल स्तर संकट की स्थिति में है। स्वास्थ्य संबंधी समस्याएँ धूलभरी आँधियों से श्वसन रोग एवं त्वचा संबंधी

बीमारियाँ बढ़ रहीहैं।

4. जलवायु पर प्रभाव – मरुस्थलीकरण से भूमि की सतह पर एल्बीडो (Albedo) बढ़ता है, जिससे स्थानीय तापमान बढ़ता है और वर्षा चक्र असंतुलित हो जाता है।राजस्थान के पश्चिमी भाग में माइक्रोक्लाइमेट लगातार शुष्क होता जा रहा है।

मरुस्थलीकरण की समस्या के समाधान के उपाय – राजस्थान में मरुस्थलीकरण की समस्या को नियंत्रित करने के लिए बहुआयामी रणनीतियों की आवश्यकता है, जिसमें वैज्ञानिक तकनीक, सरकारी नीतियाँ, स्थानीय सहभागिता और टिकाऊ विकास दृष्टिकोण को एकीकृत रूप में लागू किया जाना चाहिए। नीचे प्रमुख उपाय दिए गए हैं –

1. वन पुनर्स्थापन और वृक्षारोपण – ग्रीन वॉल इंडिया परियोजना (2024) के अंतर्गत अरावली श्रृंखला में 42,000 हेक्टेयर क्षेत्र में वृक्षारोपण का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

2. मृदा एवं जल संरक्षण –जलजीवन मिशन और राजस्थान वाटर शेड डेवल पमेंट प्रोजेक्ट के अंतर्गत चेकडैम, कंटूरट्रेंचिंग, एवं पेरकोलेशन टैंक जैसे उपाय अपनाए जा रहे हैं।

3. टिकाऊ कृषि पद्धतियाँ – फसल चक्र और जैविक खाद के प्रयोग से भूमि की उर्वरता में सुधार। ड्रिप सिंचाई से जल की बचत- ICAR (2024) के अनुसार इस तकनीक से जल उपयोग में 35% की कमी आई है। सूखा-रोधीफसलोंजैसेबाजरा, मूँग, और मोठ की खेती को प्रोत्साहन।

4. सामुदायिकभागीदारी – जल स्वराज अभियान (2025) के तहत ग्रामीण समुदायों द्वारा जल-संरक्षण कार्यों में भागीदारी सुनिश्चित की जारही है।

5. नीति और संस्थागत उपाय – राजस्थान पर्यावरण नीति (2024) में भूमि क्षरण को रोकने हेतु विशेष प्रावधान शामिल किए गए हैं। UNCCD के दिशा-निर्देशों के अनुसार, राज्य सरकार ने Land Degradation Neutrality (LDN)लक्ष्य 2030 तक प्राप्त करने की घोषणा की है।

6. जनजागरूकता और शिक्षा – स्कूलों और स्थानीय पंचायतों के माध्यम से पर्यावरण शिक्षा और वृक्षारोपण अभियानों को बढ़ावा दिया जा रहा है।

7. वैज्ञानिक अनुसंधान और निगरानी –CAZRI, जोधपुर द्वारा रिमोट सेंसिंग आधारित मरुस्थलीकरण मानचित्र तैयार किया गया है। सैटेलाइट डाटा से भूमि क्षरण की गति और वर्षा प्रवृत्तियों की निरंतर निगरानी की जारही है।

राजस्थान में मरुस्थलीकरण नियंत्रण हेतु एकीकृत दृष्टिकोण अपनाना आवश्यक है, जिसमें विज्ञान, नीति और समाज-तीनों के प्रयासों का समन्वय हो। 'भूमि पुनर्स्थापन एवं हरित विकास' ही राजस्थान को सतत विकास की दिशा में अग्रसर कर सकता है।

विश्लेषण एवं चर्चा – राजस्थान के पश्चिमी जिलों – जैसलमेर, बाड़मेर, बीकानेर, नागौर ,जोधपुर और सिरोही – 2025 की स्थिति के अनुसार मरुस्थलीकरण से सर्वाधिक प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में भूमिक्षय की औसत दर 1.2% प्रति वर्ष है, जबकि राज्य सरकार की 'Green Rajasthan Initaitive (2025)' योजना के तहत कुछ जिलों में 10-12% तक सुधार दर्ज किया गया है।यह विश्लेषण जिलेवार तुलना, ग्राफीय प्रस्तुति और नवीनतम रिपोर्टों पर आधारित है।

जिलावार तुलनात्मक आँकड़े

जिला	प्रभावित क्षेत्र (वर्गकिमी)	भूमिक्षय की वार्षिक दर	सुधारदर
जैसलमेर	24,000	1.4	10.5
बाड़मेर	19,500	1.3	9.8
बीकानेर	17,200	1.1	11.2
नागौर	14,300	1.0	8.9
जोधपुर	16000	1.2	10.1
सिरोही	12400	0.9	9.5

विश्लेषण: उपरोक्त तालिका से स्पष्ट होता है कि जैसलमेर ,बाड़मेरऔर नागौर जिले मरुस्थलीकरण से सर्वाधिक प्रभावित हैं, जबकि बीकानेर जोधपुर और सिरोही जिलों में सुधार की गति अपेक्षाकृत बेहतर है। यह दर्शाता है कि जिन क्षेत्रों में सामुदायिक भागीदारी, वृक्षारोपण कार्यक्रम और जल-संरक्षण पहलें सक्रिय हैं, वहाँ भूमि पुनर्स्थापन की दर अधिक है।



निष्कर्ष – राजस्थान में मरुस्थलीकरण एक जटिल पर्यावरणीय, सामाजिक एवं आर्थिक समस्या है, जो भूमिक्षरण, जल की कमी, और जैव विविधता के ह्रास से गहराई से जुड़ी हुई है।अध्ययन से स्पष्ट होता है कि सरकारी नीतियाँ, स्थानीय समुदायों की सहभागिता और हरित पहलें इस चुनौती के समाधान में निर्णायक भूमिका निभा सकती हैं।

यदि वर्ष 2025 में प्रारम्भ की गई परियोजनाएँ, जैसे Aravali Green Development Project और Green Wall India Project अपने लक्ष्यों को प्राप्त करने में सफल होती हैं, तो आगामी दशक में मरुस्थलीकरण की दर में उल्लेखनीय कमी संभव है। इस के साथ ही, सतत भूमिप्रबंधन, वृक्षारोपण अभियानों और जन-जागरूकता कार्यक्रमों के समन्वय से राजस्थान एक हरित एवं संतुलित पारिस्थितिकी तंत्र की दिशा में अग्रसर हो सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. Government of Rajasthan. (2025). Aravali Green Development Project Report. Jaipur: Forest Department.
2. FAO. (2024). Land Degradation and Desertification in India. New Delhi.
3. MoEFCC. (2023). India State of Environment Report.Government of India.
4. Times of India. (2025). Govt starts soil development in Aravalli districts.

5. UNCCD. (2023). Global Land Outlook: South Asia Edition.
6. IMD. (2024). Rainfall and Temperature Variations in Western India.
7. CGWB. (2023). Groundwater Status Report, Rajasthan
8. शर्मा, पी. डी. (2022). 'पर्यावरण अध्ययन एवं प्रदूषण नियंत्रण' मेरठ: रस्तोगी पब्लिकेशन।
9. मीणा, आर. एस. (2021). 'राजस्थान का भौतिक भूगोल' जयपुर: राजस्थान हिन्दी ग्रन्थ अकादमी।
10. जोशी, एन. के. (2020). 'मरुस्थलीकरण की समस्या एवं समाधान' जयपुर: विद्यार्थी प्रकाशन।
11. सिंह, एल. आर. (2019). 'भारत का भूगोल' नई दिल्ली: अटलांटिक पब्लिशर्स।
12. चौधरी, बी. एल. (2023). 'राजस्थान का पर्यावरणीय परिप्रेक्ष्य' जोधपुर: राजस्थानी ग्रन्थ प्रकाशन।
13. अग्रवाल, एस. (2022). 'जल संसाधन प्रबंधन एवं मरुस्थलीकरण नियंत्रण' दिल्ली: आर्य पब्लिशिंग हाउस।
14. मिश्रा, एस. एन. (2021). 'भारत में मरुस्थलीकरण की समस्या' जयपुर: राजस्थान हिंदी ग्रन्थ अकादमी।
15. गाडगिल, माधव एवं गूहा, रामचन्द्र. (2018). 'प्रकृतिऔर समानता: भारत में पर्यावरणीय संघर्ष' ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी प्रेस।

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

दयानंद सरस्वती के शैक्षिक सिद्धांतों का आधुनिक भारत की नई शिक्षा नीति (NEP 2020) के संदर्भ में विश्लेषण

हीरा लाल अहीर* डॉ. राखी शर्मा **

* शोधार्थी (शिक्षाशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत
** सह-प्राध्यापक (शिक्षाशास्त्र) विक्रम विश्वविद्यालय, उज्जैन (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – भारत की शिक्षा व्यवस्था ने स्वतंत्रता के बाद अनेक चरणों में परिवर्तन देखा है। प्रारंभ में यह व्यवस्था औपनिवेशिक ढांचे पर आधारित थी, जिसमें ज्ञान के बजाय परीक्षा-उन्मुखता और पश्चिमी दृष्टिकोण की प्रधानता थी। परंतु धीरे-धीरे भारतीय समाज ने यह अनुभव किया कि केवल व्यावसायिक या प्रमाणपत्र आधारित शिक्षा राष्ट्रनिर्माण के लिए पर्याप्त नहीं है। इस पृष्ठभूमि में 2020 में लागू की गई नई शिक्षा नीति (NEP 2020) भारतीय परंपरा, संस्कृति और समग्र शिक्षा दृष्टिकोण को पुनर्स्थापित करने का प्रयास करती है।

यह नीति इस बात पर बल देती है कि शिक्षा का उद्देश्य केवल नौकरी प्राप्त करना नहीं, बल्कि एक नैतिक, सृजनशील, और जिम्मेदार नागरिक का निर्माण है। यह विचार स्वामी दयानंद सरस्वती के शिक्षा दर्शन से अत्यंत साम्य रखता है। 19वीं शताब्दी में जब भारत अंधविश्वास, सामाजिक कुरीतियों और औपनिवेशिक दासता से ग्रस्त था, तब स्वामी दयानंद सरस्वती ने 'वेदों की ओर लौटो का संदेश देते हुए शिक्षा को पुन: भारतीयता से जोड़ने का प्रयास किया। उनका शिक्षा दर्शन 'सत्य', 'धर्म', 'कर्तव्य' और 'स्वावलंबन' के मूल्यों पर आधारित था।

प्रस्तावना – महर्षि दयानंद सरस्वती 19वीं शताब्दी के ऐसे युगप्रवर्तक समाज-सुधारक थे जिन्होंने भारतीय समाज को अंधविश्वास, रूढ़ियों, पाखंड और सामाजिक कुरीतियों से मुक्त कराने का आंदोलन चलाया। उनका जीवन भारतीय पुनर्जागरण का प्रतीक था। उन्होंने शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन का माध्यम नहीं, बल्कि मानवता, धर्म और राष्ट्रोद्धार का साधन माना। उनका नारा — 'वेदों की ओर लौटो' (Back to the Vedas) केवल धार्मिक आह्वान नहीं था, बल्कि एक शैक्षिक और सामाजिक क्रांति का प्रतीक था।

दयानंद सरस्वती का मानना था कि भारतीय समाज की कमजोरी उसकी शिक्षा व्यवस्था में निहित है, जो विदेशी प्रभाव में अपनी मौलिकता खो चुकी थी। वे कहते थे कि शिक्षा ऐसी होनी चाहिए जो व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाए, न कि केवल नौकरी के लिए तैयार करे। उनके अनुसार, शिक्षा का उद्देश्य मनुष्य के चरित्र, विचार और कर्म में शुद्धता और श्रेष्ठता लाना है। उन्होंने कहा था –

'शिक्षा का लक्ष्य केवल विद्या प्राप्त करना नहीं, बल्कि मनुष्य को अपने धर्म, संस्कृति और कर्तव्य का बोध कराना है।'

उन्होंने वेदों को ज्ञान, विज्ञान और नैतिकता का सर्वोच्च स्रोत बताया। वेदों में निहित वैज्ञानिक दृष्टि, नैतिक अनुशासन और सत्य की खोज ही शिक्षा का वास्तविक स्वरूप है। दयानंद ने बालक की शिक्षा को केवल पुस्तकीय न मानकर शारीरिक, मानसिक, नैतिक, और आध्यात्मिक विकास का माध्यम बताया। इस दृष्टि से उनका शिक्षा-दर्शन समग्र शिक्षा की अवधारणा पर आधारित था — जो आज छएझ 2020 का मूल आधार है।

साहित्य समीक्षा

1. 'सत्यार्थ प्रकाश' – स्वामी दयानंद सरस्वती (1875)

यह दयानंद की शिक्षा-दृष्टि का आधारभूत ग्रंथ है। इसमें उन्होंने 'सत्य की खोज', 'तर्कसंगत चिंतन', यस्वावलंबन', 'नैतिकता', और 'वैज्ञानिक दृष्टि' को शिक्षा का मूल लक्ष्य बताया। वे मातृभाषा-आधारित शिक्षा, मानसिक अनुशासन और अन्वेषण-आधारित अधिगम का समर्थन करते हैं। NEP 2020 में "critical thinking", "concept&based learning" और 'mother tongue instruction' जैसे तत्व दयानंद की इसी वैचारिक रेखा से मेल खाते हैं।

2. 'Swami Dayanand Saraswati: Jeevan aur Darshan'– रामगोपाल शास्त्री (1950)

शास्त्री दयानंद की शिक्षा-दृष्टि को चरित्र-निर्माण और मनुष्य-निर्माण से जोड़ते हैं। पुस्तक दर्शाती है कि दयानंद शिक्षा को केवल ज्ञानार्जन नहीं, बल्कि नैतिक, सामाजिक और वैचारिक उन्नयन का साधन मानते थे। यह दृष्टिकोण 'Holistic development' और 'value&based education' के NEP 2020 सिद्धांतों के समानांतर है।

3. 'Dayananda Saraswati: The Reforming Hindu' – J- T- Sunderland (1898)'

संडरलैंड दयानंद को वैज्ञानिक विचार और सामाजिक सुधार का प्रणेता बताते हैं। पुस्तक विशेष रूप से आर्यसमाज द्वारा स्थापित आधुनिक गुरुकुलों पर प्रकाश डालती है, जहाँ कौशल-आधारित, नैतिक-आधारित और अनुभवपरक शिक्षा दी जाती थी। यह मॉडल NEP 2020 के 'Experiential learning, competency-based curriculum' और 'skill integration' से प्रत्यक्ष साम्य रखता है।

4. "Swami Dayanand's Educational Philosophy' – धर्मपाल शर्मा (1982)

इस पुस्तक में दयानंद की शैक्षिक विचारधारा को पाँच पहलुओंकृनैतिकता, सत्य-खोज, आत्म-विकास, श्रम-शिक्षा और सांस्कृतिक आधारकृमें व्यवस्थित रूप से प्रस्तुत किया गया है। शर्मा बताते हैं कि दयानंद शिक्षण में 'प्रश्न-पद्धति', 'तर्क-विमर्श', और 'सहभागी अधिगम' के समर्थक थे। NEP 2020 के 'active learning discussion-based learning और multidisciplinary approach से यह स्पष्ट रूप से संबंधित है।

5. 'The Vedic Vision of Education' – सुशील चौधरी (1994)

चौधरी दयानंद की शिक्षा को वैदिक परंपरा का आधुनिक रूप बताते हैं। पुस्तक में 'समग्र विकास', 'आध्यात्मिक-वैज्ञानिक दृष्टि', 'मातृभाषा', और 'अंतर्विषयक अध्ययन' को शिक्षा का मूल आधार माना गया है। NEP 2020 की वकालत- multidisciplinary curriculum] foundational learning] IKS (Indian Knowledge Systems)- इन वैदिक सिद्धांतों से गहरा संबंध बनाती है।

6. 'Education in Ancient India'- A. S. Altekar (1934)'अल्तेकर भारतीय वैदिक/गुरुकुल परंपरा के मूल्यों और शिक्षण-पद्धतियों पर प्रकाश डालते हैंकृनैतिक अनुशासन, गुरु-शिष्य संवाद, जीवन कौशल, और समग्र विकास। दयानंद ने इसी मॉडल को पुनर्जीवित किया था। NEP 2020 में नैतिक शिक्षण, कौशल-एकीकरण, और भारतीय ज्ञान पर आधारित शिक्षा की अवधारणा इन वैदिक तत्वों की आधुनिक पुनरावृत्ति है।

7. 'Dayanand and His Times'– R- C- Majumdar (1958)' मजूमदार दयानंद को भारतीय पुनर्जागरण का प्रमुख दार्शनिक मानते हैं। वे बताते हैं कि दयानंद औपनिवेशिक रटंत व्यवस्था के विरोधी थे और 'अनुभव-आधारित' शिक्षा के पक्षधर। NEP 2020 की "competency based assessment', `problem solving और "creativity enhancement' की दिशा दयानंद के इसी नवोन्मेषवादी दृष्टिकोण से जुड़ी है।

8. Indian Heritage and Education – P- Ruhela (1990)

रूहेला दयानंद के गुरुकुल शिक्षा मॉडल की विस्तृत समीक्षा करते हुए बताते हैं कि यह संवाद, कला, संगीत, शारीरिक शिक्षा और नैतिक मूल्यों से समृद्ध था। यह मॉडल holistic education का आरंभिक स्वरूप था। NEP 2020 में कला-समावेशन, खेल-आधारित शिक्षण, मूल्य शिक्षा तथा periential learning की नीति इसी समग्रता का आधुनिक प्रतिबिंब है।

अनुसंधान के उद्देश्य:

1. 'स्वामी दयानंद सरस्वती की शैक्षिक विचारधारा'-विशेषकर आत्मनिर्भरता, नैतिक शिक्षा, वैदिक ज्ञान, मातृभाषा एवं सर्वांगीण विकासकृका समग्र अध्ययन करना।

2. 'राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 (NEP 2020) के प्रमुख प्रावधानों- भारतीयकरण, बहुभाषिकता, कौशल-आधारित शिक्षा, मूल्य-संचारण एवं समावेशी शिक्षा- का आलोचनात्मक विश्लेषण करना।

3. दयानंद सरस्वती की विचारधारा और NEP 2020 के 'मुख्य समानताओं' (जैसे मातृभाषा, नैतिक शिक्षा, सर्वांगीण विकास, भारतीय ज्ञान परंपरा) को पहचानना और उनका तुलनात्मक अध्ययन करना।

4. दोनों के बीच संभावित असमानताओं विरोधाभासों (जैसे वैदिक-केन्द्रित शिक्षा बनाम तकनीकी-आधारित आधुनिक शिक्षा) को स्पष्ट करना।

5. यह मूल्यांकन करना कि 'आधुनिक शिक्षा नीति (NEP 2020) पर दयानंद विचारों का प्रभाव' किस प्रकार दिखाई देता है और उनका आज के शैक्षिक परिदृश्य में क्या योगदान है।

6. समग्र रूप से यह समझना कि 'दयानंद सरस्वती की शैक्षिक विचारधारा और NEP 2020 का अंतर्संबंध' भारत की भविष्यगत शिक्षा प्रणाली को किस प्रकार दिशा प्रदान कर सकता है।

परिकल्पनाएँ

1. NEP 2020 में मातृभाषा-आधारित शिक्षा, नैतिक मूल्यों और भारतीय ज्ञान-परंपरा पर दिया गया बल, स्वामी दयानंद सरस्वती की शैक्षिक विचारधारा से सार्थक रूप से जुड़ा हुआ है।'

2. 'दयानंद सरस्वती द्वारा प्रतिपादित आत्मनिर्भरता, चरित्र-निर्माण और सत्य-खोज की अवधारणाएँ, छएझ 2020 के समग्र एवं कौशल-आधारित शिक्षा मॉडल को सकारात्मक रूप से प्रभावित करती हैं।'

3. 'दयानंद की वैदिक-केन्द्रित शिक्षा और NEP 2020 के तकनीकी एवं नवाचार-उन्मुख प्रावधानों के बीच कुछ क्षेत्रों में वैचारिक अंतर (divergence) विद्यमान है।'

4. 'शिक्षाविदों और विद्यार्थियों के दृष्टिकोण में यह मान्यता पाई जाती है कि NEP 2020, दयानंद सरस्वती के शैक्षिक सिद्धांतों को आधुनिक संदर्भ में आंशिक या पूर्ण रूप से पुनर्परिभाषित करती है।'

शोध विधि – यह शोध 'मिश्रित विधियों पर आधारित होगा, जिसमें गुणात्मक व परिमाणात्मक दोनों प्रकार के डेटा का उपयोग किया जाएगा। प्राथमिक डेटा शिक्षकों, विद्यार्थियों और शोधार्थियों से 'प्रश्नावली' और 'अर्ध-संरचित साक्षात्कार' द्वारा संकलित किया जाएगा। द्वितीयक डेटा में दयानंद सरस्वती की पुस्तकों, व्याख्याओं तथा शिक्षा-सम्बंधित ग्रंथों का अध्ययन शामिल होगा। डेटा विश्लेषण हेतु 'थीमेटिक विश्लेषण', 'सामग्री-विश्लेषण', तथा सरल सांख्यिकीय उपकरण (प्रतिशत, आवृत्ति) अपनाए जाएँगे। सैम्पलिंग के लिए 'Purposive' और 'Random Sampling' का प्रयोग किया जाएगा, तथा सभी नैतिक मानकों का पालन किया जाएगा।

महर्षि दयानंद सरस्वती के शैक्षिक विचार – महर्षि दयानंद सरस्वती भारतीय नवजागरण के अग्रदूत और आधुनिक भारत के शिक्षा-सुधारक माने जाते हैं। उन्होंने 19वीं शताब्दी के उस दौर में शिक्षा के क्षेत्र में क्रांतिकारी विचार प्रस्तुत किए जब भारतीय समाज अंधविश्वास, अशिक्षा, सामाजिक कुरीतियों और विदेशी मानसिकता से ग्रस्त था। उनके अनुसार, शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल जीविका नहीं, बल्कि व्यक्ति, समाज और राष्ट्र के समग्र उत्थान का माध्यम होना चाहिए। उन्होंने कहा – 'शिक्षा वह साधन है जिससे मनुष्य अपने और समाज के कल्याण के लिए विवेकपूर्ण कार्य कर सके।'

महर्षि दयानंद ने शिक्षा को सत्य की खोज, आत्मज्ञान, और समाज सेवा का मार्ग बताया। उनके अनुसार शिक्षा वह प्रक्रिया है जो मनुष्य को अज्ञान से ज्ञान की ओर, जड़ता से चेतना की ओर, और पराधीनता से स्वतंत्रता की ओर ले जाती है। उन्होंने कहा कि शिक्षित व्यक्ति केवल ज्ञानवान नहीं होता, बल्कि कर्तव्यनिष्ठ, नैतिक, और राष्ट्रप्रेमी भी होता है।

उनके शिक्षा दर्शन के पाँच मुख्य आधार निम्नलिखित हैं –

1. वेदाधारित शिक्षा – महर्षि दयानंद सरस्वती का संपूर्ण जीवन और दर्शन वेदों पर आधारित था। वे मानते थे कि वेद ही मानवता के शाश्वत ज्ञान का स्रोत हैं। उन्होंने कहा –

'वेद ही सच्चे ज्ञान, विज्ञान और धर्म का आधार हैं।'

उनका मानना था कि वेद केवल धार्मिक ग्रंथ नहीं हैं, बल्कि उनमें विज्ञान, गणित, खगोल, चिकित्सा, पर्यावरण, और नैतिक आचरण जैसे विषयों का भी विस्तार है। इसलिए उन्होंने शिक्षा के केंद्र में वेदों को पुन: स्थापित करने का आह्वान किया।

वेदाधारित शिक्षा के प्रमुख तत्व:

1. शिक्षा का उद्देश्य 'सत्य' और 'धर्म' की खोज होना चाहिए।
2. विद्यार्थी को प्रकृति, समाज और ब्रह्मांड के रहस्यों को समझने की क्षमता प्रदान करनी चाहिए।
3. वेदों में निहित तर्क, वैज्ञानिक दृष्टि और युक्तिसंगतता पर बल दिया जाना चाहिए।
4. धार्मिक आडंबर और अंधविश्वास से मुक्त, तर्कपूर्ण शिक्षा प्रणाली का विकास होना चाहिए।

उनकी दृष्टि में वेदाधारित शिक्षा का तात्पर्य केवल शास्त्रों का अध्ययन नहीं, बल्कि उस ज्ञान-परंपरा का पुनर्जागरण है जो भारतीय समाज को आत्मनिर्भर, विवेकशील और नैतिक बना सके।

दयानंद ने गुरुकुल प्रणाली को पुनर्जीवित करने की दिशा में भी कार्य किया। उनके द्वारा प्रेरित गुरुकुल कांगड़ी विश्वविद्यालय (हरिद्वार) इसका सजीव उदाहरण है, जहाँ शिक्षा वेद, विज्ञान, योग और आधुनिक विषयों के समन्वय से दी जाती थी।

उन्होंने कहा कि जब तक शिक्षा वेदों के सत्य और विज्ञान पर आधारित नहीं होगी, तब तक समाज में ज्ञान और आचरण का संतुलन नहीं बन सकता। इस प्रकार, वेदाधारित शिक्षा का उद्देश्य था - आध्यात्मिकता और वैज्ञानिकता का समन्वय।

2. नैतिकता और आचरण – महर्षि दयानंद सरस्वती का दूसरा प्रमुख शैक्षिक सिद्धांत था - नैतिकता का विकास और चरित्र निर्माण।

उनके अनुसार शिक्षा का सर्वोच्च लक्ष्य है - 'सच्चे मनुष्य का निर्माण।'

उनका यह कथन प्रसिद्ध है -

'चरित्रहीन शिक्षित व्यक्ति समाज के लिए विनाशकारी होता है।'

उनका विश्वास था कि शिक्षा यदि केवल बौद्धिक विकास तक सीमित रह जाए और उसमें नैतिकता तथा मानवता का समावेश न हो, तो वह अधूरी है। इसलिए उन्होंने कहा कि प्रत्येक विद्यार्थी में सत्य, अहिंसा, परोपकार, अनुशासन, और आत्मसंयम जैसे गुणों का विकास होना आवश्यक है।

नैतिक शिक्षा के प्रमुख बिंदु:

1. शिक्षा का केंद्र 'सद्गुणों का विकास' होना चाहिए।
2. ज्ञान के साथ-साथ आचरण और व्यवहार की शुद्धता आवश्यक है।
3. शिक्षक को 'आदर्श चरित्र' का प्रतीक होना चाहिए, क्योंकि वही विद्यार्थियों का नैतिक आदर्श बनता है।
4. समाज के प्रति कर्तव्य, सेवा भावना, और राष्ट्रप्रेम शिक्षा का अनिवार्य भाग होना चाहिए।

दयानंद सरस्वती का यह दृष्टिकोण आज भी प्रासंगिक है। वर्तमान शिक्षा प्रणाली में जहाँ प्रतिस्पर्धा और व्यावसायिकता का वर्चस्व है, वहाँ दयानंद का 'चरित्र-निर्माण आधारित शिक्षा' एक संतुलन प्रदान करता है।

उनकी यह सोच आज की नई शिक्षा नीति 2020 में भी परिलक्षित होती है, जहाँ 'Value & based Education' और 'Ethics & Human Values' को शिक्षा का मूल तत्व माना गया है।

3. स्वदेशी भाषा में शिक्षा – दयानंद सरस्वती शिक्षा को तभी सार्थक मानते थे जब वह स्वभाषा (मातृभाषा) में दी जाए। उनका कहना था कि विदेशी भाषा में शिक्षा व्यक्ति की मौलिक सोच और सृजनात्मकता को सीमित कर देती है। उन्होंने कहा -

'जिस भाषा में मनुष्य सोचता और बोलता है, उसी भाषा में सीखने पर ज्ञान स्थायी होता है।'

औपनिवेशिक शासनकाल में जब अंग्रेजी शिक्षा को श्रेष्ठ मान लिया गया था, दयानंद ने भारतीय भाषाओं में शिक्षा देने का समर्थन किया। उनका विश्वास था कि मातृभाषा में शिक्षा से ही -

1. विद्यार्थी विषय को बेहतर समझ सकता है।
2. सृजनात्मकता और चिंतन की क्षमता बढ़ती है।
3. भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ाव बना रहता है।
4. समाज में ज्ञान का प्रसार अधिक व्यापक होता है।

उन्होंने संस्कृत, हिंदी और क्षेत्रीय भाषाओं में शिक्षण को बढ़ावा देने पर बल दिया। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि विदेशी भाषाओं का ज्ञान भी आवश्यक है, परंतु वह मातृभाषा का स्थान नहीं ले सकती।

यह विचार आज नई शिक्षा नीति 2020 में प्रतिध्वनित होता है, जिसमें कहा गया है कि 'कक्षा 5 तक और जहाँ संभव हो कक्षा 8 तक, शिक्षा मातृभाषा या स्थानीय भाषा में दी जाए।'

यह स्पष्ट रूप से दयानंद सरस्वती की सोच से प्रेरित नीति का संकेत है।

4. समान शिक्षा – महर्षि दयानंद सरस्वती ने शिक्षा को सभी के लिए समान अधिकार बताया। उस समय भारतीय समाज में स्त्रियों को शिक्षा से वंचित रखा जाता था, किंतु दयानंद ने वेदों के आधार पर यह सिद्ध किया कि स्त्रियों को भी पुरुषों के समान शिक्षा प्राप्त करने का अधिकार है।

उन्होंने कहा -

'जिस समाज में नारी अशिक्षित है, वह समाज कभी उन्नत नहीं हो सकता।'

दयानंद के अनुसार, शिक्षा समाज में समानता और न्याय की भावना उत्पन्न करती है। वे मानते थे कि शिक्षा का अधिकार जाति, लिंग, या वर्ग के आधार पर नहीं, बल्कि जन्मजात मानवीय अधिकार के रूप में सभी को मिलना चाहिए।

समान शिक्षा के प्रमुख तत्व:

1. स्त्री और पुरुष दोनों को समान शिक्षा के अवसर मिलें।
2. समाज के प्रत्येक वर्ग तक शिक्षा की पहुँच हो।
3. शिक्षा के माध्यम से सामाजिक अन्याय, छुआछूत और भेदभाव को समाप्त किया जाए।

उन्होंने आर्य समाज के माध्यम से बालिकाओं की शिक्षा के लिए विद्यालयों और गुरुकुलों की स्थापना कराई।

उनकी यह सोच भारतीय शिक्षा के लोकतंत्रीकरण की नींव थी — जिसका आधुनिक रूप 'Education for All' के रूप में देखा जा सकता है। NEP 2020 में भी 'Gender Inclusion Fund' और 'Universal Access to Education' जैसी नीतियाँ इसी दिशा में एक कदम हैं।

5. व्यावहारिक ज्ञान – महर्षि दयानंद सरस्वती का अंतिम किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण शैक्षिक सिद्धांत था शिक्षा का संबंध जीवन और व्यवहार से होना चाहिए। वे केवल सैद्धांतिक या ग्रंथाधारित शिक्षा के पक्षधर नहीं थे। उन्होंने कहा कि-

'शिक्षा वही है जो मनुष्य को जीवन जीने की कला सिखाए।'

उनके अनुसार, शिक्षा का उद्देश्य केवल जानकारी देना नहीं, बल्कि ज्ञान का प्रयोग करना सिखाना है। इसलिए उन्होंने शिक्षा को कौशल, श्रम, विज्ञान, और स्वावलंबन से जोड़ने की आवश्यकता बताई।

व्यावहारिक शिक्षा के प्रमुख बिंदु:

1. शिक्षा व्यक्ति को आत्मनिर्भर बनाए।
2. कृषि, उद्योग, व्यापार और विज्ञान से संबंधित ज्ञान दिया जाए।
3. विद्यार्थियों को हाथ से काम करने, प्रयोग करने, और समाज में योगदान देने की प्रेरणा मिले।
4. शिक्षा में जीवनोपयोगी विषयों को सम्मिलित किया जाए।

उनकी दृष्टि में एक शिक्षित व्यक्ति वह नहीं जो केवल पुस्तकें पढ़े, बल्कि वह जो समाज के हित में अपने ज्ञान का प्रयोग करे।

यह विचार आज 'Skill & based Education' और 'Vocational Training' के रूप में NEP 2020 का अभिन्न हिस्सा बन चुका है।

भारत की नई शिक्षा नीति (NEP 2020) – नई शिक्षा नीति 2020 भारत की शिक्षा प्रणाली में एक ऐतिहासिक परिवर्तन के रूप में देखी जाती है। इसका उद्देश्य भारतीय शिक्षा को आधुनिक, समावेशी, शोधमुखी और व्यवहारिक बनाना है। यह नीति केवल स्कूल या कॉलेज स्तर की शिक्षा में बदलाव नहीं लाती, बल्कि पूरे शैक्षणिक ढांचे को पुनर्गठित करती है ताकि विद्यार्थी का सर्वांगीण विकास हो सके। इसके प्रमुख सिद्धांतों में पाँच मुख्य पहलू शामिल हैं – समग्र विकास, मातृभाषा में शिक्षा, लचीला पाठ्यक्रम, नैतिक और मूल्यपरक शिक्षा, तथा प्रौद्योगिकी का उपयोग। इन सभी का उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि भारत की नई पीढ़ी केवल जानकारी रखने वाली नहीं, बल्कि रचनात्मक, संवेदनशील और नवाचारप्रिय बने।

1. समग्र विकास – इसका अर्थ है विद्यार्थी के व्यक्तित्व के हर पहलू – मानसिक, शारीरिक, भावनात्मक, सामाजिक और नैतिक – का समान रूप से विकास। पुरानी शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को मुख्य रूप से परीक्षा के अंक और रटने की क्षमता के आधार पर आँका जाता था। इससे उनमें सृजनात्मकता, तर्कशीलता और जीवन कौशलों का विकास सीमित रह जाता था। नई शिक्षा नीति इस दृष्टिकोण को बदलना चाहती है। इसमें कहा गया है कि शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन नहीं बल्कि जीवन जीने की कला है। इसलिए अब विद्यालयों में ऐसे पाठ्यक्रम और गतिविधियाँ शामिल की जा रही हैं जो विद्यार्थियों को सोचने, समझने, विश्लेषण करने और व्यावहारिक जीवन में उपयोग करने के लिए प्रेरित करें। उदाहरण के लिए, कला, संगीत, नाटक, खेलकूद, योग, सामुदायिक सेवा और पर्यावरण संरक्षण जैसी गतिविधियों को शिक्षा का अभिन्न हिस्सा बनाया गया है। विद्यार्थियों को केवल विषयों में निपुण नहीं बल्कि भावनात्मक रूप से भी परिपक्व बनाने पर बल दिया गया है। इससे उनमें आत्मविश्वास, नेतृत्व, जिम्मेदारी और सहयोग की भावना विकसित होती है।

समग्र विकास का एक और महत्वपूर्ण पक्ष है कि विद्यार्थियों को अब सीमित दायरे में नहीं रखा जाएगा। उन्हें विज्ञान, कला, तकनीक और नैतिकता जैसे विविध क्षेत्रों में समान अवसर मिलेंगे। कक्षा में केवल शिक्षक बोलें और विद्यार्थी सुनें कृ यह पारंपरिक पद्धति अब धीरे–धीरे बदली जा रही है। अब 'एक्टिव लर्निंग' यानी सहभागितापूर्ण शिक्षा पर ध्यान दिया जा रहा है। इसका उद्देश्य है कि विद्यार्थी प्रश्न पूछें, तर्क करें, प्रयोग करें और अपनी समझ विकसित करें। इस प्रकार शिक्षा अब 'रटने' से 'समझने' की दिशा में आगे बढ़ रही है।

2. मातृभाषा में शिक्षा– नई शिक्षा नीति के अनुसार प्रारंभिक स्तर पर शिक्षा मातृभाषा या स्थानीय भाषा में दी जानी चाहिए। इसके पीछे वैज्ञानिक और मनोवैज्ञानिक दृष्टिकोण है। बच्चे जब अपनी मातृभाषा में सीखते हैं तो वे अवधारणाओं को अधिक गहराई से समझते हैं। भाषा विचारों की अभिव्यक्ति का माध्यम है, और जब अभिव्यक्ति अपनी भाषा में होती है, तो सीखना स्वाभाविक बन जाता है। विदेशी भाषा में शिक्षा देने से बच्चे के मस्तिष्क पर अतिरिक्त दबाव पड़ता है क्योंकि उसे पहले भाषा समझनी पड़ती है और फिर विषय। लेकिन मातृभाषा में शिक्षा से वह सीधे विषय की आत्मा तक पहुँच पाता है। नीति कहती है कि कक्षा पाँच तक और जहाँ संभव हो वहाँ कक्षा आठ तक शिक्षा मातृभाषा में दी जाए। इससे ग्रामीण और पिछड़े क्षेत्रों के बच्चों के लिए समान अवसर सुनिश्चित होंगे, क्योंकि अब भाषा उनके लिए बाधा नहीं बनेगी।

मातृभाषा में शिक्षा का उद्देश्य केवल सुविधा देना नहीं, बल्कि भारतीय भाषाओं और संस्कृति का संरक्षण भी है। भारत भाषाई रूप से समृद्ध देश है। हर भाषा में अपनी पहचान, परंपरा और ज्ञान की विरासत होती है। जब शिक्षा इन भाषाओं में दी जाती है, तो यह उस समाज की जड़ों को मजबूत करती है। साथ ही, यह नीति विद्यार्थियों में आत्मसम्मान भी बढ़ाती है क्योंकि वे अपनी भाषा में सोचने और बोलने पर गर्व महसूस करते हैं। मातृभाषा में शिक्षा के साथ–साथ विदेशी भाषाओं के ज्ञान को भी महत्व दिया गया है ताकि विद्यार्थी वैश्विक स्तर पर प्रतिस्पर्धा कर सकें। इस प्रकार नीति का उद्देश्य भाषा को बाधा नहीं, बल्कि सेतु बनाना है।

3. लचीला पाठ्यक्रम – अब तक शिक्षा प्रणाली में विद्यार्थियों को निश्चित धाराओं में बाँध दिया जाता था – जैसे विज्ञान, वाणिज्य और कला। इससे उनकी रुचि और क्षमता का पूरा उपयोग नहीं हो पाता था। नई शिक्षा नीति ने इस परंपरा को तोड़ दिया है। अब विद्यार्थी अपनी रुचि और भविष्य की दिशा के अनुसार विषयों का चयन कर सकते हैं। इसका अर्थ यह है कि कोई विद्यार्थी गणित के साथ संगीत पढ़ सकता है, या भौतिकी के साथ इतिहास या नृत्य। इस लचीलेपन से शिक्षा अब सीमित दायरे से निकलकर बहुविषयी (Multidisciplinary) रूप ले रही है। नीति कहती है कि ज्ञान को वर्गीकृत नहीं किया जा सकताय विज्ञान और कला के बीच कोई दीवार नहीं होनी चाहिए। हर विषय दूसरे से जुड़ा है और वास्तविक जीवन में सभी ज्ञान एक साथ काम करते हैं।

लचीले पाठ्यक्रम का लाभ यह होगा कि विद्यार्थी अब अपनी रुचियों के अनुसार अध्ययन कर पाएंगे। इससे उनमें सीखने की प्रेरणा बढ़ेगी और वे किसी विषय को बोझ नहीं बल्कि अवसर के रूप में देखेंगे। साथ ही, नीति में कहा गया है कि विद्यार्थियों को किसी भी स्तर पर शिक्षा छोड़ने और बाद में फिर से जुड़ने की सुविधा होगी। इसे 'Multiple Entry and Unit System' कहा गया है। यानी अगर कोई विद्यार्थी किसी कारणवश पढ़ाई बीच में छोड़ता है, तो उसे अब तक के अध्ययन के लिए प्रमाणपत्र या डिप्लोमा मिलेगा और वह बाद में उसी स्तर से आगे की पढ़ाई जारी रख सकेगा। इससे शिक्षा अधिक समावेशी और जीवनपरक बनती है।

4. नैतिक और मूल्यपरक शिक्षा – शिक्षा केवल ज्ञान प्राप्त करने का माध्यम नहीं बल्कि एक ऐसा साधन है जो मनुष्य को अच्छा नागरिक बनाता है। इसलिए नई शिक्षा नीति में नैतिकता, आचार, संस्कार और नागरिकता के मूल्यों पर विशेष जोर दिया गया है। आधुनिक युग में जहाँ प्रतिस्पर्धा और भौतिकता बढ़ रही है, वहाँ मूल्यों का पतन भी एक चुनौती बन गया है।

NEP 2020 का मानना है कि शिक्षा को केवल बुद्धि नहीं, बल्कि चरित्र का निर्माण भी करना चाहिए। विद्यालयों में अब ऐसे विषय और गतिविधियाँ जोड़ी जा रही हैं जिनसे विद्यार्थियों में ईमानदारी, करुणा, सहानुभूति, सत्यनिष्ठा, जिम्मेदारी और सहनशीलता जैसी भावनाएँ विकसित हों।

नैतिक शिक्षा विद्यार्थियों को यह सिखाती है कि समाज में रहकर कैसे सही निर्णय लिए जाएँ, दूसरों के अधिकारों का सम्मान किया जाए और राष्ट्रहित को सर्वोपरि रखा जाए। इसके अंतर्गत भारतीय संस्कृति, संविधान के मूल्य, पर्यावरण संरक्षण, मानवाधिकार और वैश्विक नागरिकता जैसे विषयों को भी जोड़ा गया है। जब विद्यार्थी नैतिक रूप से मजबूत होंगे, तभी वे समाज और देश के प्रति अपने कर्तव्यों को समझ पाएंगे। इस प्रकार नई शिक्षा नीति एक ऐसे संतुलित व्यक्ति का निर्माण करना चाहती है जो ज्ञानवान तो हो ही, परंतु संवेदनशील और जिम्मेदार भी हो।

5. प्रौद्योगिकी का उपयोग – 21वीं सदी सूचना और प्रौद्योगिकी का युग है। शिक्षा प्रणाली अगर इस बदलाव के साथ नहीं चलती, तो वह पीछे रह जाएगी। इसलिए NEP 2020 ने शिक्षा में डिजिटल तकनीक के प्रयोग को एक केंद्रीय स्थान दिया है। इस नीति के अनुसार शिक्षण, सीखने, मूल्यांकन और शोध – सभी क्षेत्रों में तकनीक का प्रयोग किया जाएगा। ऑनलाइन शिक्षा, वर्चुअल कक्षाएँ, डिजिटल लाइब्रेरी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, मशीन लर्निंग और डेटा विश्लेषण जैसे आधुनिक उपकरणों को शिक्षा प्रणाली में शामिल किया जाएगा। इसका उद्देश्य यह है कि विद्यार्थी वैश्विक स्तर की जानकारी और अवसरों से जुड़ सकें।

नीति में 'राष्ट्रीय शैक्षिक प्रौद्योगिकी मंच' (National Educational Technology Forum – NETF) की स्थापना का प्रस्ताव है, जो शिक्षकों और छात्रों को तकनीकी रूप से सक्षम बनाने में सहायता करेगा। COVID-19 महामारी के दौरान यह स्पष्ट हुआ कि भविष्य की शिक्षा डिजिटल और मिश्रित (Blended) रूप में होगी। इसलिए छएझ 2020 ने तकनीकी साक्षरता को शिक्षा का अनिवार्य अंग बनाया है। अब विद्यार्थियों को डिजिटल टूल्स, प्रोग्रामिंग, कोडिंग, ऑनलाइन सुरक्षा और तकनीकी नवाचार के क्षेत्र में प्रशिक्षण दिया जाएगा। इससे वे न केवल उपभोक्ता बनेंगे, बल्कि तकनीक के सृजनकर्ता भी बन सकेंगे।

प्रौद्योगिकी का उपयोग ग्रामीण और शहरी शिक्षा के बीच की खाई को भी कम करेगा। जहाँ पहले संसाधनों की कमी से दूरस्थ क्षेत्रों के बच्चे पिछड़ जाते थे, वहीं अब ऑनलाइन प्लेटफॉर्म उन्हें भी गुणवत्तापूर्ण शिक्षा तक पहुँचाने में मदद करेंगे। साथ ही, डिजिटल शिक्षा से अनुसंधान और नवाचार को भी बढ़ावा मिलेगा क्योंकि विद्यार्थी अब वैश्विक ज्ञान-स्रोतों से सीधे जुड़ सकेंगे।

इन पाँचों बिंदुओं को समग्र रूप से देखें तो स्पष्ट होता है कि छएझ 2020 शिक्षा को केवल सूचना देने का माध्यम नहीं, बल्कि जीवन को दिशा देने वाला तंत्र बनाना चाहती है। समग्र विकास से विद्यार्थी के व्यक्तित्व का निर्माण होगा, मातृभाषा में शिक्षा से समझ और अभिव्यक्ति मजबूत होगी, लचीले पाठ्यक्रम से रचनात्मकता बढ़ेगी, नैतिक शिक्षा से चरित्र का निर्माण होगा और प्रौद्योगिकी से शिक्षा आधुनिक और वैश्विक स्तर की बनेगी। इस नीति का उद्देश्य ऐसा भारत बनाना है जहाँ शिक्षा हर व्यक्ति तक पहुँचे, हर बच्चे को अपनी क्षमता का पूर्ण विकास करने का अवसर मिले, और देश ज्ञान, विज्ञान, संस्कृति तथा मानवता के क्षेत्र में विश्व का नेतृत्व कर सके।

इस प्रकार नई शिक्षा नीति 2020 केवल एक दस्तावेज नहीं, बल्कि भारत के भविष्य की रूपरेखा है – एक ऐसा भविष्य जहाँ शिक्षा समावेशी, सशक्त, प्रेरणादायक और जीवन के हर क्षेत्र से जुड़ी होगी। यही कारण है कि इसे 21वीं सदी के 'ज्ञान युग' की आधारशिला कहा जा सकता है।

दयानंद सरस्वती के विचार और नई शिक्षा नीति (2020) के बीच साम्यता

1. मातृभाषा में शिक्षा –महर्षि दयानंद सरस्वती का मानना था कि शिक्षा मातृभाषा में दी जानी चाहिए ताकि विद्यार्थी विषयों को सहज रूप से समझ सकें और ज्ञान का वास्तविक अर्थ ग्रहण कर सकें। विदेशी भाषा में शिक्षा देने से बच्चों की सोच और अभिव्यक्ति सीमित हो जाती है।नई शिक्षा नीति 2020 में भी कहा गया है कि प्रारंभिक स्तर पर (कक्षा 5 तक, और जहाँ संभव हो वहाँ कक्षा 8 तक) शिक्षा मातृभाषा या स्थानीय भाषा में दी जाएगी। दोनों दृष्टिकोणों का उद्देश्य यह है कि बच्चा अपनी भाषा में सोचकर सीख सके। मातृभाषा में शिक्षा से बालकों की रचनात्मकता, तर्कशक्ति और आत्मविश्वास बढ़ता है। यह भाषा को ज्ञान का माध्यम बनाकर शिक्षा को लोकतांत्रिक बनाती है।

2. नैतिक शिक्षा–दयानंद सरस्वती का मानना था कि शिक्षा का उद्देश्य केवल ज्ञान देना नहीं, बल्कि चरित्र निर्माण करना है। उन्होंने कहा था कि शिक्षा वही है जो मनुष्य को 'जीवन जीने की कला' सिखाए। छ ए झ 2020 में 'मूल्यपरक शिक्षा' और 'जीवन-कौशल' पर विशेष बल दिया गया है। इसमें विद्यार्थियों में ईमानदारी, सहानुभूति, जिम्मेदारी और नागरिकता के मूल्यों का विकास करने पर जोर दिया गया है।दोनों ही दृष्टिकोण मानते हैं कि नैतिकता और आचार-विचार के बिना शिक्षा अधूरी है। NEP 2020 में यह सुनिश्चित किया गया है कि शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों में संवेदनशीलता, सहयोग और मानवीय मूल्यों की भावना भी विकसित हो।

3. व्यावहारिक शिक्षा– दयानंद सरस्वती के अनुसार शिक्षा का संबंध व्यवहार और जीवन से होना चाहिए। केवल सैद्धांतिक ज्ञान मनुष्य को पूर्ण नहीं बनाता, जब तक वह उसे जीवन में लागू न करे।NEP 2020 में 'कौशल आधारित शिक्षा' (Skill&based Education) का प्रावधान किया गया है। कक्षा 6 से ही विद्यार्थियों को व्यावसायिक और तकनीकी शिक्षा, जैसे कोडिंग, बढ़ईगिरी, कृषि, डिजाइन आदि सिखाई जाएगी। दोनों विचारों का उद्देश्य यह है कि शिक्षा केवल परीक्षा पास करने का साधन न बनकर जीवनोपयोगी बने। विद्यार्थी व्यावहारिक ज्ञान प्राप्त करके आत्मनिर्भर और सक्षम नागरिक बनें।

4. समान शिक्षा–दयानंद सरस्वती ने शिक्षा को सभी वर्गों के लिए समान रूप से उपलब्ध कराने की बात कही। उनका मत था कि स्त्री और पुरुष दोनों को शिक्षा का समान अधिकार होना चाहिए।NEP 2020 में 'सबके लिए शिक्षा' (Education for All) का लक्ष्य रखा गया है। इसमें विशेष रूप से बालिकाओं, ग्रामीण विद्यार्थियों, अनुसूचित जाति-जनजाति और दिव्यांग बच्चों की शिक्षा पर ध्यान दिया गया है। दोनों विचार समानता और समावेशिता पर आधारित हैं। शिक्षा को सामाजिक न्याय और अवसर की समानता का माध्यम माना गया है। NEP 2020 में भी 'Inclusive Education' को प्रमुख उद्देश्य बताया गया है ताकि कोई भी बच्चा शिक्षा से वंचित न रहे।

5. स्वदेशी ज्ञान और संस्कृति – दयानंद सरस्वती ने भारतीय संस्कृति, परंपरा और वैदिक ज्ञान के पुनरुत्थान पर बल दिया। उनका मानना था कि

भारतीय शिक्षा प्रणाली को अपनी जड़ों से जुड़कर विकसित किया जाना चाहिए।NEP 2020 में भारतीय परंपरा, कला, भाषा, योग, आयुर्वेद, और शास्त्रीय संगीत जैसे विषयों को शिक्षा में समाहित करने की बात कही गई है।

स्पष्ट है कि दयानंद सरस्वती के विचार आज भी उतने ही प्रासंगिक हैं जितने उनके समय में थे। NEP 2020 उनकी शिक्षा-दृष्टि को आधुनिक रूप में प्रस्तुत करती है।

16. Mookerji, R. K. (1958). *Hindu Civilization*. New Delhi: Hind Kitabs.
17. Pande, G. C. (1994). -भारतीय संस्कृति. नई दिल्ली: National Publishing House.
18. Pande, G. C. (1998). *Life and Thought of ÚaEkarâcârya*. New Delhi.
19. Pande, G. C. (2001). *Life, Thought and Culture in India*. New Delhi: Centre for Studies in Civilizations.
20. Radhakrishnan, S. (1927). *The Hindu View of Life*. London: George Allen & Unwin.
21. Radhakrishnan, S. (2008). *Indian Philosophy* (Vols. I–II). New Delhi: Oxford University Press.
22. Rocher, L. (1986). *The PurâGas*. Wiesbaden: Otto Harrassowitz.
23. Sastri, K. A. N. (1955). *A History of South India*. Madras: Oxford University Press.
24. Sharma, R. C. (1997). *Indian Temple Architecture*. New Delhi: B.R. Publishing.
25. Singh, V. P. (1995). -भारतीय संस्कृति का इतिहास. नई दिल्ली.
26. Tripathi, R. S. (1967). *History of Ancient India*. Delhi: Motilal Banarsidass.
27. सरकारी एवं संस्थागत प्रकाशन
28. Archaeological Survey of India. (2023). *Annual Report 2022–23*.
29. Archaeological Survey of India. *Indian Archaeology – A Review* (विभिन्न वर्ष).
30. Indian Council of Historical Research. विभिन्न शोध प्रकाशन..
31. Indira Gandhi National Centre for the Arts. -भारतीय मंदिर एवं सांस्कृतिक विरासत संबंधी प्रकाशन.
32. Indira Gandhi National Centre for the Arts. *Kalâsampadâ Digital Library*.
33. Ministry of Education. *Indian Knowledge Systems (IKS) Framework*.
34. Bhandarkar Oriental Research Institute. संस्कृत ग्रंथों के आलोचनात्मक संस्करण.
35. Rashtriya Sanskrit Sansthan. शैव एवं पुराण साहित्य संबंधी प्रकाशन.
36. Sampurnanand Sanskrit University.पुराण एवं भारतीय दर्शन संबंधी शोध प्रकाशन.

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

मन्नार की खाड़ी की जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन का प्रभाव: एक समग्र विश्लेषण

डॉ. राजवती दीपंकर*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) शासकीय महाविद्यालय, नईगढ़ी, जिला मऊगंज (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – मन्नार की खाड़ी (Gulf of Mannar) भारत के दक्षिण-पूर्वी तट पर स्थित एक अद्वितीय समुद्री जैव विविधता हॉटस्पॉट है, जिसे यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त बायोस्फीयर रिजर्व घोषित किया गया है। यह शोध पत्र मन्नार की खाड़ी की समृद्ध जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन के बहुआयामी प्रभावों का समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करता है। अध्ययन बताता है कि समुद्र की सतह के बढ़ते तापमान (Sea Surface Temperature-SST) के कारण प्रवाल विरंजन (Coral Bleaching) की घटनाएँ बढ़ी हैं, जिससे प्रवाल भित्तियाँ क्षीण हो रही हैं और शैवालीय फेज शिफ्ट (Algal Phase Shift) की स्थिति उत्पन्न हुई है। इसके अतिरिक्त, अवसादन (Sedimantation), मैक्रोएल्गी (Microalgae) का प्रसार, और समुद्री जल की रासायनिक संरचना में परिवर्तन इस पारिस्थितिकी तंत्र के लिए गंभीर खतरे उत्पन्न कर रहे हैं। शोध से पता चलता है कि यद्यपि मन्नार की खाड़ी का विशिष्ट भौगोलिक स्थान इसे आसपास के क्षेत्रों की तुलना में अधिक स्थिर वातावरण प्रदान करता है, फिर भी बढ़ता मानवीय दबाव और जलवायु परिवर्तन के प्रभाव इसकी पारिस्थितिकीय स्थिरता को कमजोर कर रहे हैं। अध्ययन में कृत्रिम प्रवाल भित्तियों के पुनर्स्थापन प्रयासों और दीर्घकालिक संरक्षण रणनीतियों की आवश्यकता पर भी प्रकाश डाला गया है।

प्रस्तावना – मन्नार की खाड़ी (Gulf of Mannar) हिंद महासागर में लक्षद्वीप सागर का एक भाग है, जो भारत के दक्षिण-पूर्वी तट और श्रीलंका के उत्तर-पश्चिमी तट के बीच विस्तृत है। यह खाड़ी अपनी अत्यधिक समृद्ध जैव विविधता के लिए विश्व प्रसिद्ध है और इसे दक्षिण-पूर्व एशिया का पहला समुद्री बायोस्फीयर रिजर्व होने का गौरव प्राप्त है। वर्ष 1989 में स्थापित और 2001 में यूनेस्को द्वारा मान्यता प्राप्त इस बायोस्फीयर रिजर्व में 21 द्वीप और आसपास के तटीय क्षेत्र शामिल हैं, जो लगभग 10,500 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले हुए हैं।

इस क्षेत्र की जैव विविधता अद्वितीय है: यहाँ 117 प्रवाल प्रजातियाँ, 450 से अधिक मछली प्रजातियाँ, 181 समुद्री शैवाल प्रजातियाँ, 11 मैंग्रोव प्रजातियाँ, तथा विश्व स्तरीय संकटापन्न प्रजातियाँ जैसे डुगोंग (समुद्री गाय), व्हेल शार्क, और समुद्री कछुए पाई जाती हैं। यह खाड़ी विभिन्न प्रकार के पारिस्थितिक तंत्रों का घर है, जिनमें प्रवाल भित्तियाँ, मैंग्रोव, समुद्री घास के मैदान, ज्वारनदमुख, मडफ्लैट्स, और रेतीले समुद्र तट शामिल हैं।

हालाँकि, यह अद्वितीय पारिस्थितिकी तंत्र वर्तमान में जलवायु परिवर्तन और मानवीय गतिविधियों के संयुक्त दबाव में है। यह शोध पत्र मन्नार की खाड़ी की जैव विविधता पर जलवायु परिवर्तन के प्रभावों का एक समग्र विश्लेषण प्रस्तुत करने का प्रयास करता है।

मन्नार की खाड़ी: जैव विविधता का हॉटस्पॉट

1. भौगोलिक एवं पारिस्थितिकीय विशेषताएँ – मन्नार की खाड़ी की भौगोलिक स्थिति इसे अद्वितीय बनाती है। यह खाड़ी दक्षिण-पूर्वी अरब सागर और बंगाल की खाड़ी के संगम क्षेत्र में स्थित है, फिर भी रामेश्वरम द्वीप, मन्नार द्वीप और रामसेतु (एडम ब्रिज) की उथली जलरेखा के कारण यह आंशिक रूप से सुरक्षित है। इस विशिष्ट भौगोलिक संरचना के कारण यहाँ पर्यावरणीय स्थिरता बनी रहती है। हाल के शोध से पता चला है कि मन्नार की खाड़ी में मौसमी तापमान में परिवर्तन 2^0C से कम होता है, जबकि आसपास के दक्षिण-पूर्वी अरब सागर में यह 4.5^0C तक और पाक खाड़ी में 3^0C तक होता है।

यह स्थिरता इस क्षेत्र को जैव विविधता के लिए अनुकूल बनाती है। खाड़ी में औसत गहराई लगभग 100 मीटर है, जो अधिकतम 1500 मीटर तक जाती है, और यह विभिन्न प्रकार के आवासों को सहारा देती है। इसके अतिरिक्त, यहाँ वर्ष भर प्लवक (Plankton) की उच्च मात्रा, हाइपोक्सिया (ऑक्सीजन की कमी) का अभाव, और रेतीला समुद्र तल जैव विविधता को बनाए रखने में सहायक है।

2. प्रमुख प्रजातियाँ और पारिस्थितिकीय महत्व – मन्नार की खाड़ी में कुल 2,963 पौधों और जानवरों की प्रजातियाँ पाई जाती हैं, जिनमें 8 गंभीर रूप से संकटापन्न (Critically Endangered), 21 लुप्तप्राय (Endangered), और 27 संवेदनशील (Vulnerable) प्रजातियाँ शामिल हैं। यहाँ पाई जाने वाली प्रमुख प्रजातियों में शामिल हैं:

प्रवाल भित्तियाँ : 117 प्रजातियाँ, जो 40 जेनेरा और 14 फैमिली में वितरित हैं। ये सभी भारतीय वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972 की अनुसूची-I के तहत संरक्षित हैं।

समुद्री कछुए: विश्व में पाई जाने वाली 7 प्रजातियों में से 4 प्रजातियाँ यहाँ पाई जाती हैं – ओलिव रिडले, ग्रीन टर्टल, हॉक्सबिल, और लेदरबैक टर्टल।

डुगोंग (समुद्री गाय): यह प्रजाति भारत में केवल मन्नार की खाड़ी, कच्छ की खाड़ी, और अंडमान-निकोबार द्वीपसमूह में पाई जाती है।

पक्षी: 187 प्रजातियाँ, जिनमें रेड नॉट, क्रैब प्लोवर, और ग्रेटर फ्लेमिंगो शामिल हैं।

मैंग्रोव: 11 प्रजातियाँ और 17 सहयोगी प्रजातियाँ।

जलवायु परिवर्तन के प्रभाव

1. **समुद्र की सतह के तापमान में वृद्धि और प्रवाल विरंजन –** जलवायु परिवर्तन का सबसे प्रत्यक्ष प्रभाव समुद्र की सतह के तापमान (SST) में वृद्धि के रूप में दिखाई देता है। मन्नार की खाड़ी में औसत SST 0.02°C प्रति दशक की दर से बढ़ रहा है, जबकि न्यूनतम SST में 0.1°C प्रति दशक की वृद्धि हो रही है। यह वृद्धि प्रवाल भित्तियों के लिए गंभीर खतरा है, क्योंकि प्रवाल 21.7°C से 29.6°C के तापमान सीमा में ही स्वस्थ रहते हैं।

2010 की गर्मियों में, मन्नार की खाड़ी में SST में असामान्य वृद्धि (लगभग 50 दिनों तक) के कारण व्यापक प्रवाल विरंजन (Coral Bleaching) हुआ। 2019 में, ग्रीष्मकालीन तापमान 32°C से 36°C तक पहुँच गया, जो सामान्य सीमा 28–30°C से काफी अधिक था, जिसके परिणामस्वरूप फिर से भारी प्रवाल विरंजन हुआ। अध्ययनों से पता चला है कि शाखित (Branching) प्रवालों की तुलना में विशाल (Massive) प्रवाल विरंजन से तेजी से उबरते हैं, हालाँकि लंबी अवधि में दोनों ही प्रकार के प्रवाल प्रभावित होते हैं।

2. **एल्गल फेज शिफ्ट (**Algal Phase Shift**) –** प्रवाल विरंजन का एक गंभीर परिणाम 'एल्गल फेज शिफ्ट' है, जिसमें प्रवाल-प्रधान पारिस्थितिकी तंत्र शैवाल-प्रधान पारिस्थितिकी तंत्र में बदल जाता है। मन्नार की खाड़ी में, विरंजन से प्रभावित प्रवाल क्षेत्रों में Caulerpa scalpelliformis, Caulerpa racemosa, Ulva reticulata,और Turbinaria ornata जैसी मैक्रोएल्गी प्रजातियों का तेजी से प्रसार हुआ है।

मंडपम द्वीप समूह में किए गए एक अध्ययन से पता चला कि मृत प्रवाल भित्तियों में 90% तक शैवालीय समुदाय पाए गए, जबकि जीव-जंतु विविधता अत्यंत कम थी। यह फेज शिफ्ट न केवल प्रवालों के लिए, बल्कि संपूर्ण पारिस्थितिकी तंत्र के लिए खतरनाक है, क्योंकि यह मछलियों के प्रजनन स्थल, आहार श्रृंखला और अन्यपारिस्थितिकीय सेवाओं को प्रभावित करता है।

3. **अवसादन (**Sedimantation**) और पोषक तत्वों का अधिभार –** जलवायु परिवर्तन के कारण तीव्र वर्षा और तटीय क्षरण बढ़ा है, जिससे समुद्र में अवसादन (Sedimantation) की मात्रा बढ़ी है। अवसादन प्रवालों के विकास को बाधित करता है, क्योंकि यह प्रवाल की सतह पर जमा होकर प्रकाश संश्लेषण और भोजन ग्रहण करने की क्षमता को सीमित करता है। इसके अलावा, तटीय विकास और कृषि अपवाह के कारण पोषक तत्वों का अधिभार (Nutrient Loading) बढ़ा है, जो शैवालीय वृद्धि को और बढ़ावा देता है।

शोधकर्ताओं ने पाया कि अवसादन, मैक्रोएल्गी, और तापमान परिवर्तनशीलता प्रवाल पुनर्स्थापन (Coral Recruitment) को प्रभावित करने वाले प्रमुख कारक हैं। 103 प्रवाल पुनर्स्थापन स्थलों में से केवल 12 ने उच्च लचीलापन (High Resilience) दिखाया, जबकि 16 स्थलों ने निम्न लचीलापन (Low Resilience) दिखाया।

4. **समुद्री अम्लीकरण (**Ocean Acidification**) –** हालाँकि मन्नार की खाड़ी में समुद्री अम्लीकरण के प्रभावों पर सीमित शोध हुए हैं, वैश्विक अध्ययनों से पता चलता है कि बढ़ता CO_2 स्तर समुद्री जल की pH को कम कर रहा है, जिससे प्रवालों की कैल्शियम कार्बोनेट संरचना बनाने की क्षमता प्रभावित होती है। यह दीर्घकालिक खतरा प्रवाल भित्तियों की संरचनात्मक स्थिरता को कमजोर कर सकता है।

मानवीय गतिविधियाँ और जलवायु परिवर्तन का सह-प्रभाव – जलवायु परिवर्तन के प्रभाव मानवीय गतिविधियों के साथ मिलकर और अधिक गंभीर हो जाते हैं। मन्नार की खाड़ी में अत्यधिक मछली पकड़ना (Overfishing), प्रदूषण, प्रवाल खनन (Coral Mining), और अवैध समुद्री संसाधनों का दोहन प्रमुख मानवीय दबाव हैं। ये गतिविधियाँ पारिस्थितिकी तंत्र की पुनर्प्राप्ति क्षमता (Resilience) को कम करती हैं, जिससे जलवायु परिवर्तन के प्रभाव और भी विनाशकारी हो जाते हैं।

अध्ययन बताते हैं कि शिकारी मछलियों और शाकाहारी जीवों (जो शैवालों को नियंत्रित करते हैं) की कमी ने फेज शिफ्ट की प्रक्रिया को तेज किया है। इसके अलावा, जलवायु परिवर्तन के कारण प्रजातियों का प्रवासन (Species Migration) हो रहा है, जिससे स्थानीय पारिस्थितिकीय संतुलन बिगड़ रहा है।

संरक्षण प्रयास और पुनर्स्थापन

1 **कृत्रिम प्रवाल भित्तियाँ (**Artificial Reefs**) –** जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने के लिए, मन्नार की खाड़ी में कृत्रिम प्रवाल भित्तियों (Artificial Reefs) के पुनर्स्थापन प्रयास किए गए हैं। त्रिकोणीय और छिद्रित ट्रेपेजॉइडल (समलंबाकार) कंक्रीट संरचनाओं को गोताखोरों के माध्यम से समुद्र में स्थापित किया गया है। इन कृत्रिम संरचनाओं ने विभिन्न प्रवाल प्रजातियों को सफलतापूर्वक आश्रय प्रदान किया है, जिससे प्रवाल आवरण, जीवित रहने की दर और मछलियों की घनत्व में वृद्धि हुई है।

2 **दीर्घकालिक पुनर्स्थापन परियोजनाएँ –** 2002 से 2024 तक, मन्नार की खाड़ी में लगभग 51,183 प्रवाल टुकड़ों (Fragments) का प्रत्यक्ष प्रत्यारोपण (Direct Transplantation) किया गया है, जिनमें 20 देशी प्रजातियाँ शामिल हैं। इन प्रत्यारोपित टुकड़ों की औसत जीवित रहने की दर 55.6% से 79.5% के बीच रही है। IAcropora जीनस की प्रजातियों ने सबसे अच्छी वृद्धि दर (अधिकतम 16.7 सेमी/वर्ष) दिखाई है।

इन पुनर्स्थापन प्रयासों का सकारात्मक प्रभाव देखा गया है: पुनर्स्थापित स्थलों पर प्रवाल आवरण, प्रवाल घनत्व, और भित्ति मछलियों की बहुतायत में महत्वपूर्ण वृद्धि हुई है। इसके अतिरिक्त, पुनर्स्थापित प्रवालों में प्राकृतिक प्रवालों के समान गैमेटोजेनिक (Gametogenic) गतिविधि देखी गई है, जो बताता है कि ये प्रजनन के दृष्टिकोण से कार्यात्मक रूप से समान हैं।

3. **संरक्षण में चुनौतियाँ :** पुनर्स्थापन प्रयासों के बावजूद, कई चुनौतियाँ बनी हुई हैं:

1. **वित्तीय संसाधनों की कमी:** दीर्घकालिक निगरानी और रखरखाव के लिए पर्याप्त धन की आवश्यकता है।
2. **जलवायु परिवर्तन की गति:** बढ़ती SST और बार-बार होने वाले विरंजन प्रयासों को कमजोर कर सकते हैं।
3. **सामुदायिक सहभागिता:** स्थानीय मछुआरों और समुदायों को संरक्षण प्रयासों में शामिल करना आवश्यक है।

भविष्य की संभावनाएँ और सिफारिशें

1. **अनुसंधान की आवश्यकता :**मन्नार की खाड़ी में जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को समझने के लिए और अधिक शोध की आवश्यकता है:

1. **बायो–स्पेशियल तकनीक:** उपग्रह इमेजरी और GIS तकनीक का उपयोग करके SSTऔर भूमि उपयोग पैटर्न के दीर्घकालिक विश्लेषण की आवश्यकता है।
2. **जलवायु मॉडलिंग:** भविष्य के जलवायु परिदृश्यों का पूर्वानुमान लगाने के लिए मॉडलिंग सॉफ्टवेयर का विकास।
3. **लचीलापन मानचित्रण:** प्रवाल पुनर्स्थापन स्थलों की पहचान और संरक्षण क्षेत्रों का निर्धारण।

2. **नीति सिफारिशें :**

1. **संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार:** उच्च लचीलापन वाले क्षेत्रों को प्राथमिकता देते हुए संरक्षित क्षेत्रों का विस्तार किया जाए।
2. **अत्यधिक मछली पकड़ने पर नियंत्रण:** मछली पकड़ने के मौसम और मात्रा पर कड़े नियम लागू किए जाएं।
3. **प्रदूषण नियंत्रण:** तटीय विकास और कृषि अपवाह को नियंत्रित करने के लिए सख्त नीतियाँ बनाई जाएं।
4. **सामुदायिक भागीदारी:** स्थानीय समुदायों को संरक्षण प्रयासों में शामिल किया जाए और वैकल्पिक आजीविका के अवसर प्रदान किए जाएं।
5. **अंतर्राष्ट्रीय सहयोग:** जलवायु परिवर्तन एक वैश्विक समस्या है, अत: अंतर्राष्ट्रीय सहयोग आवश्यक है।

निष्कर्ष – मन्नार की खाड़ी की जैव विविधता जलवायु परिवर्तन के कारण गंभीर संकट में है। बढ़ता SST, प्रवाल विरंजन, एल्गल फेज शिफ्ट, और अवसादन इस पारिस्थितिकी तंत्र को कमजोर कर रहे हैं। यद्यपि इस क्षेत्र की भौगोलिक स्थिति इसे आसपास के क्षेत्रों की तुलना में अधिक स्थिरता प्रदान करती है, फिर भी बढ़ते मानवीय दबाव और जलवायु परिवर्तन की गति इस स्थिरता को चुनौती दे रहे हैं।

कृत्रिम प्रवाल भित्तियों और प्रत्यारोपण के माध्यम से पुनर्स्थापन के प्रयासों ने सकारात्मक परिणाम दिखाए हैं, लेकिन ये प्रयास पर्याप्त नहीं हैं। दीर्घकालिक संरक्षण के लिए एक बहुआयामी दृष्टिकोण की आवश्यकता है, जिसमें वैज्ञानिक अनुसंधान, नीति निर्माण, सामुदायिक भागीदारी, और अंतर्राष्ट्रीय सहयोग शामिल हो। मन्नार की खाड़ी की जैव विविधता का संरक्षण न केवल इस क्षेत्र की पारिस्थितिकीय सेवाओं के लिए, बल्कि स्थानीय समुदायों की आजीविका और वैश्विक समुद्री पारिस्थितिकी तंत्र के स्वास्थ्य के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण है। यदि सही समय पर उचित कदम नहीं उठाए गए, तो यह अद्वितीय जैव विविधता हॉटस्पॉट अपूरणीय क्षति का सामना कर सकता है।

संदर्भ ग्रंथ सूची :–

1. Drishti IAS . मन्नार की खाड़ी: जलवायु परिवर्तन और प्रवाल विरंजन.
2. India Science, Technology & Innovation. Assessment of Climate Change and its Impact on Marine Biodiversity in Gulf of Mannar Region Using Bio-spatial Technology.
3. Wetlands of India Portal. Gulf of Mannar Marine Biosphere Reserve.
4. ScienceDirect. Resilience of coral recruits in Gulf of Mannar Marine Biosphere Reserve (GOMMBR), India. 2020.ScienceDirect. Higher environmental stability makes the Gulf of Mannar a biodiversity hotspot. 2025.
5. News18. Gulf Of Mannar: A Marine Treasure Facing Threats Of Overfishing And Pollution. 2024.
6. Springer. Climate Change Induced Coral Bleaching and Algal Phase Shift in Reefs of the Gulf of Mannar, India.
7. PubMed/NIH. Long term coral restoration efforts to mitigate anthropogenic and climatic impacts in Gulf of Mannar, India. 2025.
8. ScienceDirect. Current biodiversity of Mandapam group of Islands in Gulf of Mannar Marine Biosphere Reserve. 2020.

- मछली प्रजातियाँ: 3,600 से अधिक प्रजातियाँ

- मोलस्क और क्रस्टेशियंस: 1000+ प्रजातियाँ

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

जलवायु परिवर्तन का जैव विविधता पर प्रभाव एवं संरक्षण

डॉ. रानी वास्केल*

* सहायक प्राध्यापक (भूगोल) पी.एम.सी.ओ.ई. श्री अटल बिहारी वाजपेयी शा. कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय, इन्दौर (म.प्र.) भारत

शोध सारांश – प्रस्तुत शोध पत्र में जलवायु परिवर्तन का जैव विविधता पर प्रभाव एवं संरक्षण का भौगोलिक अध्ययन किया गया है। ब्रह्मांड में पृथ्वी ही एकमात्र ऐसा ग्रह है, जहाँ मानव जीवन समस्त जीवों का अस्तित्व संभव है। पृथ्वी पर तापमान, ऑक्सीजन, जल, वायुमंडल विभिन्न प्राकृतिक तत्वों का समावेश है जिसके फलस्वरूप विभिन्न जीवों जैसे पौधे, पादप, पशु, बैक्टीरिया व मानव सभी का जीवन विकसित हुआ है। पारिस्थितिक तंत्र द्वारा एक-दूसरे से संबंधित है एवं प्रभावित करते हैं। धरातल पर समस्त जीवों-जगत में विभिन्नता पायी जाती है। यह जैव विविधता स्थानीय स्तर से वैश्विक स्तर पर परिलक्षित होती है।

धरातल पर जीव-जगत में सर्वाधिक विकास बुद्धिमान एवं विकास करने वाला जीव-मानव है। मानव में विकास की दौड़ में चलते विनाश की राह पर खड़ा हो गया है। मानव में वनों की कटाई, औद्योगिकीकरण जैसे विभिन्न कारणों से पृथ्वी के वैश्विक तापमान में वृद्धि की है, जिससे जलवायु में परिवर्तन हो रहा है फलस्वरूप समस्त जैव जगत का जीवन संकट की स्थिति में पहुँच गया है। एकमात्र मानव ही ऐसा प्राणी है जो समय रहते हुए इसका संरक्षण व उपाय कर सकता है। समस्त जैव जगत को बचा सकता है।

शब्द कुंजी- हॉटस्पाट, पादप, जलवायु, परितंत्र, आवास।

प्रस्तावना – जलवायु एक दीर्घकालीन दशा है। जलवायु किसी क्षेत्र या स्थान के दीर्घकाली समय की मौसमी घटनाओं का औसत होती है। पृथ्वी की जलवायु स्थैतिक नहीं है बल्कि परिवर्तनशील है। जलवायु में प्राकृतिक कारणों से प्रादेशिक एवं वैश्विक स्तर में परिवर्तन होते रहते हैं। औद्योगिकीकरण के पश्चात प्रौद्योगिकी, विज्ञान के विकास के कारण जलवायु की दशा में परिवर्तन हो रहा है। जिसका प्रभाव मानव, व समस्त जैव जगत पर होने लगा है। मानवीय कारणों ने विकास के मार्ग से चलते हुए विकास की राह पर खड़ा हो गया है। उसका स्वयं का जीवन संकट में हो गया है।

जलवायु परिवर्तन एक दीर्घकालीन अवधि में औसत जलवायु में होने वाले परिवर्तन हैं। जलवायु मनुष्य के विभिन्न पक्ष जैसे भोजन, मानवीय शारीरिक सोचना, व्यवहार, आवास, आर्थिक गतिविधियाँ-कृषि इत्यादि को प्रभावित करती है। जलवायु समस्त जैवमंडल में सामंजस्य व प्रभावित करती है। किसी क्षेत्र विशेष की परम्परागत जलवायु में समय के साथ मानवीय क्रियाकलाप द्वारा हो रहे बदलाव को जलवायु परिवर्तन कहा जाता है।

जैव विविधता – जैव विविधता शब्दावली का प्रयोग सर्वप्रथम 1968 में आर.एफ. डेस्मेन महोदय नें किया था। जैव विविधता का अर्थ – पारिस्थितिकी तंत्र के जैविक घटकों में विविधता एवं उनका पारस्परिक संबंध जो किसी पारितंत्र में पाया जाता है। वर्ष 1992 में रियो डि जेनेरियो में जैव विविधता शब्द की परिभाषा इस प्रकार दी गई – जैव विविधता समस्त स्त्रोतों यथा अर्न्तक्षेत्रीय, स्थलीय, समुद्री एवं अन्य जलीय पारिस्थितिकी तंत्रों के जीवों के मध्य अन्तर और साथ ही उन पारिस्थितिकी समूह जिनके ये भाग हैं, में पायी जाने वाली विविधताएँ हैं। जैव विविधता एक प्रजाति के अन्दर पायी जाने वाली विविधता विभिन्न जातियों के मध्य विविधता तथा पारिस्थितिकी विविधाओं का सम्मिलित रूप है।

जैव विविधता से तात्पर्य पृथ्वी पर पाए जाने वाले जीवों की विविधता से है। जैव विविधता का अर्थ किसी निश्चित भौगोलिक क्षेत्र में पाए जाने वाले जीवों एवं वनस्पतियों की संख्या से है तथा इसका संबंध पौधों के प्रकारों, प्राणियों एवं सूक्ष्म जीवों से है। जैव विविधता जीवों की विविधता तक सीमित नहीं बल्कि इसके अन्तर्गत उस पर्यावरण को सम्मिलित किया जाता है जिसमें वे निवास करते हैं।

जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन का आधार है। जैव विविधता में समृद्धि पारितंत्र को स्वस्थ और संतुलन बनाए रखने में सहायक है। जैव विविधता से व्यक्ति सर्वाधिक लाभ प्रत्यक्ष-अपत्यक्ष रूप से प्राप्त करता है। विश्व के 17 मेगा डाइवर्सिटी प्रदेशों में भारत को सम्मिलित किया गया है। विश्व के हॉटस्पाट क्षेत्रों की दृष्टि से भारत अत्यधिक हॉट स्पाट क्षेत्रों में प्रमुख हैं।

तालिका क्रमांक-01

विश्व के मेगा डाइर्वसिटी देश

1	आस्ट्रेलिया	7	इंडोनेशिया	13	इक्काडोर
2	कांगो	8	मलेशिया	14	मैक्सिको
3	मेडागास्कर	9	पापुआन्यूगीनी	15	पेरू
4	द. अफ्रीका	10	फिलीपीन्स	16	यूएसए
5	चीन	11	ब्राजील	17	वेनेजुएला
6	भारत	12	कोलंबिया		

जैव विविधता का महत्व – जैव विविधता विभिन्न प्रकार की होती है जैसे आनुवांशिक जैव विविधता, प्रजातीय विविधता, परितंत्र विविधता। जलवायु परिवर्तन के कारण विभिन्न जैव-जन्तु, वनस्पतीय की प्रजातियों में भिन्नता

पाई जाती है।

जैव विविधता किसी भी जैविक तंत्र के स्वास्थ्य का द्योतक है। जैव विविधता से जाति प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से लाभ प्राप्त करता है। जैव विविधता पृथ्वी पर जीवन का आधार है। जैव विविधता पारितंत्र को संतुलित बनाए रखने में सहायक है। जैव विविधता से अत्यधिक उत्पादों की प्राप्ति होती है। विश्व के विभिन्न क्षेत्र जैसे भारत में ही औषधियाँ एवं जड़ी बूटियों की विभिन्न प्रजातियाँ ायी जाती हैं जिससे अनेक रोगों का उपचार सदियों से हा रहा है। जैव विविधता जलचक्र में महत्वपूर्ण योगदान देती है। औषधियों के लिए जड़ी-बूटी प्राप्त होती है। पारिस्थितिक तंत्र मानव को भोजन उपलब्ध कराता है।

अध्ययन का उद्देश्य – प्रस्तुत शोध पत्र में निम्नलिखित उद्देश्य हैं जो इस प्रकार हैं :

1. जलवायु परिवर्तन का प्रभाव
2. भारत में जैव विविधता का भौगोलिक अध्ययन
3. जैव विविधता संरक्षण

समंक संकलन – प्रस्तुत शोध पत्र में द्वितीयक स्त्रोत इंटरनेट, पुस्तक, समाचार पत्र इत्यादि के अध्ययन से द्वितीयक आँकड़े संकलित किये गये हैं।

आँकड़ों का विश्लेषण – प्रस्तुत शोध पत्र में आँकड़ों का सारणीयन एवं विश्लेषण किया गया है।

अध्ययन क्षेत्र का परिचय – दक्षिण एशिया में भारत जैव विविधता की दृष्टि से महत्वपूर्ण स्थान रखता है। भारत की जलवायु उष्णकटिबंधीय है। भारत की मानसूनी जलवायु और भिन्न प्रदेशों की धरातलीय विषमताओं के कारण पारितंत्रों में विभिन्नता के कारण सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है। भारत वर्ष एशिया महाद्वीप में भौगोलिक स्थिति की दृष्टि से महत्वपूर्ण है। यहाँ विश्व की समस्त प्रकार की जलवायु, वनस्पति विद्यमान है। अफ्रीका के बाद भारत एकमात्र ऐसा देश है जहाँ जैव विविधता और वन्य जीवन के लिये आवश्यक विविधताएँ पायी जाती है। भारत का भौगोलिक दृष्टि से विस्तार $8^0 4'$ से $37^0 6'$ उत्तरी अक्षांश एवं $68^0 7'$ से $97^0 25'$ पूर्वी देशान्तर के मध्य स्थित है। क्षेत्रफल की दृष्टि से भारत का विश्व में सातवां स्थान है। भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किलोमीटर है जो विश्व का 2.42 प्रतिशत है। भारत के मध्य में कर्क रेखा ($23½^0$) गुजरती है। भारत एक मानसूनी जलवायु वाला देश है। भारत के उत्तरी पूर्वी हिमालय क्षेत्र एवं दक्षिणी पश्चिम व द. पूर्वी तटवर्ती राज्यों में सर्वाधिक जैव विविधता पायी जाती है।

भारत में जैव विविधता का भौगोलिक अध्ययन – भारत एक उपमहाद्वीप है। भारत की भौगोलिक विविधता के कारण भारत में विभिन्न जीव-जन्तु, पषु, पक्षियों एवं पेड़-पौधों में विविधता पाई जाती है। जैव विविधता की दृष्टि से भारत विश्व के 10 एवं एशिया के 04 शीर्ष देशों मे सम्मिलित है।

भारत में पादपों की लगभग 45000 प्रजातियाँ पायी जाती हैं। पुष्प पादपों की प्रजातियों की संख्या की दृष्टि से भारत अत्यधिक समृद्ध है। भारत में विश्व के कुल पुष्प पादपों की लगभग 6 से 7 प्रतिशत पादप प्रजातियाँ भी पाई जाती हैं। भारत का कुल क्षेत्रफल 32.87 लाख वर्ग कि.मी. है जिसमें 21.67 प्रतिशत भाग पर ही वन पाये जाते हैं।

भारत अत्यधिक जैव विविधता वाला देश है। कहीं जैव विविधता अत्यधिक तो कहीं बहुत कम है। जैव विविधता की दृष्टि से भारत के प्रमुख क्षेत्र हैं :-

I. भारत के मुख्य हॉटस्पाट क्षेत्र
II. समुद्रीय जैव विविधता क्षेत्र
III. भारत के जैव भौगोलिक क्षेत्र

भारत के प्रमुख हॉटस्पाट क्षेत्र – विश्व के कुछ जैव विविधता वाले क्षेत्र जहाँ प्रजातियों की अत्यधिक विविधता पायी जाती है। हॉटस्पाट क्षेत्र कहे जाते हैं। विश्व में 36 हॉटस्पाट क्षेत्र हैं जो विश्व के 2.3 प्रतिशत भाग पर विस्तृत है और विश्व की 60 प्रतिशत प्रजातियाँ इन्हीं क्षेत्रों में पायी जाती है। भारत में जैव विविधता की दृष्टि से 04 क्षेत्र समृद्ध हैं। भारत के हॉटस्पाट क्षेत्रों में पश्चिमी घाट हॉटस्पॉट क्षेत्र 64.95 प्रतिशत इण्डो बर्मा 5.13 हिमालय क्षेत्र 44.37 प्रतिशत और सुडालैण्ड हॉटस्पाट क्षेत्र में 1.28 प्रतिशत भाग शामिल है।

वैश्विक मानव जनसंख्या आँकड़ों के विश्लेषण के अनुसार उष्णकटिबन्धीय क्षेत्रों में स्थित हॉटस्पाट क्षेत्रों में सर्वाधिक मानव जनघनत्व होता है। जबकि सभी वैश्विक हॉटस्पाट क्षेत्रों में सर्वाधिक जनघनत्व भारत के पश्चिमी घाट हैं।

समुद्रीय जैव विविधता क्षेत्र – भारत का समुद्र तटीय क्षेत्र 7516.6 कि.मी. भाग पर विस्तृत है। समुद्रीय जैव विविधता के अन्तर्गत विभिन्न मैग्रोव, एश्चुअरी, प्रवाल भित्तियाँ शामिल हैं।

भारत के जैव भौगोलिक क्षेत्र – जैव भौगोलिक क्षेत्र ऐसे क्षेत्र हैं जहाँ विभिन्न जीव जन्तु और पौधों की प्रजातियों के लक्षणों वितरण में विश्व के अन्य क्षेत्रों से विशिष्टता होती है। जैव विविधता की दृष्टि से भारत के 10 भौगोलिक क्षेत्र हैं -

1) ट्रांस हिमालय क्षेत्र
2) हिमालय क्षेत्र
3) भारतीय मरूस्थल
4) अर्द्ध शुष्क क्षेत्र
5) पश्चिमी घाट
6) दक्कन प्रायद्वीपीय क्षेत्र
7) गंगा का मैदानी क्षेत्र
8) तटीय क्षेत्र
9) उत्तर पूर्वी क्षेत्र
10) भारतीय द्वीप समूह

जलवायु परिवर्तन का जैव विविधता पर प्रभाव – विश्व का सबसे बड़ा कृषि प्रधान देश होने के साथ ही भारत में कृषि योग्य फसलों की, जैव विविधता प्रजातियाँ और किस्म पायी जाती हैं। फूल देने वाले पौधों की 6 प्रतिशत प्रजातियाँ, पक्षियों की 14 प्रतिशत प्रजातीय पौधों की लगभग 45000 से अधिक प्रजातियाँ भारत में पायी जाती हैं, भारत में लगभग 90 प्रतिशत औषधीयाँ पौधों से प्राप्त की जाती है।

किसी भी प्रजाति, पौधों व जीवजन्तु को जीवित रहने के लिए अनुकूल वातावरण व जलवायु की आवश्यकता होती है। जलवायु परिवर्तन के परिणाम स्वरूप भारत की जैव विविधता में असंतुलन की स्थिति उत्पन्न होने का खतरा बन गया है। हमारे आसपास चारों ओर पेड़-पौधों व जीवजन्तु सभी सम्मिलित रूप से जैव मंडल का निर्माण करते हैं जिससे प्रकृति में सामंजस्य व संतुलन बना होता है। वैश्विक तापन के फलस्वरूप जलवायु परिवर्तन से हमारी जैव विविधता पर प्रतिकूल प्रभाव हो रहा है।

जलवायु परिवर्तन का प्रभाव – भारत जलवायु परिवर्तन संकट का सामना कर रहा है। पिछले दो दशकों में जलवायु आपदाओं से 79.5 प्रतिशत डालर के आर्थिक नुकसान तथा अनियमित मानसून के कारण देश में चार मौसम घटनाएँ, कृषि व्यवधान जैसी चुनौतियों का संकट आ गया है। जलवायु परिवर्तन से भारत के समुद्री तटवर्ती राज्य खतरे की स्थिति में आ गए हैं। मुम्बई, चेन्नई, कोच्चि जैसे तटीय नगरो की भविष्य में जलमग्न होने की

संभावना है।

बढ़ता तापमान और CO2 के कारण सागरीय जल का अम्लीकरण होता है जिससे प्रवास भितियाँ नष्ट होती जा रही हैं व समुद्री खाद्य श्रृंखला प्रभावित हो रही है। अंडमान-निकोबार और लक्षद्वीप विषेष शैवाल पनपने से मछलियाँ जहरीली हो रही हैं जो मानव स्वास्थ्य के लिये खतरा है। जलवायु परिवर्तन से सूखा, बाढ़, तूफान, चक्रावत मौसमी घटनाएँ दृष्टिगत हो रही है जो भारत की जैव विविधता को प्रभावित कर रहे हैं। गुजरात, राजस्थान, तमिलनाडु जैसे राज्य भीषण गर्मी से प्रभावित हैं। उत्तराखण्ड में आई बाढ़, वायनाड में भू-स्खलन और हिन्द महासागर में चक्रवात का तीव्र होना जलवायु परिवर्तन का परिणाम व प्रभाव है।

जलवायु परिवर्तन के कारण भारत का जल संकट गंभीर हो रहा है। भू-जल का अत्यधिक दोहन जल संकट को बढ़ा रहा है। जलवायु परिवर्तन से मानवीय स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा है। सागरीय अम्लता बढ़ने से मछलियों में जहर बनता है और मानव द्वारा उसे खाने से मानव जीवन प्रभावित हो रहा है। बढ़ता तापमान मच्छरों जैसे रोगवाहकों के आवास का विस्तार करते हैं, जिससे तापमान डेंगू व श्वसन, त्वचा संबंधी रोग होते हैं। तापमान और आर्द्रता में बदलाव से मच्छरों और रोगवाहकों की संख्या बढ़ती जा रही है। मौसम के पेटर्न में बदलाव के कारण फसल की पैदावार चावल गेहूँ, दाल की पैदावार, अनियमित मौसम, सूखा, बाढ़ के कारण प्रभावित हो रही है जिससे खाद्य असुरक्षा बढ़ती जा रही है। पौधों-फसलों की बुवाई, कटाई का समय बदल रहा है। बढ़ते तापमान के कारण ग्लेशियर के पिघलने से जल की उपलब्धता कम हो रही है। हिमालय क्षेत्र जहाँ नदियों का उद्गम होना विशेष रूप से सिन्धु गंगा के मैदानों में जल की उपलब्धता प्रभावित हो रही है।

बढ़ते तापमान के कारण कई पशु-पक्षी ऊँचे स्थान एवं ठण्डे स्थानों की ओर पलायन करने को मजबूर हो रहे हैं जिससे उनके प्राकृतिक आवास बदल रहे हैं और कई प्रजातियाँ विलुप्त होने के कगार पर है। हिमालय बर्फ तेंदुआ, वन्य गेंडा के आवास प्रभावित हो रहे हैं।

जलवायु परिवर्तन के फलस्वरूप आवास को सिकडुने एवं भोजन की कमी के कारण वन्यजीवों का मानवीय बस्तियों के प्रवेश बढ़ रहा है, जिससे मानव वन्यजीवन संघर्ष बढ़ रहा है।

जलवायु परिवर्तन के कारण संकटग्रस्त प्रजातियाँ – अध्ययन के अनुसार भारत में 426 उभयचार प्रजातियों से लगभग 136 प्रजातियाँ संकटग्रस्त श्रेणी में है। लगभग 39 प्रतिशत प्रजातियों पर संकट का मुख्य कारण जलवायु परिवर्तन है। उत्तराखण्ड राज्य के कुछ वन क्षेत्रों में 70 से अधिक पौधों की प्रजातियाँ में संकट की आशंका है। भारत के पश्चिम घाट, दक्षिण भारत में केरल, तमिलनाडु, कर्नाटक में सर्वाधिक संकटग्रस्त स्थिति उत्पन्न होने की संभावना है।

जैव विविधता संरक्षण के उपाय – भारत में जैव विविधता संरक्षण के लिए कानून वन्यजीव संरक्षण अधिनियम 1972, जैव विविधता अधिनियम 2002 राष्ट्रीय नीतियाँ और संरक्षित क्षेत्र जैसे - राष्ट्रीय उद्यान, वन्यजीव अभ्यारण, बायोस्फियर रिजर्व बनाए गए हैं, जो इन-सीटू (स्वस्थान) एक्स सीटू (बाह्य-स्थान) दोनों प्रकार के संरक्षण पर ध्यान केन्द्रित करते हैं। जैव विविधता के विषय में जागरूकता फैलाने के लिए जैव विविधता दिवस 22 मई को मनाया जाता है।

आज भारत सहित सम्पूर्ण विश्व के लिये जैव विविधता संकट एक गंभीर समस्या बन गई है। वर्तमान समय में पादप एवं प्राणियों की जातियों के संरक्षण का काफी प्रयास किया जा रहा है। जैव विविधता में संरक्षण दो विधियों में किया जाता है -

1) प्राकृतिक आवासों में संरक्षण
2) प्राकृतिक आवासों से बाहर संरक्षण

1) प्राकृतिक आवासों में संरक्षण – वन और जीव जन्तु को उनके वास्य क्षेत्र में ही संरक्षित करना प्राकृतिक आवासों में संरक्षण कहलाता है। इस प्रकार के संरक्षण में जीव-जन्तु एवं पौधों की प्रजातियों को प्राकृतिक आवास में संरक्षित रखा जाता है। उदाहरण के लिये राष्ट्रीय उद्यान, वन्य जीव अभ्यारण्य, समुदाय, संरक्षण, जैवमंडल रिजर्व इत्यादि आते हैं।

तालिका क्रमांक-2: भारत के संरक्षित क्षेत्र

वर्ष	राष्ट्रीय उद्यान	वन्य जैव अभ्यारण्य	संरक्षण रिजर्व	सामुदायिक आरक्षण	जैव मंडल रिजर्व की संख्या
2017	103	504	-	76	18
2019	105	553	86	163	18
2023	106	573	115	220	-

स्त्रोत :-www.nationalwidelifedatabase **2019-20/2023**

उक्त तालिका क्रमांक-2 से स्पष्ट है कि वर्ष 2017 से वर्ष 2023 के मध्य में राष्ट्रीय उद्यान और वन्य जीवन अभ्यारण्य के तुलनात्मक अध्ययन से ज्ञात होता है कि भारत में जैव विविधता संरक्षण का निरंतर प्रयास किया जा रहा है जो पर्यावरण अनुकूल है।

प्राकृतिक आवासों से बाहर संरक्षण – इसके अन्तर्गत वानस्पतिक उद्यान, चिड़ियाघर संरक्षण स्थल, जीव, परागण, बीज, पौधा। उत्तक संवर्धन को सम्मिलित किया जाता है।

भारत में वन्य जीव संरक्षण अधिनियम :

1) पर्यावरण संरक्षण अधिनियम 1986
2) जैव विविधता अधिनियम 2002
3) वन्य जीवन संरक्षण अधिनियम 1972

भारत में वन्य जीवन संरक्षण योजनाएँ :

1) बाघ संरक्षण परियोजना
2) गंगा नदी डाल्फिन परियोजना
3) गिद्ध संरक्षण योजना
4) कछुआ संरक्षण परियोजना

इस प्रकार स्पष्ट है कि जलवायु परिवर्तन परिणाम स्वरूप जैव विविधता पर प्रभाव हो रहा है। वर्तमान में मानवीय हस्तक्षेप कारणों से जलवायु परिवर्तन हो रहा है जिसका नकारात्मक प्रभाव समस्त मानव-जीवजंतु/पौधों पर स्पष्ट दिखाई दे रहा है। जलवायु परिवर्तन के नकारात्मक प्रभावों को रोकने के लिए मानव को जागरूक होना अतिआवश्यक है। प्रत्येक व्यक्ति वृक्षारोपण जैसे विभिन्न उपायों द्वारा एवं अन्य व्यक्तियों को भी पर्यावरण संरक्षण हेतु प्रोत्साहित करें।

अत: जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभाव को कम करने के विभिन्न उपायों/प्रयासों द्वारा जैव विविधता संरक्षण करना आवश्यक है, तभी पर्यावरण-प्रकृति संरक्षित होगी। जब पर्यावरण का संरक्षण होगा तभी मानव-जैव जगत संरक्षित होगा।

संदर्भ ग्रंथ सूची :-

1. डॉ. माजिद हुसैन, 'पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी' जी.के. पब्लिकेशन्स, नई दिल्ली, वर्ष 2020

2. संजीव कुमार 'सामान्य अध्ययन' पारिस्थितिकी एवं पर्यावरण', आशोचक, पटना (बिहार), वर्ष 2019
3. डॉ. सविन्द्र सिंह, 'भौतिक भूगोल का स्वरूप' प्रयाग पुस्तक भवन, प्रयागराज (उ.प्र.), वर्ष 2020
4. डॉ. माजिद हुसैन, 'भारत एवं विश्व का भूगोल' एम.सी.ग्रा हिल्स, एजुकेशन (इंडिया) प्राइवेट लिमिटेड, तमिलनाडु।
5. दृष्टि पब्लिकेशन्स 'पर्यावरण एवं पारिस्थितिकी' (दशम संस्करण), नई दिल्ली।
6. testbook.com/hi/ias
7. www.nationalwildlifedatabase.2019/2023

****

Naveen Shodh Sansar (An International Refereed / Peer Review Multidisciplinary Research Journal)
RNI No.- MPHIN/2013/60638, ISSN 2320-8767, E- ISSN 2394-3793, Scientific Journal Impact Factor (SJIF)- 8.054,
October to December 2025, E-Journal, Vol. I, Issue LII (52), ISO 9001:2015 - E2024049304 (QMS)

Emerging Cybercrimes and Artificial Intelligence: Issues for the Indian Legal System

Dr. Anoop Kailasia*

***Asistant Professor, Govt. Law College, Gwalior (M.P.) INDIA**

Abstract: Numerous industries, including healthcare, banking, entertainment, defence, agriculture, education, and transportation, have been completely transformed by artificial intelligence. In the rapidly evolving digital world of today, artificial intelligence has revolutionized numerous industries and has a big impact on cybersecurity in this information technology age. However, this technological advancement also brings with it a number of new challenges, the most significant of which are related to cybersecurity. With more than 800 million internet users and government initiatives like Aadhaar and Digital India, India's digital environment is rapidly evolving. But along with this growth, there are also more bad actors. Not just India, but the entire world is undergoing a major digital transformation. This wave of change is where artificial intelligence's impact is most apparent, presenting both advantages and risks simultaneously. Therefore, it is more important than ever to develop, deploy, and use AI securely so that future generations can accept these advancements with confidence and without hesitation. The evolution of artificial intelligence, its use in cybersecurity, emerging issues, and possible solutions are all examined in this paper. It highlights the benefits of artificial intelligence as well as the problems with its use. The report also discusses legislative reactions, government initiatives, and the issues of AI in cybersecurity. Using case studies and primary and secondary source analysis,the current study emphasizes the significance of artificial intelligence and cyber security in India.

Introduction - In our digital age, the internet connects our phones, banking, businesses, schools, and even government organizations. Since most activities are now conducted online, security concerns have increased significantly, which has resulted in a rise in cybercrimes, data breaches, hacking, and the spread of false information. Artificial intelligence has become a fresh hope in such a predicament. Computers can now think and learn like humans thanks to this technology. AI is being utilized in cybersecurity to identify threats, stop assaults, and react rapidly to any dangers. Behavioural analytics and machine learning techniques are used by AI in cybersecurity to identify patterns and anomalies in massive datasets. This permits the detection of both known and new threats.By taking a proactive attitude, companies may react rapidly and efficiently, decreasing any threats before they have a chance to inflict major damage. The use of AI in cybersecurity has both benefits and drawbacks. On the one hand, AI can detect threats, automate reactions, analyse massive amounts of data to spot anomalies, and even predict future attacks. However, AI-powered tools can also be used by attackers to create malware automatically, create deepfakes for social engineering, and carry out complex attacks. Cyberattacks have significantly increased in India in recent years, surpassing the global average. This highlights the critical need for robust cybersecurity measures, and AI technology can be very useful in solving these challenges. However, the growing application of AI in cybersecurity raises significant ethical concerns, particularly with regard to privacy. This issue requires careful thought because increasing digitalization will have an impact on both the present and the future. In such a scenario, a lot of personal data—including information, images, videos, files, and documents—will be stored online, so it's crucial to address concerns about data breaches and unauthorized distribution.Legal teams can now automate or expedite tasks. Thanks to technological advancements, legal teams can now automate or expedite tasks that entry-level colleagues previously completed. For example, first-year legal associates at law firms sometimes create legal briefs for supervising attorneys and perform legal research. This process used to take a long time, but these days, machine learning-powered search engines and legal research tools can sort through enormous amounts of documents to discover the relevant information in a fraction of the time it would take a human. Furthermore, given a brief cue, AI-powered text generators can quickly create a preliminary draft of a legal brief.

Over the past 20 years, cybercrime has changed dramatically. In the past, hacking, illegal access to computer

systems, and data theft were the main types of cybercrime. Cybercriminals have started using artificial intelligence technology in recent years to carry out increasingly complex and extensive attacks. Automated phishing campaigns, deepfake manipulation, biometric identity theft, and algorithmic fraud are examples of AI-enabled crimes.

Literature Review

In recent years, researchers and academics have looked more closely at the connection between cybercrime and artificial intelligence. Numerous studies have drawn attention to the potential for artificial intelligence technology to be abused for illegal purposes as well as the challenges legal systems confront in regulating these technologies.

In his book Cyber Law in India, Pavan Duggal highlights how technical advancements frequently surpass legal requirements, leaving regulatory gaps that cybercriminals take advantage of. He contends that in order to handle new technical issues, current cyber laws need to be modified.

Similar to this, Aparna Viswanathan notes in Cyber Law: Indian and International Perspectives that artificial intelligence raises complicated questions about accountability and legal culpability. Determining culpability becomes a major difficulty for law enforcement when crimes are perpetrated via automated methods.

Hypothesis: The following hypothesis serves as the foundation for this study:

1. Emerging cybercrimes involving artificial intelligence technologies, like deepfakes, AI-generated identity theft, and automated digital fraud, cannot be adequately addressed by India's current cyber law framework, especially under the Information Technology Act, 2000, and pertinent provisions of the Indian Penal Code, 1860.
2. Stronger digital forensic capabilities, improved regulatory frameworks for online platforms and digital intermediaries, and specific legislative reforms are necessary for India to effectively regulate AI-based criminality.

Objective Of The Study: This research study's main goals are as follows:

1. To investigate artificial intelligence technology' conception, advancement, and effects on the digital ecosystem.
2. To discover and assess developing AI-based cybercrimes, including deepfake technologies, AI-driven identity theft, and automated online fraud.
3. To critically assess the existing legal framework in India governing cybercrime, particularly the provisions of the Information Technology Act, 2000, and other associated statutes.
4. To explore the issues posed by law enforcement authorities in detecting and investigating AI-based cybercrime.

Research Methodology: In this work, legal research is conducted using a doctrinal approach. Examining legal statutes, court decisions, and academic publications on artificial intelligence and cybercrimes forms the study's primary basis.

Among the primary sources consulted for the study are the following:

1. The Information Technology Act of 2000 contains legal provisions.
2. The relevant sections of the Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023.
3. Judicial decisions of Indian courts involving cybercrime and electronic evidence.
4. Secondary sources consist of:
5. Books about information technology and cyber law. Scholarly academic publications on cybersecurity and artificial intelligence.
6. Government reports on digital security regulations and trends in cybercrime.

The study intends to assess critically how well India's current legal system handles cybercrimes enabled by artificial intelligence.

Cybercrimes Based on Emerging AI: Numerous new types of cybercrime have been made possible by artificial intelligence, which presents serious difficulties for law enforcement. Automated phishing campaigns are one of the most prevalent uses of artificial intelligence in cybercrime. Some of the most well-known AI-driven cybercrimes include deepfake manipulation, biometric identity theft, AI-powered malware, and algorithmic financial fraud. Cybercriminals may create customized phishing emails that target thousands of victims at once by using AI algorithms. By examining the targeted person's online behaviour and communication patterns, these communications are frequently crafted to seem genuine.

Another new danger is malware driven by AI. In order to avoid detection, such malware systems are able to learn from cybersecurity software's protective features and alter their behaviour accordingly.

But of all the different types of AI-driven cybercrime, identity theft and deepfake manipulation pose the biggest risks because of the potential for financial, psychological, and reputational damage.

Deepfake Technology and Online Crime: The use of artificial intelligence, especially machine learning methods like Generative Adversarial Networks (GANs), to produce incredibly lifelike synthetic media is known as "deepfake technology." With the help of these technologies, people can alter photos, films, and audio files to make them seem real. Although it was first created for research and amusement, it is rapidly being abused for illegal reasons. Cybercriminals can create compromising movies, disseminate false information, or impersonate people using deepfake techniques. Non-consensual synthetic pornography, in which a person's face is superimposed on explicit content without that person's agreement, is one of the most concerning uses of deepfake technology. Such

actions may cause victims to suffer from serious psychological distress and reputational harm.Financial fraud is another possible use for deepfakes. Cybercriminals have successfully used AI-generated voice clones to pose as business executives and approve fraudulent financial transfers in a number of international incidents.

This threat has increased due to deepfake software becoming more widely available. Many AI tools capable of generating realistic deepfakes are now available through open-source platforms, making it easier for individuals with limited technical expertise to misuse these technologies.

From a legal perspective, the challenge lies in the fact that deepfake creation does not always involve unauthorised access to computer systems. Instead, the offence arises from the misuse of publicly available images or audio recordings. As a result, existing cyber laws often struggle to address such conduct directly.

Technology is changing the legal field: Legal teams can now automate or speed up their work. Technology has made it possible for legal teams to automate or speed up operations. Legal teams can now automate or expedite operations that entry-level colleagues previously handled, thanks to technological advancements. by entry-level colleagues. This work was previously completed by entry-level colleagues due to related technological developments. For instance, first-year legal associates at law firms occasionally conduct legal research and prepare legal briefs for supervisory attorneys. These days, machine learning-driven search engines and legal research tools can quickly find the pertinent information by sifting through massive volumes of documents. Additionally, AI-powered text generators can swiftly produce an initial draft of a legal brief given a brief trigger.

Regretfully, AI may also have detrimental effects on the legal industry. For example, AI's capacity to produce deepfake technology (pictures and videos of fictitious events) might disseminate damaging false information. Attorneys who practice intellectual property (IP) law are particularly concerned about these developments.

Additionally, there is a chance that private information will get into the wrong hands because generative AI—the creation of completely original creative works from straightforward prompts after AI is trained on enormous amounts of old material—relies significantly on big data sets. Indeed, class action lawsuits alleging privacy infringement related to generative AI technologies have already been filed.

Indian Laws Relevant to Cybercrimes Using Artificial Intelligence: The Information Technology Act of 2000 governs cybercrime in India. Although the statute does not specifically include AI, several of its clauses may implicitly cover cyber offenses aided by AI.

For example, the Information Technology Act of 2000's Section 66C makes identity theft—which includes the unauthorized use of passwords, electronic signatures, or distinctive identifiers—illegal. This clause might be applicable in situations where artificial intelligence (AI) systems are utilized to fabricate identities or pose as real people in virtual settings. In a similar vein, the Information Technology Act of 2000's Section 66D forbids utilizing computer resources to cheatThis provision may be relevant when voice cloning or AI-generated identities are used to deceive individuals or organizations for financial or fraudulent purposes.

Another relevant provision is Section 66E of the Information Technology Act, 2000, which deals with privacy violations caused by the unlawful capture, publishing, or transfer of images of an individual's private area without that individual's consent. Such regulations may be relevant in cases of manipulated photos produced by artificial intelligence (AI) or invasions of privacy through synthetic media. In cases involving deepfake pornography or modified explicit content, authorities may apply Section 67 of the Information Technology Act, 2000, which prohibits the publication or transmission of pornographic content in electronic form. This rule may be applied when deepfake movies are used for sexual exploitation or internet abuse. Apart from the Information Technology Act, various sections of the Indian Penal Code, 1860, and Bhartiya Nyaya Sanhita, 2023, may also apply to AI-driven cybercrimes. For example, offenses like defamation, criminal intimidation, cheating, and impersonation may be employed, depending on the particulars of the case.

The offenses of stalking under Section 354D of the Indian Penal Code, Section 78 (Stalking) of BNS19, 2023, and Section 356 (Defamation) of BNS may also be pertinent in cases involving online harassment or persistent monitoring through digital platforms, especially when AI-generated content is used to harass or threaten people.

From an evidentiary standpoint, the Bharatiya Sakshya Adhiniyam, 2023, governs the validity and authenticity of digital evidence in cybercrime trials. Sections 61, 62, 63, and 66 of the BSA, 2023, provide procedural safeguards for the authentication of electronic records, which the Act acknowledges as admissible evidence.

For instance, the BharatiyaSakshyaAdhiniyam, 2023's Section 61 acknowledges digital and electronic documents as documentary evidence, and Section 63 lays forth requirements for their inclusion. In situations involving deepfake films, artificial intelligence-generated audio recordings, and other types of digital evidence, these clauses become more important.

Despite these clauses, academics contend that the Indian legal system does not specifically address the abuse of artificial intelligence. Concerns about how well the current cyber laws handle new technology threats have been raised by this legislative gap.

Indian Judiciary: India's socioeconomic structure is rapidly becoming digital, which has raised worries regarding cybersecurity and privacy rights protection. The Supreme

